हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 18.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 143 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## रामगढ़ में हाथियों ने चार लोगों को कुचल कर मार डाला, सात घायल, तोड़े कई घर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले में हााथियों का तांडव लगातार जारी है। पिछले 24 घंटों में हाथियों के झुंड ने चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। हाथियों के तांडव से पूरे इलाके में भय का माहौल है। हाथियों के डर से लोग अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में हाथियों ने सीसीएल सुरक्षा गार्ड अमित कुमार, आरा कांटा 4 नंबर निवासी पार्वती देवी, सावित्री देवी और एक बाइक सवार को कुचल कर मार डाला।

घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बुधवार को वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दिया। इन हादसों की पुष्टि करते हुए डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए फिलहाल 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है। शीघ्र ही आपदा प्रबंधन से 4 लाख रुपये का मुआवजा मृतकों के आश्रितों को दी जाएगी। इसके लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों को समझा कर जाम को हटाया गया है।



### कच्चे मकानों को तोड़ सात लोगों को किया घायल

मंगलवार की रात हाथियों का झुंड आरा कांटा कोलियरी के रिहायशी इलाके में घुस गया। इसके बाद मुहल्ले में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। लोग घरों से निकल कर भागने लगे। इस दौरान आर कांटा चार नंबर मुहल्ले में एक बुजुर्ग महिला पार्वती देवी को हाथियों ने रौंद दिया। साथ ही सड़क के किनारे छुप कर बैठी सावित्री देवी को कुचल कर मार डाला। इसके बाद बाइक से जा रहे एक युवक को भी कुचल डाला। इस दौरान कई कच्चे मकानों को हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हमले में आरती देवी, पप्पू साहू सहित कुल सात ग्रामीण घायल हुए हैं।

### नया अनाज और दारू की खुशबू से आ रहे हाथी

डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि जंगल में फिलहाल 50 से अधिक हाथी मौजूद हैं। झुंड से अलग होकर हाथी तितर बितर हो चुके हैं। उन लोगों को घरों से नया आनज और महुआ दारू की खुशबू मिल रही है। इसे खाने के लिए वे रिहायशी इलाके में प्रवेश कर रहे हैं। डीएफओ ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे घरों में देसी शराब स्टोर कर नहीं रखें। घरों से जब भी निकले झुंड में ही निकलें। घर में भी अंदर के कमरों में सोए। रात के समय हमेशा अलर्ट रहें। हाथियों को रिहायशी इलाकों से दूर रहने के लिए वन विभाग की पांच टीम क्षेत्र में मौजूद है। इसके बावजूद उन्होंने सतर्कता बरतने को कहा है। सड़क जाम की सूचना पर करीब चार घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। रेंजर बटेश्वर पासवान ने बताया कि हाथियों के पास जाने और फोटो खींचने के कारण लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना में कुल चार लोगों की मौत हुई है और पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि सतर्क रहें, क्योंकि हाथियों का झुंड अभी भी कई ग्रामीण इलाकों में विचरण कर रहा है।

### प्रशासन की लापरवाही पर फूटा गुस्सा

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वन विभाग और जिला प्रशासन हाथियों के झुंड को रिहायशी इलाकों में आने से रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण ही जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे उन्हें जान-माल के नुकसान का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि वन विभाग हाथियों को जंगल तक सीमित रखने के लिए स्थायी उपाय करे और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 दिसंबर से तीन दिवसीय दौरे पर आएंगी झारखंड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 दिसंबर से तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगी। वह 28 दिसंबर को रांची पहुंचेंगी और आगमन के बाद रांची स्थित लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। राष्ट्रपति 29 दिसंबर को जमशेदपुर जाएंगी, जहां वह एनआईटी जमशेदपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके साथ ही वह ओलचिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगी। इस कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति और भाषा की समृद्ध परंपरा को रेखांकित किया जाएगा। जमशेदपुर से वापसी के बाद राष्ट्रपति रांची लौटकर लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। राष्ट्रपति 30 दिसंबर को गुमला जिले के रायडीह में आयोजित जनसांस्कृतिक समागम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

### राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 29 दिसम्बर को प्रस्तावित जमशेदपुर आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इस महत्वपूर्ण अवसर की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने करनडीह स्थित जाहेर स्थल, एयरपोर्ट परिसर तथा प्रस्तावित रूट लाइन का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बुधवार को निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, सिटी एसपी, अपर उपायुक्त, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त जेएनएसी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सहित विद्युत, अग्निशमन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी तैयारियों समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं समन्वित रूप से पूरी की जाएं तथा सुरक्षा, सम्मान और गरिमा में किसी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बैरिकेडिंग, रूट लाइन क्लियरेंस, यातायात नियंत्रण, पार्किंग प्रबंधन एवं पुलिस बल की तैनाती को पूरी तरह प्रोटोकॉल के अनुरूप सुनिश्चित करने को कहा। एयरपोर्ट परिसर में राष्ट्रपति सचिवालय एवं सुरक्षा एजेंसियों के निर्देशों के अनुसार आगमन और प्रस्थान से जुड़ी सभी औपचारिकताओं को पूरा करने पर जोर दिया गया।

## एक नजर

### बांग्लादेशी नौसेना के हमले में लापता पांच मछुआरों में से दो के शव बरामद

**कोलकाता :** बांग्लादेशी नौसेना के हमले में लापता हुए पांच मछुआरों में से दो के शव बरामद कर लिए गए हैं। बंगाल की खाड़ी में डूबे ट्रॉलर का पता मंगलवार को लगा था, जिसे अन्य ट्रॉलरों की मदद से किनारे की ओर लाया जा रहा था। इसी ट्रॉलर से दोनों शव बरामद हुए हैं। मृतकों की पहचान संजीव दास और रंजन दास के रूप में हुई है। संजीव दास काकद्वीप के पश्चिम गंगाधरपुर के निवासी थे, जबकि रंजन दास पूर्व बर्धमान जिले के दुराजपुर के रहने वाले थे। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं, अन्य तीन मछुआरों की तलाश अभी भी जारी है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बुधवार तड़के डूबे हुए ट्रॉलर को काकद्वीप के मैनापाड़ा डॉक पर लाया गया। ट्रॉलर से पानी निकालने के बाद इंजन रूम के अंदर से दोनों शव बरामद किए गए। इसकी सूचना काकद्वीप थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उल्लेखनीय है कि भारतीय जल सीमा में घुसकर बांग्लादेशी नौसेना के एक जहाज ने काकद्वीप के मछुआरों के ट्रॉलर को टक्कर मार दी थी।

### कबड्डी खिलाड़ी की हत्या में शामिल गैंगस्टर हरपिंदर सिंह मुठभेड़ में ढेर

**मोहाली :** मोहाली के लालडू में पुलिस और कबड्डी खिलाड़ी की हत्या में शामिल गैंगस्टर हरपिंदर सिंह उर्फ मिद्दू की एनकाउंटर में मौत हो गई। मोहाली के एसएसपी ने उसकी मौत की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक ये गैंगस्टर कबड्डी खिलाड़ी कंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की हत्या की साजिश में शामिल था। हालांकि ये शूटर्स में नहीं था। घायल गैंगस्टर हरपिंदर सिंह उर्फ मिद्दू तरन तारन का रहने वाला था। इसका पीछा करते वक्त दो पुलिस के जवान भी घायल हुए हैं। पुलिस 15 दिसंबर को दिग्विजय सिंह राणा की हत्या हुई थी। अब तक दो आरोपी मोहाली कबड्डी खिलाड़ी की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार हुए हैं। मोहाली के एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि इनमें से एक एशदीप सिंह है, जिसे दिल्ली एयरपोर्ट से कल गिरफ्तार किया गया।

## गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम पर पत्थर कारोबारी से मांगी गई दो करोड़ की रंगदारी





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** जिले में एक बार फिर रंगदारी और गैंगस्टर के नाम पर दहशत का साया गहरा गया है। हंटरगंज निवासी लोजपा रामविलास के नेता सह पूर्व मुखिया एवं व्यवसायी प्रेमचंद उर्फ प्रेम सिंह से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है।

रंगदारी की राशि गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम ने मांगी गई है। सूत्रों का दावा है कि प्रिंस खान दुबई में है और वहीं से आतंक का साम्राज्य चला रहा है। लोजपा नेता को 11 दिसंबर को यह धमकी मिली है। अज्ञात अंतरराष्ट्रीय वाट्सएप नंबर से भेजे गए आडियो क्लिप और काल में साफ कहा गया कि पैसे नहीं दिए तो खोपड़ी खोल दी जाएगी और हत्या की जिम्मेदारी खुद ली जाएगी। पीड़ित के अनुसार धमकी देने वाला ने खुद को दुबई से बोलने वाला गैंगस्टर प्रिंस खान बताया।

एक मिनट से अधिक के आडियो में न सिर्फ रंगदारी की मांग की गई, बल्कि थाना, एसपी, डीआईजी और डीजीपी तक को खुली चुनौती दी गई है। संदेश में यह भी कहा गया है कि केस दर्ज कराने की जरूरत नहीं, क्योंकि हत्या के बाद सब अपने आप हो जाएगा। धमकी से सहमे प्रेम सिंह ने हंटरगंज थाना में उसी दिन प्राथमिकी दर्ज कराई। बावजूद इसके घटना के एक सप्ताह बाद भी किसी ठोस कार्रवाई का न होना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। इस मामले ने जिले के व्यापारियों को भी चिंता में डाल दिया है।

उनका कहना है कि चर्चित मामला भी ठंडे बस्ते में पड़ा है। आम व्यापारियों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है। इधर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

## इथोपिया का नेशनल पैलेस म्यूजियम समृद्ध परंपरा का मजबूत स्तंभ : प्रधानमंत्री मोदी

### प्रधानमंत्री को द ग्रेट ऑनर 'निशान ऑफ इथियोपिया' का सर्वोच्च सम्मान

एजेंसी

**इथियोपिया :** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इथोपिया के नेशनल पैलेस म्यूजियम का भ्रमण करने के बाद एक्स पर टिप्पणी की, अदीस अबाबा में नेशनल पैलेस म्यूजियम में मुझे इथियोपिया के इतिहास और संस्कृति की झलक दिखाने के लिए प्रधानमंत्री अबी अहमद अली का धन्यवाद। यह इथियोपिया की समृद्ध परंपराओं की एक मजबूत याद दिलाता है।

प्रधानमंत्री मोदी अन्य एक्स पोस्ट में कहा, भविष्य उन्हीं साझेदारियों का होता है जो विजन और भरोसे पर आधारित हों। हम इथियोपिया के साथ मिलकर ऐसे सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो बदलती वैश्विक चुनौतियों का समाधान भी करे और नई संभावनाओं का निर्माण भी करे...। उन्होंने कहा, आज जब पूरे विश्व की नजर ग्लोबल साउथ पर है, ऐसे में इथियोपिया की स्वाभिमान, स्वतंत्रता और आत्मगौरव की चिरकालीन परंपरा हम सभी के लिए सशक्त प्रेरणा है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मुझे द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया के रूप में इस देश का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया है। विश्व की अति प्राचीन और समृद्ध सभ्यता द्वारा सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत गौरव की बात है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली के साथ द्विपक्षीय वार्ता की तथा इस दौरान भारत और इथियोपिया ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति जताई।

मोदी तीन देशों की चार दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को इथियोपिया पहुंचे। इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली ने अदीस अबाबा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत किया। वह मोदी को अपनी गाड़ी में बैठाकर होटल तक भी ले गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हालांकि यह उनकी पहली यात्रा है, फिर भी उन्हें अपनेपन और आत्मीयता का गहरा अहसास हुआ, जो दोनों देशों के बीच हजारों वर्षों के संबंधों को दशार्ता है। उन्होंने कहा, ये संबंध हमारे लोगों के बीच गहरी मित्रता, सहयोग और आपसी सम्मान को आकार देते रहते हैं।

PR- 368803 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26



# हजारीबाग पुलिस को मिली बड़ी सफलता, लूट की योजना बनाते पांडे गिरोह के सात अपराधी गिरफ्तार

▶ अवैध हथियार, जिंदा गोलियां व सात मोबाइल बरामद, कई इलाकों में रंगदारी की योजना थी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** चरही थाना क्षेत्र से लूट डकैती की योजना बनाते पांडे गिरोह के सात अपराधियों को चरही थाना पुलिस के सहयोग से हजारीबाग पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई 17 दिसंबर 2025 की रात करीब 12:10 बजे की बताई जा रही है। हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि चरहीझबादम सड़क के पास ग्राम इंद्रा के जंगल में कुछ अपराधी हथियारों के साथ बड़ी डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ वैद्यनाथ प्रसाद के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने चरही थाना क्षेत्र के इंद्रा जंगल में छापेमारी की गई। जहां पुलिस को देखकर अपराधी भागने लगे, लेकिन जवानों ने तत्परता दिखाते हुए सभी को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आलोक राज और लक्ष्मण पासवान के पास से एक-एक देशी हथियार लोडेड पिस्तौल बरामद किया गया, जबकि अन्य आरोपियों के पास से मोबाइल फोन मिले। पूछताछ में सभी ने स्वीकार किया कि वे पाण्डेय गिरोह के लिए काम करते हैं और गिरोह के सक्रिय सदस्य ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश साव के निर्देश पर बड़कागांव, केरेडारी, पगार, गिद्दी



और पतरातु क्षेत्रों में रंगदारी वसूली के लिए धमकी देते थे। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार सभी अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास रहा है और वे पूर्व में कई संगीन मामलों में जेल जा चुके हैं। छापेमारी के दौरान एक देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल, कुल चार जिंदा गोलियां और सात एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम व पते- 1. आलोक राज 20 वर्ष, पिता- गुरुदयाल ठाकुर, सा०-बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला,वर्तमान - जयनगर कॉलोनी, जिला रामगढ़ 2. सूरज सिंह, 24 वर्ष, पिता -स्व. महेंद्र सिंह, सा०-वासरी कॉलोनी, गिद्दी सी, 3. लक्ष्मण पासवान उर्फ राधे,29 वर्ष, पिता - अरुण पासवान, ग्राम- सुलमी, हजारीबाग 4. सौरभ कुमार उर्फ आकाश पाण्डे 25 वर्ष, पिता- संजय पाण्डेय, सा०-डेमोटांड, हजारीबाग 5. राहुल कुमार उर्फ मोनू 27 वर्ष, पिता- स्व. राजू राय मंडल, सुंदरपुर, हजारीबाग 6. विजय कुमार, 26 वर्ष, पिता- नारायण प्रजापति, सा०- पतरा खुर्द, केरेडारी 7. पप्पु पाण्डे उर्फ बब्लु पाण्डे उर्फ रितेश पाण्डे, 30 वर्ष, पिता- स्व. सरोज पाण्डे, सा०-रामनगर चौक, हजारीबाग। इस कार्रवाई में हजारीबाग पुलिस के वरीय अधिकारियों समेत विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारी एवं तकनीकी शाखा की अहम भूमिका रही। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है। इस सफलता को जिले में संगठित अपराध पर बड़ी चोट के रूप में देखा जा रहा है।

## एक नजर

### गॉड ग्रेस पब्लिक स्कूल चेपाखुर्द में ताला तोड़कर चोरी

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के चेपाखुर्द में संचालित गॉड ग्रेस पब्लिक स्कूल में देर रात अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई।घटना की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक लखन महतो ने बताया की 16 दिसंबर को रात में चोरों के द्वारा ऑफिस का सिटकिनी व ताला तोड़कर ताला सहित आफिस में रखे दिवाल घड़ी, घंटी, हथौड़ी, रजिस्टर, फाईल, बच्चों के नाश्ता के लिए रखा हुआ सामान चोरों ने उड़ा लिया है, इस तरह की चोरी इस विद्यालय में दूसरी बार हुई है। मामले को लेकर डाड़ीकला ओपी में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### भाजापा द्वारा मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना राजनीति से प्रेरित : जय प्रकाश

हजारीबाग : जिला कांग्रेस के तत्वावधान में भाजपा द्वारा महत्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी ( मनरेगा ) से महात्मा गांधी के नाम हटाए जाने के विरोध में पुराना समाहरणालय स्थित धरना स्थल पर विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मनरेगा से महत्मा गांधी का नाम मिटाना सोचा-समझा राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाने का सचेत निर्णय वैचारिक है । गांधी जी की श्रम की गरिमा, समाजिक न्याय और सबसे गरीबों के प्रति राज्य की नैतिक जिम्मेदारी के प्रतीक है। यह नाम परिवर्तन गांधी जी के मुल्यों के प्रति भाजापा-आरएसएस की दीर्घकालिक असहजता और अविश्वास को दर्शाता है तथा एक जन केन्द्रित कल्याणकारी कानून से राष्ट्रपिता के जुड़ाव को मिटाने का प्रयास है। प्रस्तावित नया विधेयक उस कानूनी काम के अधिकार को समाप्त कर देता है जो, मनरेगा ने प्रदान किया था। यह मांग आधारित, वैधानिक अधिकार की जगह एक केन्द्र नियंत्रित योजना लाता है, जिसमे न तो रोजगार की कोई कानून लागू की जा सकने वाली गारंटी है न सार्वभौमिक कबरेज और न ही यह आश्वासन कि आवश्यकता के समय लोंगो को काम मिलेगा। वस्तुतः काम के अधिकार को ही समाप्त किया जा रहा है। मनरेगा के तहत मजदुरी के वित्तपोषण की प्राथमिक जिम्मेवारी केन्द्र सरकार की थी, जिससे यह एक वास्तविक राष्ट्रीय रोजगार गारंटी बनाती थी । नया विधेयक इस जिम्मेदारी से पिछे हटना चाहती है, बोझ राज्यों पर डालता है, आवंटनों पर सीमा लगता है और मांग आधारित कार्यक्रम की बुनियाद को कमजोर करता है।

### निर्माणाधीन टंकी बनी मौत का कुआं, किसान की असामयिक मौत

**चौपारण :** प्रखंड पंचायत अंतर्गत बिगहा गांव में बुधवार को उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब गांव में निर्माणाधीन पानी टंकी से एक किसान का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान अरविंद सिंह रानीक के रूप में हुई है। वे दिंगबर सिंह के पुत्र थे, जो पेशे से शिक्षक रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पूरे रानीक गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में मातम पसर गया। ग्रामीणों के अनुसार, अरविंद सिंह एक सरल, सीधे सादे और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। वे खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आशंका जताई जा रही है कि वे मंगलवार देर रात शौच के लिए घर से बाहर निकले होंगे। इसी दौरान संभवतः पानी देखने या छूने के लिए निर्माणाधीन टंकी के पास गए होंगे, जहां संतुलन बिगड़ने से टंकी में गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही चौपारण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया।

## दशकर्मा कार्यक्रम में सहायक अध्यापक हुए शामिल, किया आर्थिक सहयोग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत के ग्राम हरली बेला बेलतौल शंकर कुमार पांडे की धर्मपत्नी स्वर्गीय मनु देवी का गंभीर बिमारी के कारण स्वर्गवास हो गया। जिनका अग्नि संस्कार 8 दिसंबर को किया गया। जिनके श्राद्ध कार्यक्रम 17 दिसंबर को ग्राम बेला बेलतौल में किया गया। जिसमें सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) संघ के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम सहित कई सहायक अध्यापक शामिल हुए। और सभी के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही साथ शमशेर आलम व पुनीत कुमार के अगुवाई में सहायक अध्यापक संघ बड़कागांव की ओर से आर्थिक सहयोग किया गया। वही प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि हर संभव आगे भी सहयोग करने का अथक प्रयास किया जाएगा। श्राद्ध कार्यक्रम दशकर्मा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम, बालेश्वर कुमार साहू, मोतीलाल गिरी मजाज अल्वी, रेणु कुमारी, धनेश्वरकरमाली, मनोहर मनोहर कुमार महतो कुमार, महेंद्र महतो, दयानंद प्रसाद, शिवनंदन कुमार मेहता, नरेश कुमार यादव, पुनीत कुमार, घनश्याम कुमार सहित दर्जनों सहायक अध्यापक शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

## कबाड़ी के नाम पर फल-फूल रहा अवैध गोरखधंधा, कानून बना तमाशबीन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के शहरी क्षेत्र एवं बरही के कई क्षेत्रों में कबाड़ी दुकान के आड पर अवैध गोरख धंधा फल फूल रहा है। कबाड़ी दुकानों की मनमानी अब खुलेआम देखी जा रही है। छोटी दुकानों के नाम पर चल रहा यह कारोबार धीरे-धीरे बड़े गोदामों में तब्दील हो चुका है। सूत्रों के मुताबिक, कई कबाड़ी दुकानदार अपने-अपने थाना क्षेत्र को मैनेज कर कारोबार चला रहे हैं। जरूरत की हर चीज उपलब्ध कराने के एवज में कार्रवाई से बचाव किया जाता है । यही कारण बताया जा रहा है कि इन दुकानों पर न तो कोई ठोस रोकथाम दिखती है और न ही कानून का खौफ। न ही कभी गहन जांच की गई। शहर के विभिन्न इलाकों में दर्जनों बड़ी कबाड़ी दुकानें सक्रिय बताई जाती हैं। यदि गहनता से जांच की जाय तो हालात यह हैं कि यहां वाहनों के लगभग हर मॉडल के पार्ट्स, नए टायर-ट्यूब तक मिल जाएंगे। आखिर यह सामान कहां से आता है। सड़कों पर खुलेआम कबाड़ का डब्बा-ढक्कन फेंका जाना आम बात हो गई है, जिससे आम लोगों में यह भ्रम पैदा होता है कि ये दुकानें लाइसेंसी हैं और सरकारी संरक्षण में चल रही हैं। सूत्रों का दावा है कि यह कारोबार साधारण नहीं है। थाना स्तर के अलावा कई खाकीधारियों को भी कथित रूप से ह्मैनेजह्व किया जाता है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानों का फ्रंट छोटा दिखता है, लेकिन इनके पीछे बड़े-बड़े गोदाम हैं। कुछ दुकानदार टैक्स देने की बात भी करते हैं, जिससे वैधता का आभास दिया जाता है। इसी आड़ सब फल फूल रहा है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि शहर में चोरी होने वाले कई वाहन इन्हीं कबाड़ी दुकानों तक पहुंच जाते हैं। हालांकि, सूत्र यह भी बताते हैं कि कुछ दुकानों के पास लाइसेंस मौजूद हैं, लेकिन लाइसेंसधारी दुकानों की आड़ में कई अवैध कबाड़ी दुकानें भी चल रही हैं, जहां गोरखधंधा फल-फूल रहा है। अब देखना है कि पुलिस कब इसकी गहनता से जांच करती है।

## प्रत्येक पंचायत में स्वच्छ भारत, बेटी बचाव बेटी पड़ाव अभियान होगा शुरू : बीडीओ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता अभियान, बेटी बचावझबेटी पढ़ाव तथा घर-घर शौचालय निर्माण को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस संबंध में सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं जल सहिया को आवश्यक निर्देश जारी किया गया है इस सम्बंध में बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि सरकार के निर्देश पर पंचायत के प्रत्येक मकान में मकान मालिक के स्वेच्छा से एल्यूमीनियम का नंबर प्लेट लगाया जाएगा जिसकी कीमत मात्र पचास रूपए है जो मकान मालिक द्वारा देय होगा। उन्होंने बताया कि इन प्लेटों पर स्वच्छ अभियान, बेटी बचावझबेटी पढ़ाव, स्वच्छ है जहाँ जिंदगी है, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत, घर-घर शौचालय बनवाएं, बहु-बेटी घर से बाहर न जाएं जैसे जन-जागरूकता संदेश अंकित रहेंगे।नंबर प्लेट लगने से प्रत्येक मकान का स्थायी गृह संख्या निर्धारित हो जाएगा, जिससे मतदाता सूची निर्माण, वार्ड शुद्धिकरण, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, पारिवारिक सूची, बीपीएल सूची, आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने सहित विभिन्न प्रशासनिक जांच कार्यों में सुविधा होगी। निर्देश के आलोक में जनगणना में सम्मिलित सभी ग्रामों के प्रत्येक मकानों में नंबर प्लेट लगाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्य में वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, चौकीदार जन वितरण प्रणाली,तथा रांची के स्वंयसेवी संस्था भारतीय जन कल्याण फाउंडेशन के अरूण कुमार वर्णवाल सहित अन्य संबंधित कर्मियों का सहयोग लिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इसके प्रचार प्रसार के लिए सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, प्रमुख, उपप्रमुख को पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई है। प्रशासन का मानना है कि इस पहल से न सिर्फ सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी, बल्कि स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता को भी बल मिलेगा।

## बच्चों के झगड़े में हैवानियत, चाचा ने मासूम को बेरहमी से पीटा, अस्पताल में भर्ती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही गया रोड के हरिनगर में क्रिकेट खेलने के दौरान दो बच्चों के बीच छोटी सी विवाद में एक बच्चे के चाचा ने दूसरे बच्चे को जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसकी स्थिति बिगड़ गई। तत्काल उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसका इलाज जारी है। बच्चे के साथ बेरहमी से मारपीट करने का वीडियो वायरल हो गया है। जिसका सोशल मीडिया में लोग आरोपी आलोक गुप्ता को काफी खरी खोटी सुना रहे हैं। इस बाबत पीड़ित बच्चे की मां संजू देवी पति अनिल प्रजापति ने बरही थाना में आवेदन देकर उसके पुत्र के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। संजू देवी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर पुलिस को बताया कि मंगलवार की शाम 5 बजे उसका पुत्र मयंक कुमार उम्र 11 वर्ष घर के बगल में खाली जमीन पर क्रिकेट खेल रहा था। इसी बीच आलोक गुप्ता पिता स्व बीरेंद्र साव उसके पुत्र मयंक कुमार के साथ बेरहमी से मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान उसके पुत्र के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह दौड़ी हुई आयी और अपने पुत्र की जान बचायी। उसके बाद वह वहां से भाग गए। संजू देवी ने थानाप्रभारी से मामले की जांच करने और बच्चे के साथ बेरहमी से मारपीट करने वाले आलोक गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## धान खरीद में पारदर्शिता की पहल, पाण्डेयबारा, दादपूर व दैहर में तीन धान क्रय केंद्रों का हुआ शुभारंभ

**विधायक मनोज कुमार यादव ने किया उद्घाटन, 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगी खरीद**

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखण्ड क्षेत्र के पाण्डेयबारा, दादपूर एवं दैहर पंचायतों में बुधवार को एक साथ तीन धान क्रय केंद्रों का विधिवत शुभारंभ किया गया। विधायक मनोज कुमार यादव ने तीनों केंद्रों का दौरा कर फीता काटकर उद्घाटन किया और इन्हें किसानों को समर्पित किया। उद्घाटन अवसर पर पैक्स अध्यक्षों, समिति सदस्यों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने विधायक का स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को उनकी उपज का पूरा और न्यायसंगत मूल्य मिले, इसके





लिए धान की खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं नियमबद्ध रखी गई है। उन्होंने बताया कि धान खरीद सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी तथा पूरी प्रक्रिया लाग-इन सिस्टम के माध्यम से जिला स्तर के अधिकारियों की देखरेख में संचालित की जाएगी। खरीदा गया धान केंद्र के गोदाम में ही सुरक्षित रहेगा, जबकि परिवहन में उपयोग होने वाले वाहनों में जैमर सिस्टम लगाया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या हेराफेरी की संभावना न रहे। विधायक ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद की जाएगी तथा किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। धान खरीद की प्रक्रिया 31 मार्च तक जारी रहेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बिचौलियों को औने-पौने दाम पर धान न बेचें, बल्कि सीधे सरकारी क्रय केंद्रों में धान देकर अपनी मेहनत का पूरा लाभ लें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर किसान बीसीओ अथवा संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में पाण्डेयबारा पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह, दैहर पैक्स अध्यक्ष आशीष सिंह एवं दादपूर पैक्स अध्यक्ष रंजीत सिंह ने विधायक का स्वागत किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी व रेवा शंकर साव, अरविंद सिन्हा, बलराम दांगी, विकास यादव, यावनपुर मुखिया जानकी यादव, कैलाश पांडेय, रामचंद्र सिंह, जन्मजय सिंह, पसस सहदेव यादव,पसस कैलास भुइयाँ,देव कुमार दांगी, सुरेश दांगी, सतेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं किसान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंबा प्रसाद और योगेंद्र साव ने सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी से की मुलाकात



**बड़कागांव :** नई दिल्ली इंदिरा भवन में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी से बड़कागांव के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने मुलाकात किया। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक ने झारखंड में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने संबंधी किया जा रहे कार्यों से अवगत कराया। अंबा प्रसाद ने आंध्र प्रदेश और बंगाल में मिले जिम्मेदारियां पर सोनिया गांधी को अवगत कराते हुए बताया कि आगामी चुनाव में पार्टी को बंगाल और आंध्र प्रदेश में काफी बड़ा जन आधार मिलेगा वह लगातार पार्टी के कार्यों का निर्वहन कर रही है तथा बंगाल और आंध्र प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्यरत है। सोनिया गांधी ने अंबा प्रसाद को पार्टी के कार्यों को सराहना करते हुए कांग्रेस के विचारधारा जन-जन तक पहुंचाने की बात कहीं। अंबा प्रसाद ने मनरेगा का नाम बदलने पर जताई कड़ी आपत्ति- अंबा प्रसाद ने इस दौरान सोनिया गांधी के समक्ष केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के नाम बदले जाने पर कड़ी आपत्ति जताई उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वर्तमान में सिर्फ नाम बदलने का कार्य कर रहे हैं नए विधेयक में कुछ नया नहीं है इनकी मनसा सिर्फ पूज्य बापूजी के नाम को खत्म करना है मनरेगा श्रमिकों और कर्मियों के लिए किसी प्रकार की राहत केंद्र सरकार के विधेयक में नहीं है। मुलाकात के दौरान सोनिया गांधी एवं प्रियंका गांधी ने योगेंद्र साव एवं अंबा प्रसाद को राज्य में जनहितकारी कार्य करते हुए पार्टी का जनाधार बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, उन्होंने युवा, महिला, दलित, आदिवासी और किसानों से जुड़ी समस्याओं पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिये गये है।

### रेल ठहराव व अंडरपास निर्माण को लेकर रेल मंत्री से मिले विधायक अमित यादव



**चलकुशा :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार और सुरक्षित आवागमन से जुड़े अहम मुद्दों को लेकर विधायक अमित कुमार यादव ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा बगोदर विधायक नागेंद्र महतो भी मौजूद थे। विधायक अमित कुमार यादव ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के पत्र के माध्यम से क्षेत्र की जनहित से जुड़ी कई प्रमुख मांगें रेल मंत्री के समक्ष रखीं। इनमें हीरोडीह फाटक से हीरोडीह स्टेशन होते हुए ईस्ट केबिन तक सड़क निर्माण, सरमाटांड स्टेशन पर सियालदाह (13151) ट्रेन का ठहराव, परसाबाद स्टेशन पर वंदे भारत/जनशताब्दी एक्सप्रेस व पुरुषोत्तम एक्सप्रेस (02801-02802) के ठहराव की मांग शामिल है। इसके अलावा यदुडीह हॉल्ट में तेलकुरी अंडरपास से पथ निर्माण हेतु एनओसी जारी करने तथा मसकेडीह, गोहाल पॉलिटेक्निक कॉलेज और रेभ्नाडीह में अंडरपास निर्माण की मांग भी रखी गई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का सकारात्मक आश्वासन दिया। विधायक ने विश्वास जताया कि मांगें पूरी होने से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर रेल सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

### सलगा पंचायत में धान क्रय केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड(हजारीबाग) जिला के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगा बीते दिन दिनांक 16/12/2025 को केरेडारी प्रखंड के ग्राम सलगा में धान क्रय केंद्र खोला गया। जिससे किसान को धान बेचने में दिक्कत ना हो और किसान को धान का MSP मूल्य 2450/ प्रति क्विंटल की दर से दिया जाएगा मौके पर उपस्थित विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि किसान भाई अपनी धान का कमाई का मूल्य लेने हेतु पैक्स में ही धान को बेचे बिचौलिए के पास न बेचे मौके पर विभाग के अधिकारी तमाम राजनीतिक दल के नेतागण एवं किसान जिसमे वर्तमान बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी सह पैक्स के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद साहू साव पंचायत के मुखिया पार्वती देवी, पंचायत उप मुखिया जागेश्वर कुमार, पंचायत समिति सदस्य मीना देवी केंद्रीय सचिव भोला महतो, वार्ड सदस्य संदीप कुमार, रूपेश कुमार साव,विजय साव कर्मचारी साव, बलराम साव, पंकज सहा रोशनलाल चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में आकर सलगा के पैक्स में फीता कार उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित, किशोर उपेंद्र कुमार, पवन कुमार महतो, राजू साव, कमलेश कुमार, सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का 33वां जत्था लाखे वार्ड-10 से धूमधाम से रवाना

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत तीर्थयात्रियों का 33 वां जत्था बुधवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड के लाखे वार्ड 10 से धूमधाम से रवाना हुआ। इस पुनीत कार्य से सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास को जबरदस्त समर्थन मिला और यहां आस्था का विशाल जन सैलाब उमड़ा। लोगों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ तीर्थ यात्रियों के रवानगी के अवसर पर उनके साथ कदमताल करते हुए भक्तिभाव से नगर में पदयात्रा निकाला और स्थानीय देवी मंडप में आशीर्वाद लेकर तीर्थ यात्रियों के कुशलता की कामना के साथ उन्हें चार धाम यात्रा के लिए रवाना किया। इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में भी जबरदस्त उत्साह देखा गया। लाखे के वार्ड 10 से शुरू हुई इस पावन यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, विशिष्ट अतिथि कारण जायसवाल,जिला सांसद प्रतिनिधि अजय शाहू,सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा,मांडू के सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह,नगर पूर्वी के सांसद प्रतिनिधि दीपू यादव,नगर पश्चिमी सांसद प्रतिनिधि लब्बू गुप्ता, जिला सह सांसद प्रतिनिधि रेणुका साहू,विशेषांक वर्मा, जुगनू सिंह, रोहित राम,सहित भाजपा के कई स्थानीय गणमान्य नेताओं यात्रियों को पुष्प वर्षा करके रवाना किया। इस अवसर पर , सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी,विक्रमदिल,आदर्श यादव, आदर्श कुमार, सुभाष कुमार,अमन कुमार, धर्मेंद्र कुमार,लेखराज यादव, संतोष गुप्ता,सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर तीर्थयात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें चार धाम वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज और अयोध्या दर्शन के लिए विदा किया ।

एक नजर

### झारखंड में सवर्ण आयोग की जरूरत : पंकज मिश्र



रांची : जयप्रकाश जनता के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने झारखण्ड के सीएम हेमंत सोरेन से राज्य सवर्ण आयोग का गठन करने की मांग की है। समाज में सभी को बराबरी का हकदार बनाने की मंशा से बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने सवर्ण आयोग का गठन किया। ठीक उसी तर्ज पर झारखंड सरकार को भी सवर्ण आयोग का गठन यथाशीघ्र करनी चाहिए। जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव ने एनडीए और महागठबंधन के नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि झारखंड बने 25 वर्षों के बाद भी किसी भी गठबन्धन की तरफ से सवर्णों के हित में कोई आवाज नहीं उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि गठबन्धन में शामिल सभी राजनीतिक दलों की सरकारें झारखण्ड में शासन कर चुकी हैं। श्री मिश्र ने कहा कि पिछड़े आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, एसटी–एससी आयोग सहित अन्य आयोगों का गठन समाज के सभी वर्गों को बराबरी का हकदार दिलाने के उद्देश्य से किया गया है। सवर्ण समाज खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा। इसलिए सरकार का दायित्व अब और ज्यादा बढ गया है।

### रांची स्टेशन से पटेल चौक तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



रांची : रांची शहर को जाम मुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम ने रेलवे स्टेशन से पटेल चौक तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह कार्रवाई प्रशासक के निर्देश पर की गई। बुधवार को रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क और नालियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान नालियों और स्लैब के ऊपर लगाए गए ठेला, खोमचा और अस्थायी दुकानों को हटाया गया। सड़क किनारे बनाए गए अस्थायी ढांचे, बांस–बल्ली और अन्य सामग्री भी जब्त की गई। अभियान के बाद अतिक्रमण करने वालों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि आगे अतिक्रमण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने क्रिसमस मिलन समारोह में लिया हिस्सा

रांची : झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को मांडर के हेशमी स्थित अमर शहीद शेख भिखारी स्टेडियम में ऑल चर्चेज कंबाइंड क्रिश्चियन एसोसिएशन की ओर से आयोजित क्रिसमस मिलन समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर मंत्री ने केक काटकर क्रिसमस का उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मौके पर संबोधित मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि दिसंबर का महीना प्रेम, स्नेह, खुशियों और आपसी मेल–जोल के साथ क्रिसमस मनाने का विशेष समय होता है। यह वह अवसर है जब समाज के सभी वर्ग प्रेम और भाईचारे के साथ एक–दूसरे से जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि ईसाई धर्म सेवा, प्रेम और त्याग का संदेश देता है।

# आमजनों की हर जरूरतों को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी : शिल्पी नेहा तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

- मांडर में जरूरतमंदों को बैंक ऑफ इंडिया का सीएसआर लाभ, महिलाओं और दिव्यांगों को मिली सहायता
- योजनाओं का लाभ जाति या धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को दिया जाता है



रांची : झारखंड के रांची जिला के मांडर प्रखंड में बुधवार को बेड़ो महादानी विवाह मंडप और प्रखंड कार्यालय में आयोजित बैंक ऑफ इंडिया के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कार्यक्रम में जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं को सिलाई मशीन और दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में शामिल राज्य की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि योजनाओं का लाभ जाति या धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सरकार की कोशिश है कि जनता की बड़ी जरूरतों के साथ-साथ छोटी-से-छोटी जरूरतों को भी पूरा किया जाए। मंत्री ने सीएसआर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2013 में कांग्रेस नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कंपनी अधिनियम में सीएसआर का प्रावधान किया, जिसके तहत कंपनियों को अपने मुनाफे का दो प्रतिशत सामाजिक विकास में खर्च करना होता है, विशेषकर शिक्षा और स्वास्थ्य में। उन्होंने कहा कि आज भी इस कानून से जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। मंत्री ने मनरेगा के नाम बदलने को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि नाम बदलने के बजाय मजदूरी दर बढ़ाई जानी चाहिए थी। बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड ने कहा कि बेहतर जनप्रतिनिधित्व के कारण लोगों को उनका हक मिल रहा है और भविष्य में भी मांडर में सीएसआर कार्यक्रम जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान यह सहायता बेड़ो, इटकी, लापुंग और मांडर प्रखंड के लाभुकों को दी गई। महिलाओं को सिलाई मशीन और दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविकाओं को भी इंटरलॉकिंग मैट वितरित किया गया। मंत्री ने कहा कि ट्राई साइकिल से दिव्यांगजन आवागमन में सुविधा प्राप्त करेंगे, जबकि सिलाई मशीन से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। मौके पर कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

## झारखंड के आठ जिलों में कुहासा को लेकर येला अलर्ट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मौसम विभाग ने झारखंड में दो दिनों के लिए घना कुहासा छाने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने बुधवार और गुरुवार के लिए कुहासा को लेकर अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पहले दिन जिन जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है उनमें राज्य के उत्तर-पश्चिमी और निकटवर्ती जिले और दूसरे दिन राज्य के उत्तर-पश्चिमी और उत्तर-मध्यवर्ती जिले शामिल हैं। इनमें पहले दिन को राज्य के पांच जिले गढवा, पलामू, चतरा, लातेहार और हजारीबाग और गुरुवार को आठ जिले गढवा, पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह और देवघर कुहासा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राज्य में मध्यम दर्जे की पछुआ हवाओं के कारण कनकनी बरकरार है। बुधवार को भी रांची सहित विभिन्न जिलों इन हवाओं के कारण दिनभर भारी ठंड महसूस की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों पश्चिमी विक्षोभ के कारण सर्द हवाएं राज्य में प्रवेश नहीं कर पा रही थीं, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के खत्म होते ही पुनः इन हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट होने लगी। यही वजह रही कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे कम तापमान 5 डिग्री रांची में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे अधिक तापमान 28 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन बाद में आसमान में आंशिक बादल छाये रहे। वहीं बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री, लोहरदगा में 25.1 और 9.3 डिग्री, लातेहार में 21.2 और 9.7 डिग्री और सरायकेला में अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## रांची में 19 से 21 दिसंबर तक रोटरी डिस्ट्रिक्ट सम्मेलन, 1500 से अधिक प्रतिनिधि होंगे शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : रांची रोटरी क्लब के तत्वावधान में 19 से 21 दिसंबर तक तीन दिवसीय रोटरी डिस्ट्रिक्ट सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन रांची क्लब परिसर में आयोजित होगा, जिसमें रोटरी झारखंडबिहार के 125 क्लबों से 1500 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। असिस्टेंट गवर्नर प्रवीण राजगढ़िया ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन की तैयारी पिछले एक वर्ष से की जा रही है और रांची के सभी रोटेरियन इसे सफल बनाने में जुटे हैं। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पास्ट रोटरी इंटरनेशनल प्रेसिडेंट शेखर मेहता उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथियों के तौर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ तथा महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री जय कुमार रावल के अलावा निलेन्दु कुमार सिंह, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रोटरी इंटरनेशनल प्रेसिडेंट रिप्रेजेंटेटिव रवि रमन,शामिल होंगे। इसके अलावा सम्मेलन को पास्ट रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर कमल सांघवी, फाउंडेशन चेयरमैन महेश कोठबारी, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रोहित सिंह, प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन, साइबर एक्सपर्ट महिमा भालोटिया सहित पूर्व गवर्नरों का समूह संबोधित करेगा। रोटरी रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में रोटरी क्लब की सामाजिक गतिविधियों, नई परियोजनाओं, क्लब की मजबूती, भविष्य की योजनाओं और नए प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सेवा से जुड़े विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। यह सम्मेलन सदस्यों को एक-दूसरे से सीखने, अनुभव साझा करने और नए संपर्क स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि ज्ञान, सेवा, शिक्षा और मनोरंजन के इस संगम के दौरान मुंबई का प्रसिद्ध रोज मैरी ग्रुप म्यूजिकल बैंड, आदिशक्ति म्यूजिकल ग्रुप, आईएफआरएम ग्रुप और छऊ नृत्य कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। सम्मेलन से समाज सेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन: शौर्य और राष्ट्रीय एकता की प्रेरणादायक यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, रांची के तत्वावधान में "वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन" के आयोजन की घोषणा करते हुए गर्व का अनुभव करता है। यह ऐतिहासिक पहल "शौर्य के कदम - क्रांति की ओर" थीम पर आधारित है, जिसका उद्देश्य महान जनजातीय नायक धरती आबा वीर बिरसा मुंडा की विरासत का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक राहभागिता को प्रोत्साहित करना है। यह साइक्लोथॉन वीर बिरसा मुंडा की अदम्य भावना को स्मरण करते हुए युवाओं को साहस, सेवा और राष्ट्रीय एकीकरण के पथ पर अग्रसर करने की एक प्रेरणादायी यात्रा है। यह आयोजन दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। साइक्लोथॉन का पहला चरण 18 से 20 दिसंबर 2025 तक झारखंड की पवित्र धरती पर तीन विभिन्न मार्गों से होकर आयोजित किया जाएगा। यह चरण उन प्रमुख स्थलों को स्पर्श करेगा जो वीर बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष से गहराई से जुड़े हुए हैं। इस चरण में एनसीसी अधिकारी, स्थायी प्रशिक्षक स्टाफ एवं एनसीसी कैडेट्स, जिनमें बालिका कैडेट्स भी शामिल होंगी, उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। यह सहभागिता एकता, अनुशासन और समावेशिता की सशक्त अभिव्यक्ति होगी। प्रथम चरण का समापन मोरहाबादी मैदान, रांची में एक भव्य स्वागत समारोह के साथ होगा। द्वितीय चरण एक चुनौतीपूर्ण एवं प्रेरणादायी यात्रा होगी जो रांची से नई दिल्ली तक लगभग 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह यात्रा 20 दिनों की अवधि में झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा एवं दिल्ली राज्यों से होकर गुजरेगी। इस चरण को 28 दिसंबर 2025 को बिरसा मुंडा कारागार परिसर, रांची से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस यात्रा में दो एनसीसी अधिकारी, दो स्थायी स्टाफ एवं 16 एनसीसी कैडेट्स, जिनमें बालिका कैडेट्स भी शामिल होंगी, भाग लेंगे। ये सभी प्रतिभागी वीर बिरसा मुंडा की अदम्य भावना से ओतप्रोत झारखंड के युवा दूत होंगे।

### 69वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता 18 से सुदिव्य सोनू करेंगे उद्घाटन

रांची : स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की मेजबानी में 69वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ कल किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता बीआईटी मेसरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में देश के 39 राज्यों एवं इकाइयों से कुल 1166 फुटबॉल खिलाड़ी तथा 155 कोच और मैनेजर भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-14 एवं अंडर-17 बालिका वर्ग में किया जा रहा है, जो खेल के क्षेत्र में बालिकाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्तिकरण को दर्शाती है।

## नेशनल हेराल्ड मामले में अनर्गल प्रलाप कर रही कांग्रेस पार्टी : बाबूलाल

- राउज एवेन्यू कोर्ट ने नहीं दिया है क्लीन चिट, मामले को माना विचाराधीन, ट्रायल रहेगा जारी
- भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान मूकदर्शक रही पुलिस
- पुलिस प्रशासन बन गया है राज्य सरकार का टूल किट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रदेश कांग्रेस के प्रदर्शन को कांग्रेस पार्टी का मानसिक दिवालियापन करार दिया। कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले में अनर्गल प्रलाप कर भ्रष्टाचार को छुपाना चाहती है। जबकि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी, पोषक और संरक्षक है। नेशनल हेराल्ड मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला कहीं से भी सोनिया गांधी और राहुल गांधी को क्लीन चिट नहीं है। इस फैसले ने सिर्फ एफआईआर दर्ज नहीं होने की बात कही है और मामले को विचाराधीन करार देते हुए ट्रायल को जारी रखने की बात भी कही है।

**नेशनल हेराल्ड मामला शुद्ध रूप से धोखाधड़ी का मामला**

नेशनल हेराल्ड मामला शुद्ध रूप से धोखाधड़ी का मामला है जिसमें धारा 420 के तहत सात साल की सजा है। इसके पहले भी कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं जहां इन्हें कोई राहत नहीं मिली। दोनों अदालतों ने मामले को प्रथम दृष्टया गंभीर मानते हुए खारिज करने से इनकार कर दिया है। और कहा कि इसे निरस्त करने का कोई औचित्य भी नहीं बनता।

**कांग्रेस पार्टी भीतर से हो चुकी है खोखली**

कांग्रेस पार्टी भीतर से खोखली हो चुकी है। संवैधानिक मर्यादाओं के तहत काम करने की राजनीतिक क्षमता कांग्रेस के पास नहीं बची है। नेशनल हेराल्ड की इमारत निर्विवाद रूप से दिल्ली की एक प्रमुख संपत्ति है जिसे व्यावसायिक के लिए लीज पर दिया गया है। यह 2000 करोड़ की संपत्ति को हड़पने का मामला है जो खत्म नहीं हुआ है। कानून की नजर में दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। यही कांग्रेस पार्टी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर न्यायालय का विरोध करती है और आज राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले पर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है।

**पुलिस प्रशासन राज्य सरकार का बन गया है टूल किट**

लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक सामाजिक संगठन को धरना प्रदर्शन का अधिकार है लेकिन जिस प्रकार से आज पुलिस प्रशासन के संरक्षण में कांग्रेस के नेताओं ने जिसमें कई संवैधानिक दायित्वों से भी जुड़े हैं ने भाजपा प्रदेश कार्यालय के गेट तक पहुंच कर प्रदर्शन किया इससे स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन राज्य सरकार का टूल किट बन गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संयम बरता नहीं तो प्रतिक्रिया में कोई भी बड़ी घटना घट सकती थी। आखिर प्रशासन द्वारा बैरिकेटिंग किए जाने के बाद भी कांग्रेस के लोगों को भाजपा प्रदेश कार्यालय के गेट तक किसके इशारे पर पहुंचने दिया गया। मरांडी ने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की। कहा कि राज्य सरकार ऐसे पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करे।

संक्षिप्त खबरें

### सेल सैटेलाइट टाउनशिप में नई जिम सुविधा का हुआ उद्घाटन




रांची : रांची के सैटेलाइट टाउनशिप में इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल, दूसरी मंजिल पर "आयरन हेवन जिम" नाम के एक अत्याधुनिक जिम का उद्घाटन किया गया। इस सुविधा का उद्घाटन एस.के. वर्मा, कार्यपालक निदेशक ने सुनीता वर्मा के साथ किया। यह सुविधा कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। इस कार्यक्रम में श्री दीपक जैन, कार्यपालक निदेशक, संजय धर, कार्यपालक निदेशक, साथ ही चीफ जनरल मैनेजर, सेट के विभागाध्यक्ष और सेल रांची के परिवार के सदस्य मौजूद थे। उनकी भागीदारी फिटनेस और सेहत की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नए उद्घाटन किए गए जिम में आधुनिक फिटनेस उपकरण लगे हैं और इसका उद्देश्य कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह पहल समग्र विकास और कर्मचारी कल्याण के प्रति सेट के समर्पण को रेखांकित करती है। कार्यक्रम का आयोजन सेट की स्पोर्ट्स समिति द्वारा किया गया।

### जेवीएम श्यामली के वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



रांची : जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम परवाज–2025 का शुभारंभ बुधवार को मेकॉन स्टेडियम में हुआ। आगामी 17 से 20 दिसंबर तक चलने वाले इस खेल उत्सव में विद्यालय के छात्र–छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता को तीन वर्गों–सब–जूनियर, जूनियर और सीनियर–में विभाजित किया गया है। प्रतिभागी दयानंद, राजेंद्र, टैगोर और तिलक सदन के अंतर्गत विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक रहा। 3000 मीटर दौड़ में देवर्ष पांडेय ने प्रथम, सौम्य प्रकाश ने द्वितीय और फरहान आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 100, 200, 400 मीटर, 4 गुणा 100 मीटर रिले, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद, ऊंची कूद और भाला फेंक में भी शानदार प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य समरजीत जाना ने कहा कि परवाज छात्रों को आत्मविश्वास, टीमवर्क और आगे बढ़ने का साहस देता है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में 800 और 1500 मीटर दौड़, मिडले रिले तथा शिक्षकों व ग्रुप–डी कर्मियों की विशेष दौड़ आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का समापन 20 दिसंबर को होगा। खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य समरजीत जाना, उप प्राचार्य बीएन झा सहित शिक्षक मौजूद थे।

### भाजपा के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने घेरा भाजपा का कार्यालय



रांची: नेशनल हेराल्ड मामले में न्यायालय से कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल आरोप पत्र को खारिज करने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भाजपा के विरोध में भाजपा मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। बुधवार को हुए कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। इसके पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जमावड़ा हरमू मैदान में हुआ जहां से विरोध मार्च करते हुये भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया। मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय एजेंसीयों का दुरुपयोग बिना एफआइआर के ही किया है। मोदी सरकार ने ईडी के सहारे सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ झूठा मामला बनाने की कोशिश की । उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया। लेकिन न्यायालय ने मामले को खारिज कर न्यायपालिका और संविधान के सम्मान की रक्षा की। केंद्र सरकार लगातार कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं को ईडी और सीबीआई के सहारे निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि ईडी का डर दिखाकर गैर भाजपा शासित राज्यों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को डराने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार दमनात्मक कार्रवाइयों की सीमा पार कर चुकी है। देश की 150 करोड़ जनता के सामने न्यायालय ने केंद्र सरकार और भाजपा को बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्लभतम मामला है जिसमें न धन का लेनदेन हुआ न किसी संपत्ति का स्थानांतरण हुआ फिर भी ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी से लगातार कई घंटों तक जांच के नाम पर पूछताछ कर मानसिक प्रताड़ना देने की कोशिश की गई। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सीरीवेल्ला प्रसाद, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, शहजादा अनवर, विक्सल कोनगाड़ी, राजीव रंजन प्रसाद, शमशेर आलम,ज्योति सिंह मथारू, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलखो, कुमार राजा सहित दर्जनों पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### केबी कॉलेज ने गोद गांव कंजकीरो में ग्राम सभा का किया आयोजन



**कोडरमा :** उन्नत भारत अभियान को लेकर नावाडीह प्रखंड के कंजकीरो गांव में केबी कॉलेज बेरमो के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण के निर्देश एवं मुखिया कंजकीरो पंचायत ललिता देवी की अध्यक्षता में कंजकीरो पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। उन्नत भारत अभियान के कॉर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने उन्नत भारत अभियान के उद्देश्यों को पंचायत सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधि , ग्रामीणों को बतलाया। उन्नत भारत अभियान देश के उच्च शिक्षन्न संस्थाओं को ग्रामीण भारत से जोड़ना है ताकि के बी कॉलेज अपने ज्ञान , कौशल व संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण समुदायों की सामाजिक आर्थिक समस्याओं की पहचान कर सकें और उनके स्थायी समाधान विकसित कर सकें जिससे आत्मनिर्भर व समृद्ध ग्रामीण भारत का निर्माण हो सके । उन्नत भारत अभियान के सब कॉर्डिनेटर डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा उन्नत भारत अभियान ग्रामीण व शहरी भारत के बीच एक सेतु का काम करता है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाया जा सके ।
मुखिया कंजकीरो पंचायत श्रीमती ललिता देवी ने कहा उन्नत भारत अभियान के माध्यम से कंजकीरो गांव को स्वाबलंबी ,संपन्न, आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। आर्थिक व सामाजिक विकास स्वरूप पहल से ग्रामीणों मे खुशी का माहौल बना है। मौके पर पंचायत सचिव, जनप्रतिनिधि, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि, सहित ग्रामीण उपस्थित थेविधिक जागरूकता शिविर सह समारोह कार्यक्रम आयोजित कर ग्रीन ग्रीन राशन कार्ड दिया गया।

### गरीब और वंचितों को न्याय एवं सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु विधिक जागरूकता शिविर

**डोमचांच/कोडरमा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा रामा कान्त मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा गौतम कुमार के नेतृत्व तथा पीएलवी डोमचांच प्रखंड सुब्रत कुमार मुखर्जी के देखरेख में दिन बुधवार को सुबह 10 बजे डोमचांच प्रखंड के शिवसागर में विधिक जागरूकता शिविर सह समारोह कार्यक्रम आयोजित कर परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

# मानव श्रृंखला एवं सेफ्टी अवॉर्ड कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** इस्पात संयंत्र में चल रहे सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों में सुरक्षा के प्रति सजगता, उत्तरदायित्व तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में, आरएमपी विभाग द्वारा संयंत्र परिसर स्थित प्लांट प्लाजा रोड पर सड़क सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने हेतु एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा कार्यस्थल पर “शून्य दुर्घटना” की प्रतिबद्धता को और सशक्त करना था। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक अनूप कुमार दत्त उपस्थित रहे। उन्होंने मानव श्रृंखला की सराहना करते हुए सड़क सुरक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बताया तथा सुरक्षित, सतर्क एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के महत्व पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक बी. के. सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक नागराजन श्रीकांत तथा महाप्रबंधक मुकेश कुमार सिंह सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में संविदा श्रमिक उपस्थित रहे। मानव श्रृंखला के दौरान प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा संदेशों से युक्त तख्तियों के माध्यम से हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, सीट बेल्ट पहनने तथा निर्धारित गति सीमा के पालन जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए. इस दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु प्रेरित करते हुए सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। एक अन्य कार्यक्रम में, बीएसएल के परियोजना डिवीजन द्वारा परियोजना डिवीजन के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक ह्यसेफ्टी अवॉर्ड कार्यक्रमह्ल का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक अनीश सेनगुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर परियोजना डिवीजन के मुख्य महाप्रबंधक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, परियोजना-सुरक्षा विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सेनगुप्ता ने प्रत्येक कर्मचारी से कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के नियमित एवं सही उपयोग को सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने बेहतर हाउसकीपिंग, संभावित खतरों की पहचान, जोखिम मूल्यांकन की तकनीकों को समझने तथा कार्य के दौरान व्यवस्थित एवं सुरक्षित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। समारोह के दौरान सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक राजेश शर्मा द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक कौशल किशोर द्वारा किया गया।

## टीएलसी-02 का सफल जीर्णोद्धार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्टील प्लांट ने आंतरिक संसाधनों एवं सुदृढ़ तकनीकी दक्षता के बल पर हॉट मेटल टॉरपीडो लैडल कार-02 का सफलतापूर्वक जीर्णोद्धार कर उसे पुनः परिचालन में लाकर एक महत्वपूर्ण तकनीकी एवं परिचालन उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि संयंत्र की आत्मनिर्भरता, नवाचार क्षमता तथा प्रभावी अंतर-विभागीय समन्वय का सशक्त उदाहरण है। ब्लास्ट फर्नेस विभाग में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान जीर्णोद्धारित हॉट मेटल टॉरपीडो लैडल कार को अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक अनूप कुमार दत्त द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पुनः परिचालन हेतु फ्लैग-ऑफ किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक शौविक रॉय, मुख्य महाप्रबंधक नागराजन श्रीकांत, मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि टॉरपीडो लैडल कार संख्या-02, जुलाई 2021 में हॉट मेटल पंक्चर की घटना के पश्चात परिचालन से बाहर हो गई थी। हॉट मेटल पंक्चर एवं लंबे समय तक निष्क्रिय रहने के कारण इसके बाहरी खोल तथा रिफ्रैक्टरी लाइनिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। ऐसी स्थिति में इस महत्वपूर्ण परिसंपत्ति का जीर्णोद्धार एक बड़ी तकनीकी चुनौती बन गया था। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक अनूप कुमार दत्त के नेतृत्व में एक विस्तृत एवं सुव्यवस्थित पुनरुद्धार योजना तैयार की गई।

## आदिवासी सेंगेल अभियान ने मांगा स्वशासन व्यवस्था में जनतांत्रिक सुधार, डीसी को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में जनतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों को समाहित करते हुए तत्काल सुधार की मांग को लेकर सेंगेल जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिला उपायुक्त अजय नाथ झा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बोकारो जिले के सभी प्रखंडों में संताल आदिवासी गांव-समाज की व्यवस्था में जनतंत्र, संविधान, कानून और मानवाधिकार लागू नहीं हो पा रहे हैं, जिससे अन्याय, अत्याचार और शोषण बढ़ रहा है। अभियान ने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं:प्रत्येक गांव में ग्राम प्रधान या माझी-हड़ाम की नियुक्ति सभी वयस्क स्त्री-पुरुषों द्वारा जनतांत्रिक तरीके से एक-दो साल की अवधि के लिए हो।वर्तमान वंशानुगत, अनपढ़ और नशाड़ी माझी-हड़ामों पर परंपरा के नाम पर गुंडागर्दी, जुमार्ना, सामाजिक बहिष्कार, डायन हत्या, वोट खरीद और अंधविश्वास जारी है, इसे जनतांत्रिक बनाना अनिवार्य। माझी-हड़ामों को दिए जा रहे 1000 मासिक मानदेय को बंद कर केवल चुने हुए को 5000 दिया जाए।18 साल से कम उम्र के अवयस्कों की माझी-हड़ाम नियुक्ति असंवैधानिक होने से तुरंत रोकी जाए। धर्मांतरित ईसाई आदिवासियों और गैर-संतालों को माझी-हड़ाम व पुजारी पदों से हटाया जाए।

## शिक्षा सुरक्षा कवच योजना अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** आगामी वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 को ध्यान में रखते हुए कोडरमा जिले के छात्र-छात्राओं के बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा प्रोजेक्ट रेल के माध्यम से नियमित रूप से टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही शिक्षा सुरक्षा कवच योजना के अंतर्गत संचालित आवासीय पठनझपाठन कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षाओं की सुदृढ़ तैयारी कराई जा रही है।इसी क्रम में जिला प्रशासन कोडरमा की पहल पर शिक्षा सुरक्षा कवच योजना अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति के मूल्यांकन हेतु साप्ताहिक परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपायुक्त ऋतुराज, उप विकास आयुक्त रवि जैन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी विनाश कुमार द्वारा गिफ्ट एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के माध्यम से ही बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पूरी लगन एवं आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।उप विकास आयुक्त रवि जैन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश कुमार ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित अध्ययन एवं समयबद्ध तैयारी पर जोर दिया।

## बोकारो में अखंड दीपक प्राकट्य शताब्दी के अवसर पर निकली दिव्य ज्योति कलश यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** परम वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्मशताब्दी और गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा 1926 में प्रज्ज्वलित अखण्ड दीपक के प्राकट्य शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में बुधवार को सेक्टर-8 काली बड़ी मंदिर से दिव्य ज्योति कलश यात्रा की शानदार शुरूआत हुई। यह यात्रा सेक्टर-9 भ्रमण करते हुए रानीपोखर पहुंची, जहां से दिव्य ज्योति कलश रथ चंद्रपुरा की ओर प्रस्थान कर गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार के करोड़ों परिजन शांतिकुंज हरिद्वार जाकर इस अखण्ड दीपक के दर्शन कर जीवन में ज्ञान प्रकाश प्राप्त करते हैं। बड़े सौभाग्य की बात है कि यह दिव्य ज्योति अब बोकारो जिले के हर प्रखंड और गांव तक 6 दिसंबर 2025 से ज्योति कलश यात्रा के रूप में पहुंच रही है। यात्रा आपके आवास या गांव में भ्रमण करेगी। सभी भाई-बहनों से अपील है कि इस दिव्य अखण्ड ज्योति का दर्शन करें और प्रणाम करें। इस अवसर पर विजय किशोर कृति आनंद बरनवाल, मुकेश कुमार महतो, प्रमिला सिंह, सुमन मंडल, मनीषा देवी, इंदिरा देवी, अनीता देवी, मुन्नी देवी, चंदा देवी और चीफ जस्टिस विजय किशोर बीपी प्रसाद बरनवाल ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता सनी कुमार का सड़क दुर्घटना में देहांत



**कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति कोडरमा के अंतर्गत मेघातरी पंचायत के झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता सनी कुमार के बीते मंगलवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गया था। सूचना मिलते ही जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के द्वारा सनी कुमार के आवास पर पहुंचकर उनके पार्थिक शरीर पर झामुमो पार्टी का झंडा देकर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने गहरा शोक प्रकट करते हुए कहां कि सनी कुमार झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं उनके असमय निधन पर परिवार के लोगों के साथ मेरी संवेदना रहेगी तथा उनके परिवार को हर संभव पार्टी के द्वारा मदद किया जाएगा। इस दुखद समय में ईश्वर अपने चरणों में सनी कुमार को स्थान दें तथा परिवार के लोगों को दुख सहन करने की हिम्मत दे। मौके जिला सचिव पवन माइकल कुजूर, बुद्धिजीवी मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक नवीन चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, वासुदेव यादव इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिना ट्रेड लाइसेंस के संचालित दो दुकानों को नगर परिषद ने किया सील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** उपायुक्त के निर्देश पर नगर परिषद की टीम ने तिलैया बस्ती में ट्रेड लाइसेंस जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान कृष्णा केशरी किराना भंडार और माखन भोग फ्लावर मील का ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया, जिसके कारण दोनों प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया। नगर प्रबंधक रणधीर कुमार वर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 455 का उल्लंघन करने को लेकर की गई है। इन दुकानों के संचालक को नगर परिषद के द्वारा पूर्व में भी नोटिस दिया गया जिसके बाद भी इन दुकानों के द्वारा ट्रेड लाइसेंस नही लिया गया। झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 466 एवं धारा 600 के नियमानुसार परिसर को सील किया गया। नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत व्यापार करने से पूर्व अपने व्यवसाय का ट्रेड लाइसेंस अवश्य ले और जिन लोगों का ट्रेड लाइसेंस का समय सीमा समाप्त हो चुका है वो जल्द से जल्द अपना ट्रेड लाइसेंस नवीनीकरण करवा लें।मौक पर नगर परिषद राजस्व निरीक्षक शंभू कुमार रजक ,अभिषेक कुमार मेहता, विधि सहायक मुन्ना लाल महतो ,सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, दुलारचंद यादव, मुकेश राणा, भोला कुमार कुमार ,बलराम कुशवाहा समेत होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कौण्डिन्य पब्लिक स्कूल में छात्र हित में महत्वपूर्ण पहल




**कोडरमा :** कौंडिन्य पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राजीव रंजन सिंह ने विद्यालय में शिक्षा को अधिक सुलभ, प्रोत्साहनपूर्ण एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। नई पहल आगामी सत्र के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गई है।
बलवाटिका 1, 2 और 3 में 40-40 सीटें उपलब्ध हैं। रजिस्ट्रेशन की तिथि 17/12/25 से 20/1/2026 तक है।
एक ही पेरेंट्स के दूसरे बच्चे को 10% की छूट और तीसरे बच्चे को 25% की छूट दी जाएगी।
कौण्डिन्य फाउंडेशन के तहत :- अकादमिक टॉपर्स को स्कॉलरशिप देने का निर्णय लिया गया है। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप और सम्मान प्रदान किया जाएगा।
राजीव रंजन सिंह सर ने कहा कि शैक्षणिक और खेल उपलब्धियों को बढ़ावा देना विद्यालय की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह निर्णय विद्यालय की छात्र-केंद्रित सोच को दशार्ता है, जिससे मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होगा।

### देहरादून हैकाथन में केन्द्रीय विद्यालय हजारीबाग के छात्रों का सराहनीय प्रदर्शन




**कोडरमा :** देहरादून में आयोजित हैकाथन प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय हजारीबाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय राउंड उत्तीर्ण कर जोनल राउंड तक अपनी जगह बनाई। इस जोनल राउंड में भाग लेने के लिए छात्र केन्द्रीय विद्यालय हजारीबाग से देहरादून पहुँचे, जहाँ आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। हालांकि टीम का चयन अगले चरण के लिए नहीं हो सका, लेकिन प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान, टीमवर्क और प्रस्तुतीकरण का महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुआ।जिसको लेकर विद्यालय प्रशासन ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए 11 वीं छात्रा सुश्री चंद्रवंशी जिया जाह्नवी एवं टीम को देहरादून में मिले प्रस्ततिपत्र वो मेडल देकर सम्मानित कर हौसला अफजाई करते हुए सुद्दढ भविष्य की मंगल कामना करते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा उनके सुंदर और सुद्दढ भविष्य की मंगल कामना करते हुए भविष्य की शुभकामनाएं देता है।

### बिना फिटनेस सड़क पर दौड़ी स्कूल बस तो होगी सीज



**कोडरमा :** जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी के नेतृत्व में आज ग्रिजली स्कूल के स्कूल वाहनों की जांच की गई। इस दौरान उनके साथ वाहन निरीक्षक कुमार सानू, वाहन निरीक्षक जोसेफ टोप्पो, सड़क सुरक्षा दल की टीम एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।
विभागीय निर्देशों के अनुपालन में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा ग्रिजली स्कूल के वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान कुछ वाहनों का फिटनेस एवं बीमा अमान्य पाया गया, जबकि एक वाहन की वैधता अवधि समाप्त पाई गई।मोटर वाहन अधिनियम का पालन नहीं करने वाले सभी वाहनों पर नियमानुसार जुमार्ना लगाया गया तथा संबंधित वाहन स्वामियों को निर्देश दिया गया कि शीघ्र अपने सभी कागजात अद्यतन कराएं, अन्यथा वाहनों को जब्त किया जाएगा। साथ ही विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया कि मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का परिचालन न करें तथा बच्चों की सुरक्षा से संबंधित माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। इस अभियान के अंतर्गत कुल 11 वाहनों पर 75,000/- की जुमार्ना राशि अधिरोपित की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि आगामी दिनों में अन्य विद्यालयों के वाहनों की भी जांच की जाएगी तथा मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।बोकारो में फर्जी CRPF असिस्टेंट कमांडेंट गिरफ्तार

### ट्रैफिक पुलिस को धमकाने का खुलासा, कई नकली आईडी जब्त




**बोकारो :** सिटी थाना क्षेत्र के नया मोड़ में ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता से एक फर्जी सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट का पदार्फाश हुआ। मंगलवार रात चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाते पकड़े गए आरोपी ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी को धमकाते हुए अपना असर दिखाने की कोशिश की। जांच में उसके पास कई फर्जी पहचान पत्र मिले और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ट्रैफिक थाना नया मोड़ में पदस्थापित एएसआई ओशो प्रदीप मंगलवार शाम ट्रैफिक चेकिंग कर रहे थे। इसी क्रम में एक बाइक सवार को रोका गया, जो बिना हेलमेट था। लाइसेंस मांगने पर आरोपी भड़क गया और बोला, श्मैं सीआरपीएफ का असिस्टेंट कमांडेंट हूं। सुखमा में तैनात हूं। तुम्हारा ट्रांसफर तक करा दूंगा। उसने एएसआई को खुलेआम धमकी दी। एएसआई ने पहचान पत्र मांगा तो चेहरा मैच नहीं कर रहा था। गहन जांच में आरोपी के पास सीआरपीएफ का आईडी (संदीप कुमार नाम), एनएसजी कार्ड और एक अन्य फर्जी आईडी (असीन नाम) बरामद हुए। असली नाम अश्वनी कुमार ठाकुर (उम्र 35 वर्ष), जोशी कॉलोनी निवासी का सामने आया। सभी नकली दस्तावेज जब्त कर लिए गए।सिटी थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वरिष्ठ अधिकारी मामले की गहन जांच करा रहे हैं।

# भुईयांडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी तक फोर लेन सड़क व पुल निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ

## विधायक पूर्णिमा साहू ने किया भूमि पूजन, बोलीं—यह पुल जमशेदपुर के भविष्य की मजबूत नींव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल के तहत बुधवार को भुईयांडीह के लाल भट्ठा, बारा घाट स्वर्णरेखा नदी तट पर भुईयांडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी (एनएच33) तक फोर लेन सड़क एवं स्वर्णरेखा नदी पर फोर लेन पुल निर्माण की महत्वाकांक्षी योजना का जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू की मौजूदगी में विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विधायक पूर्णिमा साहू ने विधिवत पूजन-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरूआत की। फोर लेन सड़क तथा स्वर्णरेखा नदी पर फोर लेन पुल निर्माण योजना पथ निर्माण विभाग द्वारा 39,91,72,857.53 की लागत से 2024-25 के 11 के अंतर्गत स्वीकृत है। परियोजना के तहत 242 मीटर लंबे फोर लेन पुल का निर्माण किया जाएगा, जबकि पहुँच पथ की लंबाई 3.453 किलोमीटर होगी। इस प्रकार योजना की कुल लंबाई 3.695 किलोमीटर निर्धारित है। इस परियोजना को 18 महीनों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान विभागीय अभियंताओं ने स्पष्ट किया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी घर को नुकसान नहीं होगा। इस पर विधायक पूर्णिमा साहू ने भी लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है और किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी। विधायक पूर्णिमा साहू ने योजना के शुभारंभ पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की दूरदर्शी सोच को धरातल पर उतरते देखना गर्व और खुशी का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र से भारी वाहनों के आवागमन को सुव्यवस्थित करने के लिए डोबो पुल तथा गोविंदपुर-धानचटाई मार्ग को नेशनल हाईवे से जोड़ा था। लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी तक भारी वाहनों के लिए पुल निर्माण का प्रस्ताव भी उनके कार्यकाल में हुआ था। उन्होंने कहा कि इस फोर लेन पुल और सड़क के निर्माण से शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम होगा, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी और आम नागरिकों की आवाजाही में समय की बचत होगी। विधायक पूर्णिमा साहू ने विश्वास जताया कि योजना निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होगी और इसके पूरा होने से जमशेदपुर की जनता को व्यापक और दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। ज्ञात हो कि विधायक पूर्णिमा साहू ने इस योजना को लेकर गत विधानसभा सत्र में जोरदार तरीके से उठाया था। इसके साथ ही, वे झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग के सचिव से भी लगातार वार्ता करती रही हैं और प्रत्येक चरण की प्रगति पर निगरानी स्वयं कर रही थीं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, कल्याणी शरण, पवन अग्रवाल, अप्पा राव, रंजीत सिंह, पप्पू उपाध्याय, कुमार अभिषेक, विकास शर्मा, रितेश झा, युवराज सिंह, बापन बनर्जी, सुशांत पांडा, संतोष ठाकुर, सुरेश शर्मा, मिथिलेश साव, धनराज गुप्ता, लोहा यादव, उमेश साव, कंचन दत्ता, रमेश नाग, रमेश विश्वकर्मा, बोलटू सरकार, महावीर सिंह समेत पथ निर्माण विभाग के अभियंतागण एवं संवेदक के कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत चाईबासा–रांची मुख्य मार्ग एनएच–75 (ई) पर मतकमबेड़ा गांव के पास बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार बाइक चला रहे एक नाबालिग ने सड़क पर चल रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और घायल महिला को तत्काल चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। मृतका की पहचान बंदगांव प्रखंड के मतकमबेड़ा गांव निवासी विसांगी बांकिरा (62) के रूप में हुई है। अस्पताल में जांच के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि दुर्घटना में महिला के गले की हड्डी और दोनों हाथों की हड्डियां टूट गई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें जमशेदपुर रेफर किया गया, लेकिन वहां ले जाने से पहले ही चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

### जमीन विवाद में बुजुर्ग की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोतरोगढ़ा गांव में बुधवार को एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या करने का मामला सामने आया है। अपराधियों ने मृतक का सिर धड़ से अलग कर धड़ को बोरे में भरकर सुनसान इलाके में फेंक दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान गोइलकेरा के सारुड़ा गांव निवासी हरिनाथ लुगुन उर्फ मंगरा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में इस हत्याकांड के पीछे जमीन विवाद को मुख्य वजह माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हत्या पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से की गई, ताकि पहचान छुपाई जा सके या इलाके में भय फैलाया जा सके। बुधवार सुबह ग्रामीणों की नजर कोतरोगढ़ा गांव के पास पड़े एक लावारिस बोरे पर पड़ी, जिससे खून रिस रहा था। जब बोरा खोला गया तो उसमें एक व्यक्ति का धड़ मिला। सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो प्रतिनिधिमंडल ने पूर्वी सिंहभूम एसपी से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग की



**पूर्वी सिंहभूम :** बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली का प्रतिनिधिमंडल पूर्वी सिंहभूम जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे से पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के द्वारा झामुमो के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सदस्य मोहन कर्मकार और केंद्रीय सदस्य प्रमोद लाल के ऊपर झूठा मुकदमा दायर कराने पर निष्पक्ष जांच कराने हेतु मिला आज के इस प्रतिनिधिमंडल में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य शेख बदरुद्दीन, केंद्रीय सदस्य प्रमोद लाल, पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली के प्रमुख बाघराय मार्डि, सुनील महतो, लालटू महतो, अजय रजक,विद्या सागर दास, फैयाज खान, उमानाथ झा,खुद्दु उरांव, प्रीतम हेंब्रम,सपन रॉय, रमेश मुर्मू, गुरमीत सिंह गिल, इंदरपाल सिंह, सुकुमार बेसरा,अभय पांडे, महिला नेत्री, सबिता दास, दुर्गा बाईपाई, आर श्री निवास राव, चंदन लाल, प्रकाश चंद्र झा, पिंटू लाल और भी काफी संख्या में झामुमो पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की सुरभि पाल ने जीता सिल्वर पदक



**सिल्ली :** हैदराबाद में आयोजित सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली की सुरभि पाल, ओलंपियन अंकिता भगत और जमशेदपुर की कोमोलिका बारी ने टीम स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता। इनके इस उपलब्धि पर एकेडमी के सरक्षक सह पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष नेहा महतो, जयपाल सिंह, ब्रजेश प्रसाद, कोच शिशिर महतो समेत सभी कोच एवं प्रशिक्षु तीरंदाजों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### जरिया गढ़ में मां केयर चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया कम्बल वितरण

**खूंटी :** लगातार गिरते तापमान और बढ़ती ठंड को देखते हुए रांची की सामाजिक संस्था मां केयर चेरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों की सहायता के लिए बुधवार को कर्रा थाना क्षेत्र के जरिया गढ़ में कंबल वितरण किया। इस अवसर पर जरिया गढ़ के कसगढ़िया टोली, बनिया टोली, पाहन टोली, हरिजन बस्ती, सेमरटोली, पाण्डे टोली, बांस टोली, नायक टोली आदि गांव के 35 लोगों को कंबल दिया गया। संस्था की सचिव वंदना उपाध्याय ने बताया कि मां केयर चेरिटेबल ट्रस्ट गरीब और असहाय लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करती रही है। बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए जिन लोगों के पास गर्म वस्त्र उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें कम्बल उपलब्ध कराना संस्था का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि संस्था शिक्षा और महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सक्रिय है तथा वर्तमान में कई शिक्षा केंद्रों का संचालन कर रही है।

# अपर उपायुक्त ने अंचल कार्यालय नीमडीह का किया औचक निरीक्षण

- भूमि मामलों की समीक्षा सरकारी भूमि संरक्षण व गोल्ड माइंस क्षेत्र के निरीक्षण के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार द्वारा अंचल कार्यालय, नीमडीह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कार्यालयीन कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण तथा भूमि से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रियाओं की समीक्षा की। निरीक्षण उपरांत अपर उपायुक्त द्वारा अंचल कर्मियों के साथ बैठक आयोजित कर भूमि से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में भूमि संबंधी मामलों में प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा सभी लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि से जुड़े मामलों में पारदर्शिता, नियमसम्मत कार्रवाई एवं समयबद्ध निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता होगी तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। इसके पश्चात अपर उपायुक्त द्वारा कुतूँगा ग्राम एवं हकासारा ग्राम में स्थित सरकारी भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सरकारी भूमि के संरक्षण, अतिक्रमण की रोकथाम एवं अभिलेखों के अद्यतन संधारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा भूमि की वर्तमान स्थिति एवं उपयोग की समीक्षा की। इसी क्रम में अपर उपायुक्त द्वारा गोल्ड माइंस क्षेत्र का भ्रमण कर वहाँ अपनाए जा रहे सुरक्षा मानकों का जायजा लिया गया। उन्होंने कार्यरत श्रमिकों के बीमा से संबंधित प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की तथा यह निर्देश दिया कि श्रमिकों की सुरक्षा से संबंधित सभी निर्धारित मानकों एवं बीमा प्रावधानों का नियमों के अनुरूप पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गोल्ड माइंस क्षेत्र स्थित मुख्य प्रशासनिक भवन की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए भवन की यथाशीघ्र मरम्मत सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार के साथ अंचल अधिकारी, नीमडीह अभय कुमार द्विवेदी सहित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं अंचल कर्मी उपस्थित रहे।

# बोड़ाम में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किसानों को मिलेगा 2450 रु प्रति क्विंटल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम लैम्पस में झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड अध्यक्ष दीपांकर महतो, सचिव छुटू लाल हांसदा ने फीता काटकर किया। लैम्प्स सचिव ने बताया कि किसानों को धान का समर्थन मूल्य 2450 रुपए प्रति क्विंटल सरकार के निर्धारण दर के अनुसार एक किस्त में भुगतान होगा। इस दौरान उद्घाटन समारोह में प्रखंड अध्यक्ष दीपांकर महतो, सचिव छुटू लाल हांसदा, बोड़ाम बीसीओ दीपक कुमार, केंद्र प्रभारी वीरेंद्र पंडित,काजल सिंह, विनय, रतिरमन ,मनोज रजक, लैम्प्स सचिव जितेंद्र नाथ गोप, विश्वजीत, एटीएम चैताली दत्ता, बीएओ सुधाकर महतो,सहित कई लोग उपस्थित थे।

# फूड सेफ्टी ऑफिसर का रिजल्ट 18 माह से लंबित भ्रष्टाचार का चरमोत्कर्ष दर्शाता है : देवेंद्र नाथ महतो




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** जेपीएससी फूड सेफ्टी ऑफिसर का रिजल्ट 18 माह से लंबित है। इसकी मांग को लेकर पूरे झारखंड के अभ्यर्थी जेपीएससी कार्यालय पहुंचे। अभ्यर्थियों के आंदोलन को जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो का समर्थन मिला। देवेंद्र नाथ महतो ने सचिव से वार्ता कर छात्रों की समस्या का समाधान करने का प्रयास किया, लेकिन जेपीएससी सचिव संदीप कुमार ने मुलाकात करने से इनकार कर दिया। आक्रोशित होकर देवेंद्र नाथ महतो छात्रों के साथ जेपीएससी कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना देकर बैठ गए और द्वार को घंटों जाम कर दिया। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा, जेपीएससी भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। फूड सेफ्टी ऑफिसर का रिजल्ट 18 माह से जारी न करना भ्रष्टाचार के चरम पर पहुंच जाने का प्रमाण है। फूड सेफ्टी ऑफिसर रिजल्ट जारी होने तक अनिश्चितकालीन संघर्ष जारी रहेगा। छात्रों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला ने कहा, जेपीएससी झारखंड के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। जेपीएससी ने 56 पदों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती (विज्ञापन संख्या 18/2023) के लिए आवेदन मांगे थे। परीक्षा 27 मई 2024 को संपन्न हुई, लेकिन 18 माह बीतने के बावजूद परिणाम घोषित नहीं किया गया न तो परिणाम की कोई सूचना दी गई और न ही आगामी प्रक्रिया पर कोई स्पष्टता प्रदान की गई। इससे अभ्यर्थी मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं।

# स्व बिनोद बिहारी महतो के पुण्य तिथि पर सम्मान समारोह आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली गूंज परिवार सिल्ली द्वारा स्व बिनोद बिहारी महतो के पुण्य तिथि को सेवा महोत्सव के रूप में मनाने को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। तैयारी को लेकर गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहु, बबलू मुस्ताक, शिशिर महतो, रोहित आदि ने सिल्ली स्टेडियम परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। तथा उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 18 दिसम्बर गुरुवार को सिल्ली स्टेडियम परिसर में बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश कुमार महतो के अलावा कई गण मान्य लोग उपस्थित रहेंगे। तत्पश्चात रांची के मेडिका हॉस्पिटल के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच करेंगे साथ ही नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा 19 एवं 20 दिसम्बर को विधानसभा के सिल्ली, राहें, जोन्हा एवं सोनाहातु में चिकित्सा शिविर, नेत्र जांच शिविर के साथ 20 दिसम्बर को सोनाहातु में बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें स्व बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा का अनावरण, खेल सामग्री वितरण, चिकित्सा एवं नेत्र जांच शिविर, कंबल वितरण, छौ नृत्य, स्कुली बच्चों द्वारा सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा।

# सिल्ली में रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली–मुरी :** मुरी हिंडाल्को अलुमिनाऔर क्लब परिसर में बुधवार को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण पत्रकारों तत्वावधान में हिंडाल्को के सहयोग से रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष शंभूनाथ चौधरी, सचिव अभिषेक सिन्हा, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजा बॉबी, संतोष सिन्हा, पूर्व अधक्ष सुरेन्द्र सोरेन, पूर्व सचिव अमरकांत, पूर्व संयुक्त सचिव रतनलाल, पूर्व कोषाध्यक्ष जयशंकर, पूर्व सदस्य विजय मिश्रा, क्लब के चुनाव संचालन समिति के प्रभात सिंह, प्रमोद एवं सूजीत शामिल हुए।ग्रामीण पत्रकारों ने सभी को पुष्प गुच्छ और ओढ़ाकर तथा उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शंभू नाथ चौधरी ने कहा रांची प्रेस क्लब निरन्त अपने पत्रकार साथियों के हितों के लिए लड़ता रहेगा और साथ ही हमारा उद्देश्य पत्रकार के हित में कार्य करते हुए प्रेस क्लब को नई शिखर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की जो ज़िम्मेदारियां और चुनौतियां हैं उसको देखते हुए काम करता रहूंगा। वहीं अन्य पदाधिकारीयों ने भी कहा कि पत्रकार के हित और अधिकार और उनके बुनियादी सवालों के लेकर हमेशा संघर्षरत रहूंगा। सभी ने इस आयोजन का प्रशंसा करते हुए हिंडाल्को के एचआर हेड अभिषेक प्रताप सिंह एवं सीएसआर हेड अनिल सिंह एवं स्थानीय पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। इससे पुर्व स्थानीय कलाकार रिया पाठक ने अपने नृत्य प्रस्तुती से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं स्थानीय पत्रकार नंद किशोर साय ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को एवं स्वागत करते हुए जीत की बधाई दी एवं कहा कि यह चुनाव सिर्फ.एक पद का नहीं, बल्कि पत्रकार समाज के प्रति एक बड़ी ज़िम्मेदारी का है।


**सिविल सर्जन कार्यालय, सिमडेगा**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत नियुक्ति हेतु आमंत्रण सूचना
विज्ञापन संख्या :– 01/NHM/2025

सिमडेगा जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत् विभिन्न जिला स्तरीय पदों पर नियुक्ति हेतु योग्यताधारी अभ्यर्थियों से दिये गये विहित प्रपत्र में निर्धारित तिथि तक निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र दिनांक 10.01.2026 के अपराह्न 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। नियुक्ति हेतु पदों एवं योग्यता की विवरणी सिमडेगा जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in तथा सिविल सर्जन कार्यालय, सिमडेगा के सूचनापट्ट पर प्रकाशित कर दी गयी है।

ह0/–
सिविल सर्जन,
सिमडेगा।

ह0/–
उपायुक्त
सिमडेगा।

PR 368793 Simdega(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी**
चाईबासा रोड, खूँटी, पिन–835210, फोन नं०–06528-299928
(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)

पत्रांक........................./ दिनांक......................../

**–:: अति अल्पावधि भाव आमंत्रण सूचना ::–**
**(प्रथम आमंत्रण)**

मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक प्रोग्राम मैनजमेंट यूनिट (राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन) पेयजल एवं स्वच्छता, विभाग झारखण्ड राँची का पत्रांक Chemicals Procurement (B)-140/2008(Part-IX)1165/SWM दिनांक 24.10.2025 के अनुपालन में जिला स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला में उपकरण मरम्मति किया जाना है। उक्त सामग्री का निम्न अंकित उपकरण मरम्मति के अनुरूप निबंधित दुकानदार/ डिलर से आपूर्ति करने हेतु भाव पत्र (कोटेशन) आमंत्रित किया जाता है। उपकरण मरम्मति की जाने वाली सामग्रीयों के दर के साथ भाव पत्र से दिनांक 24.12.25 को 01:00 बजे अपराह्न तक बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जाएगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा उनके कार्यालय कक्ष में जमा सभी बन्द लिफाफों को दिनांक – 24.12.25 को 04:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोला जाएगा। इस कार्य हेतु मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक (PMU) का निर्देश प्राप्त है।

| Sl. No. | Name of Equipment | Specification of Equipment to be Repaired | Qty | Quoted Rate by Bidder In per Unit with taxes | | Date of Opening of Quatation |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Rate in Figure | Rate in Words | |
| 1. | Bacteriological Incubator | YOMA/220/230 Volt/1/Cy/A.C | 01 | | | 24.12.25 को 04:00 बजे अपराह्न |
| 2. | TDS Meter | DIST- By HANNA | 01 | | | |

नोटः– इस नोटिस से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी के सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट अथवा वेबसाईट www.dwsd.Jharkhand.gov.in लिन्क http://112.133.209.136:8000/dwsd/home.aspx पर देखा एवं किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 368779 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा**

ई–प्रोक्युरमेंट सूचना

अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/03/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Staff Quarter & Toilet at Meso Hospital Soy Bano, Block- Bano, Dist- Simdega. | 22.70910 | 45500.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 2 | Construction of New Staire & new Room & Paver Work in front of Gate in Meso Hospital Soy Bano, Dist- Simdega. | 22.11434 | 44500.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 3 | Construction of Parking Shed at Meso Hospital Soy Bano, Block- Bano, Dist- Simdega | 7.41930 | 15000.00 | 1250.00 | 4 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.12.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 20.12.2025 से दिनांक 27.12.2025 को अपराह्न 3:00बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 27.12.2025 अपराह्न 4:30 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8083010040 (कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,सिमडेगा

PR 368785 Simdega(25-26).D

## प्रदूषण अब राष्ट्रीय समस्या

प्रदूषण अब केवल दिल्ली और एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) की समस्या नहीं है, यह देश के करीब साठ फीसदी इलाके की समस्या बन गया है। दिल्ली में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 पार कर चुका है और प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले मानक-ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (गैप)-चार को पूरे एनसीआर में बार-बार लागू किया जा रहा है। इसे प्रदूषण के मामले में आपात स्थिति माना जाता है। निर्माण कार्य और बड़े वाहनों की आवाजाही रोकने के अलावा लोगों को घरों से बाहर निकलने को एक तरह से सीमित कर दिया जाता है। खासकर बच्चे और साठ साल से ज्यादा उम्र वालों पर इस हालात का ज्यादा असर होता है। सांस की बीमारियों के अलावा अनेक भयावह बीमारियों का सबसे बड़ा कारण प्रदूषण माना जाता है। अब मुंबई जैसे समुद्र के किनारे बसे महानगर में भी एक्यूआई 150 पार करने पर गैप लागू कर दिया गया है। एक्यूआई का 100 पार हो जाना ही खतरनाक माना जाता है। मुंबई में प्रदूषण का बड़ा कारण बेहिसाब हो रहे निर्माण कार्य और वाहनों की भीड़ माना जा रहा है। दक्षिण भारत के बड़े शहरों के अलावा पुणे, रांची और पहाड़ों पर बसे शहरों के साथ पूरा देश प्रदूषण के भयावह संकट का सामना कर रहा है। यह संकट जितना बड़ा है, समाधान उससे ज्यादा कठिन हो रहा है। अदालतों की फटकार और वैज्ञानिकों के तमाम सुझाव इस संकट को कम नहीं कर पा रहे हैं। अब तो प्रदूषण एक तरह से स्थाई समस्या बन गया है। जाड़ों की सुबह आसमान कोहरे से ढंका रहे, अब यह असंभव लगने लगा है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के इलाके में सवेरे-शाम ही नहीं दिन-रात के ज्यादातर समय प्रदूषण से ढंका रहने लगा है। सरकारें चाहे जो दावा करें लेकिन हर साल हालात बदतर होते जा रहे हैं। जिनके बूते में है या जिनके पास विकल्प है, वे इस इलाके से पलायन कर रहे हैं या जाड़े के समय किसी अन्य स्थान पर जा रहे हैं। हालांकि ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। ज्यादातर लोग जान जोखिम में रख कर दिल्ली-एनसीआर में जीने को मजबूर हैं। इस भीषण प्रदूषण के कारण अनेक लोगों की जान चली गई और बड़ी तादाद में लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। देश का सबसे प्रतिष्ठित अस्पताल एम्स इसे मेडिकल इमरजेंसी तक मान चुका है। तभी बार-बार प्रदूषण से लोगों की जान बचाने के लिए गैप-4 लागू किया जा रहा है। दिल्ली में यह कई साल पहले साबित हो चुका है कि केवल आधे कारों को हर रोज सड़क पर आने से रोकने से वायु प्रदूषण में ज्यादा कमी नहीं आने वाली है दूसरे, सरकारी कुव्यवस्था को झेल रहे सार्वजनिक परिवहन प्रणाली इस बार इस हालत में भी नहीं है कि दिल्ली सरकार इस बार निजी कारों का सम-विषम का फिर से प्रयोग कर सके। दिल्ली की लाइफ लाइन बनी मेट्रो रेल को सामाजिक दूरी के हिसाब से तमाम एहतियात के साथ चलाया जा रहा है। उसे पहले की तरह हर रोज 60 लाख से ज्यादा यात्रियों को यात्रा कराने की क्षमता बनाने अभी समय लगेगा। इतना ही नहीं मेट्रो भी अब कम आय वालों के बूते से बाहर होती जा रही है। दिल्ली की बेहिसाब आबादी को प्रदूषण का कारण माना जा रहा है। पहले अवैध औद्यौगिक इलाके, एक राज्य से दूसरे राज्य जाने वाले ट्रक-बस आदि के चलते भी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने का कारण माना जाता था। वैसे अभी भी अवैध उद्योग हैं, भले उनकी संख्या कम हुई है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए किसी भी नए उत्पादन ईकाई (मैनिफ्कैचरिंग यूनिट) को लाईसेंस देने पर पाबंदी लगा दी। दिल्ली के चारों ओर ईस्टर्न पेरिफेरियल और वेस्टर्न पेरिफेरियल सड़क बन जाने से दिल्ली होकर एक राज्य से दूसरे राज्य जाने वाले ट्रकों का दिल्ली के भीतर आना कम हुआ है। देश के कई शहरों और राज्यों में प्रदूषण की यही हालत हो रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश की 60 फीसदी आबादी प्रदूषण से जूझ रही है। दिल्ली और एनसीआर में रह रहे लोग प्रदूषण नियंत्रण करने की विभिन्न योजनाओं और उपायों से लगातार परिचित होते जा रहे हैं। इनकी फेहरिस्त देखें तो कभी डीजल के वाहनों पर पाबंदी, कभी निर्माण कार्यों पर रोक, कभी स्कूल बंद तो तभी दफ्तरों में घर से काम करने के आदेश से लेकर कोरोना की तरह बेहद जरूरी होने पर ही घर से निकलने की सलाह सरकार दे रही है।

# अमीरी की जीवनशैली, प्रदूषण का बोझ और गरीब की त्रासदी

**ललित गर्ग**



देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आज जिस घातक पर्यावरण संकट से गुजर रही है, वह केवल एक शहर की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के लिये चेतावनी है। विडंबना यह है कि इस संकट के नाम पर जो तात्कालिक उपाय लागू किए जाते हैं, उनका सबसे बड़ा खामियाजा वही तबका भुगतता है, जिसकी इसमें सबसे कम भूमिका होती है-गरीब और श्रमिक वर्ग। इसी पीड़ा को शब्द देते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अमीरों की जीवनशैली से पैदा हुई मुश्किलों का सामना गरीबों को करना पड़ता है। यह टिप्पणी न केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और नैतिक चेतना को झकझोरने वाली भी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह मर्मस्पर्शी टिप्पणी की। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमित्र अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर करते हुए अदालत ने स्पष्ट कहा कि ग्रैप-4 जैसी सख्त पाबंदियों का सबसे ज्यादा असर गरीबों पर पड़ता है। निर्माण कार्य रुकते हैं, दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी ठप हो जाती है, जबकि प्रदूषण पैदा करने वाली जीवनशैली में शामिल संपन्न तबके पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ता। मुख्य न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या की जड़ अमीरों की जीवनशैली है और समाधान भी वहीं से शुरू होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत ऐसे प्रभावी और लागू करने योग्य आदेश पारित करेगी, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सख्ती से लागू भी किया जा सकेगा।

जस्टिस सूर्यकांत का कहना था कि महानगरों में लोगों की अपनी अलग जीवनशैली होती है, जिन्हें वे बदलना नहीं चाहते। यही वजह है कि समस्या अमीरी की वजह से होती है, लेकिन झेलना गरीब को पड़ता है। दरअसल, अदालत की सोच रही है कि हमारा परिवेश-पर्यावरण साफ-सुथरा रहे, इसके लिये हम सबको अपने कुछ सुखों का त्याग करना होगा, अपने जीवन को पर्यावरण के अनुकूल ढालना होगा एवं प्रकृति-एवं पर्यावरण के प्रति सकारात्मक रवैया अपना होगा। यह जानते हुए कि पर्यावरण पर आने वाले संकट व प्रदूषित हवा का अमीर-गरीब पर समान असर पड़ता है फिर भी अमीर लोग इससे बेपरवाह रहते हैं। निस्संदेह, शीर्ष अदालत ने समाज की दुखती रग पर हाथ रखा है। चौड़ी होती सड़कें, नए फ्लाईओवर और हाईवे बनने के बावजूद जाम और प्रदूषण कम नहीं हो रहे। कारण साफ है निजी वाहनों का बेहिसाब इस्तेमाल। एक व्यक्ति, एक कार का चलन न केवल सड़क की जगह घेरता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कई गुना बढ़ाता है। कभी ऑड-इवन जैसी योजनाओं पर चर्चा हुई, कार-पूलिंग की बात चली, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुगम और भरोसेमंद बनाने की इच्छाशक्ति लगातार कमजोर रही।

आज एसी, कूलर और अन्य वातानुकूलन साधनों का बढ़ता उपयोग भी पर्यावरण संकट को गहराता जा रहा है। इससे बिजली की खपत बढ़ती है, तापमान में वृद्धि होती है और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषण का दायरा फैलता है। उद्योगों में भी पर्यावरणीय नियमों का ईमानदार पालन नहीं होता। जल संकट इसका एक और क्रूर उदाहरण है-जहां झुग्गी-बस्तियों में पीने के पानी की किल्लत है, वहीं पॉश कॉलोनियों में लॉन सींचे जाते हैं, कारें धुलती हैं और स्विमिंग पूल भरे रहते हैं। कुदरत ने हवा, पानी और संसाधन सभी के लिये दिए हैं, लेकिन अमीरी के असमान दखल ने इनके वितरण को अन्यायपूर्ण बना दिया है। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तो करते हैं, लेकिन ठोस और दीर्घकालिक समाधान सामने नहीं आते।

अब समय आ गया है कि सरकार और जनता-दोनों अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं। सरकार को सार्वजनिक परिवहन को मजबूत, सस्ता और आकर्षक बनाना होगा, उद्योगों पर पर्यावरणीय नियमों का कड़ाई से पालन कराना होगा और शहरी विकास की नीतियों को पर्यावरण-संवेदनशील बनाना होगा। वहीं जनता को भी अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा-अनावश्यक वाहन उपयोग से बचना, ऊर्जा की खपत कम करना, एसी और अन्य सुविधाओं का संयमित इस्तेमाल करना और साझा संसाधनों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा। विडंबना यह है कि सत्ताधीशों ने दिल्ली में सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट को सशक्त करने को प्राथमिकता नहीं दी। यदि सार्वजनिक परिवहन सस्ता व सहज उपलब्ध होता तो शायद सड़कों पर कारों का दबाव कम होता। हाल के दिनों में संपन्न व मध्यम वर्ग में एसी व अन्य वातानुकूलन उपायों के उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इससे जहां प्रदूषण बढ़ाने वाली बिजली की खपत बढ़ी है, वहीं बाहर का तापमान व कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा है। इसी तरह तमाम अमीरों द्वारा संचालित उद्योगों में उन उपायों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया जो पर्यावरण में प्रदूषण कम करने में सहायक होते हैं।

सरकारों की नीतिगत विफलता इस बढ़ते वायु प्रदूषण की त्रासदी का बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। हर साल सर्दियों में दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब कुछ दिन के लिए ह्यआपात कदमह्ल उठाए जाते हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है। नीतियों में पारदर्शिता का अभाव और उद्योगपतियों का दबाव भी एक गहरी समस्या है। कोयला आधारित उद्योगों, पेट्रोलियम कंपनियों और निर्माण व्यवसाय से जुड़ी लॉबी सरकारों पर ऐसा प्रभाव बनाए रखती हैं कि कठोर कदम उठाना राजनीतिक दृष्टि से असुविधाजनक बन जाता है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण को हमेशा ह्यमहंगा विकल्पह्ल बताकर टाला जाता है, जबकि वास्तव में यह निवेश मानव जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा में है।

वायु प्रदूषण का संकट केवल वातावरण में धूल और धुएं का मामला नहीं है, यह आर्थिक अन्याय, राजनीतिक असंवेदनशीलता और सामाजिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। जो सरकारें जनजीवन सुधारने का वादा करती हैं, वे हवा की गुणवत्ता सुधारने में विफल रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दस प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान केवल पैसों में नहीं, बल्कि मानव संसाधन की हानि, स्वास्थ्य पर बोझ और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में भी दिखाई देता है। अब समय है कि इस संकट को केवल पर्यावरणीय मुद्दा न मानकर एक सामाजिक और नैतिक चुनौती के रूप में देखा जाए। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे छिनता जा रहा है। अमीरों को अपनी जीवनशैली पर संयम लाना होगा, अपने निवेशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ना होगा, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से दूरी बनानी होगी। सरकारों को सख्त नीति बनानी चाहिए, जो न केवल प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करे बल्कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने वालों को प्रोत्साहन दे।

वायु प्रदूषण एक सामूहिक अपराध बन गया है जिसमें अपराधी कम और पीड़ित अधिक हैं। अब यह वक्त है जब विकास की परिभाषा में स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण को सबसे ऊपर रखा जाए। सरकारें यदि सचमुच राष्ट्र की समृद्धि चाहती हैं, नया भारत-विकसित भारत बनाना चाहती है तो उन्हें सांसों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। अमीर तबके को भी यह समझना होगा कि जिस हवा को वे अपने निवेशों से दूषित कर रहे हैं, वह अंततः उन्हीं की अगली पीढ़ियों की सांसों को रोक देगी। वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण को लेकर किसी किस्म की उदासीनता देश और मानवता के साथ अन्याय होगा। अमीरी होना कोई अपराध नहीं, लेकिन अमीरी की कीमत अगर गरीब चुकाए, तो वह सभ्य समाज की हार है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी और सोच हमें यही संदेश देती है कि स्वच्छ पर्यावरण के लिये कुछ सुखों का त्याग अनिवार्य है। यदि आज हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो आने वाली पीढ़ियों को हम केवल प्रदूषित हवा, सूखते जलस्रोत और असमानता की विरासत ही सौंप पाएंगे।

# स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पर सबसे बड़ा संकट

**निर्मल रानी**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारतवर्ष में दुनिया की सबसे जटिल समझी जाने वाली चुनावी प्रक्रिया को अपनाने व इसे पूरा कराने को लेकर जिस केंद्रीय चुनाव आयोग की पीठ पूरी दुनिया थपथपाया करती थी व दुनिया के विभिन्न देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडल व चुनाव विशेषज्ञ जिस भारतीय चुनाव संचालन को देखने व समझने के लिये अब भी भारत आते रहते हैं वही चुनाव व चुनाव आयोग इन दिनों विपक्षी दलों के अति गंभीर आरोपों से जूझ रहा है। चुनाव आयोग व इस तरह के कई अन्य केंद्रीय संस्थानों पर सत्ता का पक्षपात करने के आरोप तो पहले भी लगते रहे हैं। परन्तु वर्तमान चुनाव आयोग जिसतरह सत्ता को फायदा पहुँचाने वाले नए नए चुनावी नियम बना रहा है, विपक्ष की प्रमाण सहित दी जाने वाली शिकयतों की अनसुनी कर रहा है,सत्ता द्वारा चुनाव आचार संहिता की धज्जियाँ उड़ाने के बावजूद आँखें मूंदे बैठा रहता है,और अब एस आई आर के बहाने कथित तौर पर जहाँ करोड़ों फर्जी मतों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है वहीँ संभावित रूप से विपक्ष की ओर जाने वाले मतों को चिन्हित कर उन्हें किसी न किसी बहाने से मतदाता सूची से काटने का काम किया जा रहा है। यानी स्पष्ट रूप से लोकततंत्र में लोक के मताधिकार पर 'डाका ' डाला जा रहा है।

वैसे तो पूरा विपक्ष ही चुनाव आयोग को केवल संदेह नहीं बल्कि सत्ता से मिलकर संविधान के साथ विश्वासघात किये जाने की दृष्टि से देख रहा है। लोक सभा व राज्य सभा के सर्वोच्च सदनों में चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। परन्तु नेता विपक्ष राहुल गाँधी ने तो चुनाव आयोग द्वारा की और करायी जाने वाली धांधली पर तो बाकायदा 'शोध' कर डाला है। और वे अपने इस चुनाव धांधली सम्बन्धी 'शोध परिणाम' को प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित करने से लेकर जनता जनार्दन के बीच सड़कों व गलियों तक पहुँच रहे हैं। इस संबंध वे अब तक 4 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 'वोट चोरी ' के पूरे सबूत पेश कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे अगस्त-सितंबर 2025 के बीच बिहार में 16 दिनों की 1,300 किमी लंबी वोटर अधिकार यात्रा भी रक्फ़ के विरुद्ध निकाल चुके हैं। इसके अलावा 200 से अधिक सांसदों व विधायकों के साथ वे 11 अगस्त 2025 को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त मुख्यालय तक एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन रुपी पैदल मार्च भी कर चुके हैं। एक ओर तो राहुल चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार ही आयोग द्वारा बरती गयी अनियमितताओं संबंधी साक्ष्य पेश करते हैं तो दूसरी ओर चुनाव आयोग कभी इन आरोपों को 'बेबुनियाद' बता कर अपना पल्ला झाड़ लेता है तो कभी उल्टे राहुल से ही शपथ-पत्र मांगने लगता है।

परन्तु लगता है कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी ने तो गोया चुनाव आयोग को पूरी तरह बेनकाब करने का संकल्प ही कर लिया है। गत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस ने एक विशाल रैली आयोजित की। 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के शीर्षक से किये गये इस आयोजन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देशभर से लाखों कार्यकर्ता जुटाये। इस रैली का भी मुख्य उद्देश्य हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में हाल के विधानसभा चुनावों में कथित 'वोट चोरी' और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप लगाना था। इस विशाल रैली में भी कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस तरह की किसी रैली में यह पहला मौका था जब कि सीधे तौर पर सबसे तीखा हमला मुख्य चुनाव आयुक्त और उसके दो आयुक्तों पर बोला गया। सांसद प्रियंका गाँधी ने एक बार और राहुल गांधी ने तो दो बार अपने भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी का नाम लेकर उनपर सीधे निशाना साधा। इन नेताओं ने उनका नाम लेते हुये आरोप लगाया कि 'चुनाव आयोग भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है, वोट चोरी को संरक्षण दे रहा है तथा आयोग निष्पक्ष नहीं है। ये लोग नहीं भूलें कि वे देश के चुनाव आयुक्त हैं, नरेंद्र मोदी के नहीं।' राहुल ने यह भी कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयुक्तों को कानूनी सुरक्षा (इम्यूनिटी) देने वाला कानून बदला है, ताकि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। कांग्रेस सत्ता में आने पर इस कानून को बदलेगी और आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यहाँ भी राहुल ने दोहराया कि 'चुनाव आयोग असत्य के साथ खड़ा नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे हरियाणा में चुनाव चोरी हुआ, किस तरह कर्नाटक में लाखों वोट डिलीट हुए और महाराष्ट्र में फर्जी वोट जोड़े गए परन्तु चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया।' यहाँ भी राहुल ने चुनावी धांधलियों के कई और उदाहरण पेश किये। यही नहीं बल्कि राहुल गांधी द्वारा देश भर से चुनाव आयोग के विरुद्ध लगभग 6 करोड़ हस्ताक्षर कराए गए हैं। यह अभियान कथित वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ चलाया गया था, और इन हस्ताक्षरों को राष्ट्रपति को सौंपने की योजना है। इन 6 करोड़ हस्ताक्षर को भी 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान प्रदर्शित किया गया।

इसी रैली में कांग्रेस के कई प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया को हर कदम पर संदिग्ध बताते हुये संस्थाओं पर दबाव डालने का आरोप लगाया जबकि कुछ वक्ताओं ने चुनाव आयोग को भाजपा की कठपुतली बताते हुये आयोग पर सबूतों की जांच नहीं करने का भी आरोप लगाया। कुछ नेताओं का मत था कि देश में निष्पक्ष अंपायर की कमी है। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो मुख्य रूप से भाजपा पर ₹वोट चोरी₹ करके सत्ता में आने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग पर अप्रत्यक्ष रूप से सवाल उठाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह रैली कांग्रेस की ओर से चुनावी अनियमितताओं के खिलाफ अब तक का एक सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन थी, जिसमें चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सार्वजनिक रूप से खुलकर गंभीर सवाल उठाए गए। साथ ही यह भी सच है कि चुनाव आयोग पर प्रमाण सहित लगने वाले इसतरह के आरोपों और आयोग द्वारा इन आरोप को नजर अंदाज करने से भी स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा यहाँ पर भी सबसे बड़ा संकट सामने आ खड़ा हुआ है।

### सूडोकु नवताल- 7647

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7646 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# दुनिया को डरा रहा है इस्लाम का जिहाद

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

दुनिया एक बार फिर ऐसे प्रश्नों के सामने खड़ी है, जिनसे मुँह मोड़ना अब संभव नहीं। 14 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का उत्सव मना रहे यहूदियों पर हुआ घातक हमला सिर्फ एक आतंकी घटना नहीं कहा जा सकता है। यह उस वैचारिक संकट का प्रतीक है जो बीते दशकों से लगातार गहराता जा रहा है। साजिद और उसके बेटे नवीद द्वारा की गई इस अंधाधुंध गोलीबारी में 15 निर्दोष लोगों की मौत और कई के घायल होने के बाद यह सवाल फिर उभरा है कि आखिर वह कौन-सी सोच है जो धार्मिक पहचान के आधार पर हिंसा को जिहाद का नाम देकर उसे सही ठहराती है। जिसमें यह घटना ऐसे देश में घटी है, जहाँ न मुसलमानों पर कोई अत्याचार हो रहा था और न ही धार्मिक स्वतंत्रता पर कोई संकट है। ऑस्ट्रेलिया की इस घटना के बाद नवीद अकरम का छह वर्ष पुराना वीडियो सामने आया है जो उसकी मानसिक संरचना को समझने में मदद करता है। वीडियो में वह कहता है कि अल्लाह का कानून हर पढ़ाई और हर काम से ऊपर है और उसे हर किसी तक पहुँचाया जाना चाहिए। यह वाक्य साधारण नहीं है। यह उस सोच का प्रतिबिंब है, जिसमें सांसारिक शिक्षा, आधुनिक कानून और नागरिक कर्तव्यों से ऊपर एक धार्मिक (मजहबी) कानून को स्थापित किया जाता है। यही वह बिंदु है, जहाँ समस्या केवल व्यक्ति की नहीं रह जाती है, वह विचारधारा की बन जाती है।

यह प्रश्न स्वाभाविक है कि "अल्लाह का कानून" आखिर है क्या। इस्लाम में इसे व्यापक रूप से शरिया के रूप में जाना जाता है। मुसलमानों के लिए यह धार्मिक आस्था से अधिक जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति मानी जाती है। इसी क्रम में सीरा, यानी पैगंबर मुहम्मद की जीवनी को आदर्श जीवन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस्लामी ग्रंथों की कुछ व्याख्याएँ ऐसी भी हैं, जिनमें दुनिया को मुसलमानों और गैर-मुसलमानों के बीच स्पष्ट रूप से विभाजित किया गया है। गैर-मुस्लिम क्षेत्रों को "दारुल-हरब" कहा गया है, यानी युद्ध का क्षेत्र। ऐसी व्याख्या में प्रमुखता से जिहाद शामिल है, जिसमें यह मान लिया गया है कि जो इस्लाम को स्वीकार नहीं करता, वह "शिर्क" और "बुतपरस्ती" के जुल्म में लिप्त है और उस जुल्म को समाप्त करना हर मुसलमान का मजहबी कर्तव्य है। इस दृष्टिकोण में हिंसा आत्मरक्षा नहीं रहती, वह आक्रामक मजहबी अभियान बन जाती है।

यही कारण है कि इतिहास से लेकर वर्तमान तक, जिहाद शब्द का प्रयोग अक्सर हथियारबंद संघर्ष के अर्थ में हुआ है। कुरान का नौवां अध्याय, जो जिहाद पर केंद्रित माना जाता है, युद्ध और संघर्ष के संदर्भों से भरा है। कुरान (9:111) में "अल्लाह के काम" के लिए "कत्ल करना और कत्ल होना" का उल्लेख मिलता है। इसी अध्याय की आयतें–9:5, 9:29, 9:41, 9:73, 9:123 आक्रामक संघर्ष के आह्वान के रूप में उद्धृत की जाती रही हैं। हदीस-साहित्य में भी ऐसे कथन मिलते हैं, जिनका उपयोग वर्चस्ववादी दृष्टि को पुष्ट करने में किया गया है। उदाहरण के तौर पर सहीह बुखारी (4:53:392) में उद्धृत कथन, तुम सुरक्षित रहोगे, अगर इस्लाम कबूल कर लो। यह पूरी दुनिया अल्लाह की और मेरी है को इतिहास में यहूदियों और अन्य गैर-मुसलमानों पर दबाव के औचित्य के रूप में पढ़ा गया है।

इसी प्रकार कुरान के दूसरे अध्याय की कुछ आयतों की व्याख्याएँ गैर-मुसलमानों को अधीन करने, धर्मांतरण या जजिया के लिए मजबूर करने के रूप में प्रस्तुत की गई हैं। यही कारण है कि सदियों के इस्लामी इतिहास में "हथियारबंद लड़ाई" और "जिहाद" को अक्सर समानार्थी की तरह समझा गया। इन आयतों की व्याख्या को लेकर विद्वानों में मतभेद हो सकते हैं, किंतु यह तथ्य नकारा नहीं जा सकता कि कट्टरपंथी समूह इन्हीं व्याख्याओं को आधार बनाकर हिंसा को धार्मिक वैधता प्रदान करते हैं।

इसी पृष्ठभूमि में भारत में जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिए गए हालिया जिहाद संबंधी वक्तव्य को जरूर देखना चाहिए, उनका कहना है कि "जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा" और यह कि जिहाद का मूल अर्थ आत्मसंघर्ष, बुराइयों से मुक्ति और अन्याय के विरुद्ध प्रतिरोध है। वे इसे एक पवित्र शब्द बताते हैं और यहां तक प्रस्ताव रखते हैं कि जिहाद के वास्तविक अर्थ को स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। सिद्धांत रूप में यह बात आकर्षक लग सकती है किंतु व्यवहार की धरातल पर जो हो रहा है, वह इन दावों से मेल नहीं खाता। न भारत में और न ही ऑस्ट्रेलिया में ऐसी कोई स्थिति थी, जिसे जुल्म कहकर हिंसा को जायज ठहराया जा सके। फिर भी निर्दोष गैर-मुसलमानों की हत्या का सिलसिला पूरी दुनिया में चल रहा है!

कहना होगा कि इस वैचारिक ढांचे का परिणाम आज पूरी दुनिया झेल रही है। जम्मू-कश्मीर में लगातार हिंदू यात्रियों और सुरक्षा बलों पर हमले हों, यूरोप में चर्चों, यहूदी केंद्रों और स्कूलों को निशाना बनाया जाए, रूस के मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल में सामूहिक हत्या हो या अफ्रीका में गैर-मुस्लिम गांवों पर धावा बोलना रहा है, हर जगह इसे देखा जा सकता है। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि इस आलोचना का उद्देश्य पूरे मुस्लिम समाज को कटघरे में खड़ा करना नहीं है। किंतु यह भी उतना ही सच है कि जब तक इस्लाम के भीतर मौजूद कट्टर और आक्रामक व्याख्याओं पर खुली बहस और आत्मालोचना नहीं होगी, तब तक यह समस्या समाप्त नहीं होगी।

## दैनिक पंचांग

**18 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.26 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मकर | 08.35 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.21 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.54 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.25 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.05 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.03 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.16 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.33 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | कन्या | 23.44 बजे से |
| | | तुला | 01.55 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.10 ब.से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 352 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 05.00 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 20.07 बजे को समाप्त। **योग** धृति 15.06 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 15.48 बजे तदनन्तर शकुनि 05.00 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 23' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872562 **जूलियन दिन** 2461027.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 26 **विशेष** मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### अनुकंपा पर नियुक्त तृतीय वर्ग कर्मियों की कंप्यूटर दक्षता जांच परीक्षा आयोजित



**सिमडेगा :** समाहरणालय सिमडेगा स्थित एनआईसी कार्यालय में अनुकंपा के आधार पर तृतीय वर्ग में नियुक्त कर्मियों की कंप्यूटर दक्षता जांच परीक्षा आयोजित की गई। दक्षता परीक्षा में संबंधित सभी कर्मी उपस्थित होकर निर्धारित मानकों के अनुसार कंप्यूटर ज्ञान एवं कार्यकुशलता का प्रदर्शन किया। यह परीक्षा कर्मियों की तकनीकी दक्षता आंकने के उद्देश्य से ली गई, ताकि कार्यालयी कार्यों को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संपादित किया जा सके। परीक्षा के दौरान एनआईसी के डीआईओ गौरव कुमार सहित स्थापना शाखा के कर्मी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब ने किया गर्म कपड़ों का वितरण

**रामगढ़ :** रोटरी सिटी के तत्वावधान में बुधवार को सामाजिक सेवा परियोजना का आयोजन बिरहोर टोला, बसंतपुर पंचायत में किया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने बिरहोर जनजाति के परिवारों के बीच ऊनी कपड़े और जरूरी कपडों का वितरण किया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में जरूरतमंद आदिवासी परिवारों को राहत देना था। उन्होंने बताया कि रोटरी रामगढ़ सिटी इस ठंड के मौसम में लगातार गरीब लोगो को ऊनी वस्त्र देकर ठंड से राहत दिला रहा है। सेवा परियोजना के प्रोजेक्ट चेयरमैन दीपक अग्रवाल और दीपा अग्रवाल ने कहा कि जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में हरीश चौधरी, उमेश राजगढ़िया, राजू अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### छात्रवृत्ति की मांग को लेकर आजसू ने निकाला जनाक्रोश मार्च

रामगढ़ : जिले में आजसू छात्र संघ के नेतृत्व में हजारों छात्रों ने जनाक्रोश मार्च निकाला। बुधवार को ओबीसी, एससी, एसटी छात्रों के लंबित छात्रवृत्ति भुगतान कराने के मुद्दे पर आजसू छात्र संघ ने शिक्षा के लिए भिक्षा नामक जनाक्रोश मार्च निकाली। कार्यक्रम के दौरान जेल मोड़ से निकलकर छात्रों ने डीसी कार्यालय तक रैली निकाली। रैली के माध्यम से संघ ने डीसी को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपकर लंबित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति भुगतान की मांग रखी। जनाक्रोश मार्च का नेतृत्व आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बब्लू महतो, वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव सहित अन्य नेताओं ने किया। सभी ने लंबित 2024झ25 छात्रवृत्ति को तत्काल भुगतान करने, ई-कल्यान पोर्टल पर सभी लंबित आवेदनों की स्थिति सार्वजनिक करने और जिला स्तर पर हुई देरी की जांच करने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि यह मार्च किसी पार्टी या व्यक्ति का आंदोलन नहीं। यह उन लाखों विद्यार्थियों की पुकार है, जो बेहतर शिक्षा, समान अवसर और सुरक्षित भविष्य चाहते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को स्पष्ट संदेश मिल गया है कि शिक्षा के साथ अन्याय अब बर्दाश्त नहीं होगा। जिला अध्यक्ष बब्लू महतो ने कहा कि हर छात्र को उसकी पूर्ण छात्रवृत्ति दिलाने तक आंदोलन चलता रहेगा। यह लड़ाई सिर्फ छात्रवृत्ति की नहीं बल्कि न्याय, अधिकार और जवाबदेही की है। पीयूष चौधरी ने कहा कि छात्रवृत्ति कोई दया नहीं, यह हमारा अधिकार है। सरकार की चुप्पी ने लाखों विद्यार्थियों का अकादमिक वर्ष खतरे में डाल दिया है।

# रामगढ़ में अवैध कोयला कारोबार : लोकल प्रशासन के सहयोग से चल रहा है खेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

> हर ईंट भट्ठे से प्रतिमाह 1.16 लाख की वसूली, सरकार को करोड़ों के राजस्व का हो रहा है नुकसान

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में अवैध कोयला कारोबार का एक नया अध्याय जुड़ गया है। जिले के सैकड़ों ईंट भट्ठों में बड़े पैमाने पर अवैध कोयले की खरीदारी शुरू हो गई है। यह अवैध कारोबार सरकारी मशीनरी के सहयोग से चल रहा है, जिससे सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है। जानकारी के अनुसार, रामगढ़ जिले में लगभग 140 ईंट भट्ठे हैं, जिनमें से अधिकांश अवैध कोयले से चल रहे हैं। इन ईंट भट्ठों में रोजाना दो ट्रैक्टर यानी 6 टन अवैध कोयला का प्रयोग किया जा रहा है। ईंट भट्ठा संचालक प्रत्येक ट्रैक्टर अवैध कोयले की खरीदारी के लिए 6000 देते हैं। अवैध कोयले की खरीदारी के लिए ईंट भट्ठा संचालकों को 1 लाख से अधिक रुपये देने पड़ते हैं। यह राशि विभागीय अधिकारियों को दी जाती है, जो अवैध कोयला कारोबार को संरक्षण देते हैं। रामगढ़ जिले में अवैध कोयला कारोबार का इतिहास पुराना है। कई दशकों से अवैध कोयले से ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। हर वर्ष संचालन से पहले यह तय किया जाता है कि एक ईंट भट्ठे को प्रतिमाह कितनी राशि देनी होगी। इस वर्ष भी अवैध कोयले की खपत को लेकर बैठक हो चुकी है तथा प्रतिमाह



कितनी राशि ईंट भट्ठा संचालकों को देनी होगी, यह तय हो चुका है। बाजार के हालात को देखते हुए इस वर्ष पिछले वर्ष की राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इस वर्ष भी जिले के उस मजबूत विभाग, जो मामला दर्ज कर सकता है, को प्रति ईंट भट्ठा संचालक द्वारा प्रतिमाह 1 लाख 15 हजार रुपये दिए जाएंगे। विभाग तक पैसा वसूल कर पहुंचाने वाला भी प्रति ईंट भट्ठा 1 हजार रुपये लेगा। इस प्रकार प्रति ईंट भट्ठा कुल 1 लाख 16 हजार रुपये की वसूली की जाएगी। अवैध कोयला कारोबार के परिणामस्वरूप सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, अवैध कोयला कारोबार से पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। अवैध कोयले के जलने से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि अवैध कोयला कारोबार को रोकने के लिए सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अवैध कोयला कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें सजा दिलानी चाहिए। रामगढ़ जिले में अवैध कोयला कारोबार एक बड़ा मुद्दा है। अवैध कोयला कारोबार से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। सरकार को अवैध कोयला कारोबार को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## हाथियों के हमले में चार लोगों की मौत मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**वेस्ट बोकारो :** घाटो में बुधवार को रामगढ़-केदला मुख्य मार्ग को मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर जाम किया। यह जाम सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहा। मालूम हो कि मंगलवार को आरा सारूबेड़ा में हाथियों के हमले में चार लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में एक सीसीएल का सुरक्षाकर्मी भी शामिल है। मृतकों की पहचान अमित कुमार, पार्वती देवी, सावित्री देवी और अमूल महतो के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने सरकार से मुआवजे की मांग की और हाथियों के झुंड को जंगल की ओर भेजने की मांग की। वेस्ट बोकारो घाटो टांड़ ओपी प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया कि उन्हें मुआवजा मिलेगा। कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान ने बताया कि मृतक के परिजनों को तत्काल 25 हजार रुपये दिए गए हैं और शेष राशि 3,75,000 रुपये प्रति व्यक्ति के कागजी कार्रवाई के बाद बैंक खातों में भेजी जाएगी। रेंजर ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया है कि हाथियों के झुंड को जंगल की ओर भेजने का काम जल्द ही किया जाएगा। वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार ने लोगों से अपील की है कि हाथियों के करीब न जाएं और शराब पीकर या वीडियो बनाने के लिए हाथियों के पास न जाएं।

## सलडेगा के चंद्रमा और करण राष्ट्रीय कला उत्सव में दिखाएंगे प्रतिभा, महाराष्ट्र रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** जिले के कला जगत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि सामने आई है। वनवासी कल्याण केंद्र झारखण्ड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा के दो प्रतिभावान छात्र, भैया चंद्रमा सिंह और भैया करण साहू ने अपनी अद्वितीय कला प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह पक्की कर ली है । ये दोनों छात्र झारखण्ड टीम के साथ महाराष्ट्र के पुणे रवाना हो गए, जहाँ वे 'राष्ट्रीय कला उत्सव 2025' में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। सफलता का सफरः सिमडेगा से पुणे तक इन दोनों युवा कलाकारों ने अपनी मेहनत और सृजनात्मकता से सफलता की सीढ़ियां चढ़ी हैंः जिला स्तरः सिमडेगा जिले में 'दृश्य कला 3डी' श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरः जिला स्तर के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बाजी मारते हुए पूरे झारखंड में प्रथम स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय कला उत्सव 2025 का आयोजन 20 से 25 दिसंबर तक पुणे (महाराष्ट्र) में किया जा रहा है ।यहाँ देशभर के चुनिंदा प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। चंद्रमा सिंह और करण साहू 'दृश्य कला 3डी विधा में पारंपरिक खेल खिलौने निर्माण प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक जी ने कहा की यह हमारे विद्यालय और पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। चंद्रमा और करण की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि सिमडेगा की माटी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और आचार्य परिवार ने दोनों भैयाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## बरकाकाना रेलवे स्टेशन रोड पर चला प्रशासन का बुलडोजर, दर्जनों घर-दुकानें ध्वस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** बरकाकाना रेलवे स्टेशन रोड पर प्रशासन ने बुधवार को बुलडोजर चलाकर सैकड़ों घर और दुकानें तोड़ दीं। इस कार्रवाई में लगभग 70 घर और दुकानें प्रभावित हुई हैं, जिनमें से कई परिवारों का यह एकमात्र रोजगार का साधन था। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे सैकड़ों वर्षों से इस इलाके में रह रहे हैं और उनकी दुकानें और घर उनकी जीविका का एकमात्र साधन हैं। पिछले कई महीनों से रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन द्वारा नोटिस दिए जाने के बावजूद उन्होंने अपनी दुकानें और घर नहीं हटाए थे। आज प्रशासन ने अचानक दो-दो जेसीबी लगाकर उनकी दुकानें और घर तोड़ दिए, जिससे उनका कमाया हुआ सारा पूंजी नष्ट हो गया। इस कार्रवाई में पुलिस बल और महिला पुलिस कर्मी भी तैनात थे, ताकि किसी भी प्रकार की स्थिति न बने। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है। वे अपना रोजगार और घर बढ़ाने की मांग कर रहे थे, लेकिन प्रशासन ने उनकी बात नहीं सुनी। अब उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। इस कार्रवाई के दौरान पतरातु अंचल के सीओ मनोज चौरसिया को दंड अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि उनका दुख जाने वाला कोई भी अधिकारी नहीं था।

## विवेकानंद शिशु विद्यालय में खेल महाकुंभ का भव्य शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित विवेकानंद शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ में आज खेल महाकुंभ का भव्य उद्घाटन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोर भारती प्रमुख रामा ओहदार तथा विशिष्ट अतिथि कन्या भारती की अध्यक्ष बहन रेणु कुमारी रहीं। अतिथियों द्वारा भारत माता, ॐ,सरस्वती माता, सरना माता एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस खेल महाकुंभ के अंतर्गत खो-खो, कबड्डी, गुलेल, फुटबॉल, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का समापन 22 दिसंबर 2025 को होगा, उद्घाटन दिवस पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिताओं में भैया वर्ग में एकलव्य दल बनाम भरत दल के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें भरत दल विजयी रहा। वहीं शिवाजी दल बनाम आरुणि दल के बीच हुए कबड्डी मैच में शिवाजी दल ने विजय प्राप्त की। बहन वर्ग में एकलव्य दल बनाम भरत दल के बीच खेले गए कबड्डी मैच में एकलव्य दल विजयी रहा।खेल महाकुंभ का उद्देश्य भैया- बहनों में शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के साथ-साथ खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क का विकास करना है।

# शारिरिक, मानसिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत हों गोंड समाज के युवा : रामचंद्र मांझी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरसई :** रेगारटोली बासेन में आयोजित 17वां वीर नारायण सिंह स्मारक सात दिवसीय खेल महोत्सव के पांचवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच, सिमडेगा के अध्यक्ष एवं समाजसेवी रामचंद्र मांझी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि युवा समाज और देश के भविष्य हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शारीरिक, मानसिक और शैक्षिक रूप से मजबूत बनें तथा समाज में टीम भावना का विकास करें। इसी उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजनों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज खेल के माध्यम से युवा एक अच्छे करियर की कल्पना कर सकते हैं। नशापान और अंधविश्वास से दूर रहकर समाज को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। साथ ही उन्होंने युवाओं को सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हिराधर मांझी ने कहा कि यदि युवा लगन और मेहनत से कार्य करें, तो जैसे वे खेल के मैदान में मैच जीत रहे हैं, वैसे ही जीवन में भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे गांव में युवाओं की टीम बनाकर गांव के विकास के लिए योजनाएं तैयार करें और लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने समाज में उच्च शिक्षा की आवश्यकता पर भी जोर दिया और इस दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुरजन भोय, देवनारायण मांझी, सन्नी मांझी ने भी अपने विचार रखे। पहला मैच वीर नारायण सिंह चौक और बाघडेगा पंचायत के बीच खेला गया, जिसमें वीर नारायण सिंह चौक की टीम ने 1झ0 गोल से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। गोंडवाना छात्रावास और अंबाटोली के बीच खेले गए मैच में गोंडवाना छात्रावास ने 3-0 से जीत हासिल की। वहीं, आसनबेड़ा और कादोपानी (उड़ीसा) के बीच खेले गए मैच में आसनबेड़ा की टीम ने 3झ2 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। इसके अलावा जूनियर वर्ग एवं बालिकाओं के भी मैच कराए गए। आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष भी जूनियर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों की कुल 30 टीमें भाग ले रही हैं। चयन समिति द्वारा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है, जिन्हें आगे बढ़ाने के लिए सामाजिक स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। जूनियर खिलाड़ियों के मैच देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक उमड़ रहे हैं और बच्चों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है। खेल महोत्सव का समापन 19 दिसंबर को वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर किया जाएगा। इस दिन एक सामाजिक सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में व्याख्यान श्रृंखला का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसका दूसरा दिन विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वामी धर्म बंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन हजारीबाग की प्राचार्य डॉ सारिका कुमारी ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरूआत में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन. साह ने आगंतुक अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन और शुभकामनाएं दीं। संस्था की सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित यह व्याख्यान माला विद्यार्थियों को सिखाने और अनुशीलन करने, मार्ग प्रशस्त और नवाचार को बढ़ाने वाली सिद्ध होगी। मुख्य वक्ता डॉ सारिका कुमारी ने ₹पाठ्यक्रम में व्यावहारिक गतिविधियों और वास्तविक जीवन के अनुभव को विषय अनुसार एकीकृत करने की तकनीकें₹ शीर्षक पर अपने विचार रखे। उन्होंने विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों को प्रतिबिंबित करने और समावेशिका को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण पद्धतियों को अनुकूलित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ (प्रो) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार और शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। लगभग 200 प्रशिक्षु भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस व्याख्यान श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नवीन सृजनात्मक शैली से जोड़ना और शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई दिशा प्रदान करना है।

### अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल में अग्निशमन यंत्र का समुचित उपयोग सिखाया गया



**रामगढ़ :** अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल, भरेच नगर, कुजू में अग्निशमन यंत्र का समुचित उपयोग सिखाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रामगढ़ के अग्निशमन अधिकारी महेंद्र सिंह और उनके सहयोगी ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी जोन एफ, निशिकांत कर ने आगंतुकों का स्वागत और सम्मान किया। महेंद्र सिंह ने अग्निशमन यंत्र का समुचित उपयोग कर अग्नि से सुरक्षा और बचाव के कई गुण बताएं और प्रयोग कर भी बच्चों को सिखाएं। उन्होंने गैस सिलेंडर की आग, डीजल या पेट्रोल से लगी आग, छोटे या बड़े कमरे में लगी आग, सार्वजनिक या एकांत स्थान पर लगी आग को बुझाने के बारे में खुद प्रयोग कर बताया। इसके अलावा, उन्होंने किसी भी दुर्घटना में घायल को कैसे बचाया जा सकता है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर कैसे ले जाया जा सकता है, के विषय में भी बताया। विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत कर ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें यथास्थान अग्निशमन यंत्र की उपयोगिता को समझने की बात कही। विद्यालय के कुछ विद्यार्थी भी प्रयोग के तौर पर अग्निशमन यंत्रों का उपयोग कर सुरक्षा और बचाव की जानकारी प्राप्त किए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल थे। सभी अग्नि शमन यंत्र के उपयोग से परिचित हुए और अग्नि से सुरक्षा के महत्व को समझा।

### भूरकुंडा माइंस में सुरक्षा का महाकुंभ : 68वां वार्षिक माइन सेफ्टी-2025 का हुआ आयोजन



**भूरकुंडा :** भूरकुंडा माइंस में 68वां वार्षिक माइन सेफ्टी-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी.डी.एम.एस. दयाननपा अंदुर रहे। भूरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यर्थी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि मंच संचालन मैनेजर कमर फहीम ने किया। डॉन बॉस्को स्कूल, जवाहर नगर की छात्राओं द्वारा तिलक व पगड़ी पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। झंडोतोलन, सुरक्षा शपथ, दिवंगत कर्मियों की स्मृति में दो मिनट का मौन, दीप प्रज्ज्वलन एवं गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई तथा बेहतर कार्य करने वाले कोल कर्मियों को सम्मानित किया गया। बेस्ट ओवरमैन एस.एम. राजकुमार और सीनियर ओवरमैन पप्पू सिंह सहित कई कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है और हमें इसे बनाए रखने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमें सुरक्षा के महत्व को समझने में मदद मिलती है और हम अपने काम को और भी सुरक्षित तरीके से कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सुरक्षा शपथ ली और संकल्प लिया कि वे अपने काम में सुरक्षा को प्राथमिकता देंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### ए'ला एंगलाइज विद्यालय में दो दिवसीय गायन नृत्य एवं वाद्य-वादन प्रतियोगिता का हुआ समापन

रामगढ़ : ए'ला एंगलाइज विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और सांस्कृतिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय गायन, नृत्य एवं वाद्य-वादन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। पहले दिन विद्यालय का परिसर सुर, ताल और संगीत की मनमोहक धुनों से गूंज उठा। एकल गायन, समूह गायन और विभिन्न वाद्य-यंत्रों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। विद्यार्थियों ने हारमोनियम, तबला, गिटार, कीबोर्ड और बाँसुरी जैसे वाद्य-यंत्रों पर आकर्षक स्वर और ताल प्रस्तुत किए। दूसरे दिन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शास्त्रीय, लोक, आधुनिक और देशभक्ति आधारित नृत्यों ने मंच को रंगों और ताल के अद्भुत मेल से सजा दिया। विद्यार्थियों ने अपनी कला, अभिव्यक्ति और ऊर्जा से दर्शकों का मन जीत लिया। प्रतियोगिता के अंत में प्राचार्य विजयंत कुमार ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा, हमारे विद्यार्थी कला, संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी रचनात्मक क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर

### विद्युत विभाग ने 13 बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन किया विच्छेद

**साहिबगंज :** उधवा प्रखंड क्षेत्र में बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार को विभागीय टीम ने अलग-अलग पंचायतों में कार्रवाई करते हुए कुल 13 बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेद कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत पियारपुर, अमानत दियारा एवं उत्तर पलाशगाछी पंचायत क्षेत्रों में जांच की गई। जांच के दौरान जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बिजली बिल बकाया था, उनके खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई। कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि इम्तियाज अली, भादू शेख, असराउल शेख, फेर अली शेख, नसरुद्दीन शेख, मंगलू शेख, मोहम्मद मोहिदुर अमीरूल सहित कुल 13 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है। इन सभी पर 10 हजार रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया था।उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं पर पांच हजार रुपये से अधिक का बकाया रहेगा, उनके विरुद्ध इसी तरह कनेक्शन काटने की कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही उपभोक्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कर विद्युत कार्यालय से आरसीडीसी की वैध रसीद प्राप्त करने के बाद ही पुनः बिजली का उपयोग करें, अन्यथा अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बिजली विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान कर अनावश्यक परेशानी से बचें। अभियान के दौरान लाइनमैन रविन्द्र मंडल, पूरन साहा, अरूण मंडल, प्रकाश मंडल, शौकत शेख समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार दो बाइक में जोरदार टक्कर, बाइक क्षतिग्रस्त, दोनों चालक बाल-बाल बच्चे

**साहिबगंज :** जिला के राजमहल प्रखंड क्षेत्र के मलका बाबा थान के पास बीते मंगलवार की देर रात को दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक चालक बाल-बाल बच गए। दोनों बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नया बाजार की ओर से एक बाइक चालक तेज रफ्तार से बाजार की तरफ आ रहा था और दूसरा बाइक चालक बाजार की तरफ से जा रहा था। इसी दौरान दोनों बाइक चालक काफी तेज रफ्तार में रहने के कारण अनियंत्रित होकर आमने-सामने की टक्कर हो गई। दोनों बाइक चालक बाइक लेकर गिर गया और दोनों चालक को आंशिक रूप से चोट लगी। दोनों का बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों बाइक चालक के बीच हो-हंगामा होने से आसपास के लोग जुट गए और दोनों को समझा-बुझा कर मामला शांत कराया गया।

### गोइलकेरा हत्याकांड में तीन आरोपित गिरफ्तार, न्यायिक

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात हुए सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में संलिप्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपितों की पहचान गोमिया होनहंगा, सिप्रियान लुगुन और पौलुस लुगुन के रूप में हुई है। इस संबंध में गोइलकेरा थाना में 16 दिसंबर 2025 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें गोइलकेरा थाना प्रभारी विक्रांत मुंडा, गुदड़ी थाना प्रभारी सुदर्शन मिंज के साथ उमेश कुमार यादव, सुमन टुडू, पुनीत उरांव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# राजस्व वसूली व योजनाओं की प्रगति की डीसी ने की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत राजस्व विभाग, आपदा प्रबंधन तथा भू-अर्जन विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं/कार्यों की मासिक समीक्षात्मक बैठक डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध राजस्व प्राप्ति एवं कार्य प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत में वाणिज्य कर विभाग द्वारा वार्षिक लक्ष्य 9051.00 लाख के विरुद्ध 5891.88 लाख रुपये (65%) राजस्व प्राप्ति की जानकारी दी गई। उत्पाद विभाग ने 51174.54 लाख रुपये की वसूली कर 75.26% लक्ष्य प्राप्त किया। परिवहन विभाग ने 2591.38 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 67.29% राजस्व वसूली कर बेहतर प्रदर्शन किया।मोटर यान निरीक्षक विभाग ने 231.60 लाख रुपये की वसूली कर 30.24% लक्ष्य प्राप्त किया। नगर निकायों में साहिबगंज नगर परिषद ने अपने वार्षिक लक्ष्य 847.86 लाख के विरुद्ध 336.19 लाख रुपये तथा राजमहल नगर पंचायत ने 84.47% राजस्व वसूली की। मापतौल विभाग द्वारा 50.71%, मत्स्य विभाग द्वारा 62.72% तथा विद्युत बोर्ड द्वारा 7540.30 लाख रुपये की वसूली कर 69.82% लक्ष्य प्राप्त किया गया। बैठक के दौरान अक्टूबर माह में भू-सेस, भू-लगान, दाखिल-खारिज, परिशोधन, जीएम लैंड सम्मरू एवं भूमि अधियाचना से संबंधित मामलों की भी गहन समीक्षा की गई। डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व संग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुँच सके।डीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण सुनिश्चित करें। संभावित ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए सभी प्रखंडों में कंबल उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके उपरांत पूर्व तैयारी/आपदा प्रबंधन अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं भू-अर्जन विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं/कार्यों की भी समीक्षा की गई। डीसी ने पिछले बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।

विशेष रूप से एनएचआई फेज-02 के भूमि अधिग्रहण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि इस योजना से जिले के विकास को गति मिलेगी, अतः सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। इस बैठक में अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अमर जॉन आईन्द, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कु, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पड़ोसी देश नेपाल में यूथ पार्लियामेंट कल्चरल प्रोग्राम में सम्मानित होंगे, प्रशांत शेखर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्पिरिचुअल सेंटर, बुक्स ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और भारत नेपाल मैत्री फोरम के संयुक्त तत्वाधान में नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित यूथ पार्लियामेंट कल्चरल प्रोग्राम एवं सम्मान समारोह में जिले के समाजसेवी सह उमा अमृता फाउंडेशन के संस्थापक प्रशांत शेखर को एसएआरसी ब्रिलियंस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री उन्हें सम्मानित करेंगे। उन्होंने बताया कि रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एवं 6 वर्षों से उमा अमृता फाउंडेशन संस्था को सफलता पूर्वक संचालन करने के कारण उन्हें यह सम्मान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारत के पड़ोसी देशों के भी अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोग शामिल होंगे। प्रशांत शेखर इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 24 दिसंबर को गोरखपुर के लिए रवाना होंगे, वहां से वे नेपाल जाएंगे। प्रशांत शेखर ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि साहिबगंज से इस कार्यक्रम में वह जा रहे हैं। आने वाले समय में भी वे सामाजिक कार्य यूं ही करते रहेंगे। कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करना उनका उद्देश्य है। प्रशांत की इस उपलब्धि पर संस्था के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं दी, कहा कि यह संस्था एवं शहर के लिए गर्व की बात है।

## गुतु गलांग कल्याण ट्रस्ट को कृषि एवं पोषण के क्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि गुतु गलांग कल्याण ट्रस्ट को कृषि एवं पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ट्रस्ट को "एग्री मार्केट लायजन एवं फॉरवर्ड लिंकेज चैंपियन अवार्ड" के रूप में नेशनल न्यूट्रिशन एवं बायोफोर्टिफिकेशन स्केलिंग वर्कशॉप, नई दिल्ली में प्रदान किया गया। कार्यशाला का आयोजन हार्वेस्टप्लस सॉल्यूशंस द्वारा किया गया था। गुतु गलांग कल्याण ट्रस्ट को यह सम्मान किसानों को बाजार से सशक्त जोड़ने, टिकाऊ कृषि मूल्य श्रृंखला मजबूत करने, और बायोफोर्टिफाइड फसलों के सफल संवर्धन एवं प्रसार में योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उक्त एफपीसी द्वारा जिंक युक्त गेहूं, कैल्शियम युक्त फिंगर मिलेट, जिंक युक्त धान एवं आयरन युक्त पर्ल मिलेट का सफल उत्पादन एवं विपणन किया जा रहा है, जिससे जिले के हजारों किसान प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही, पीवीटीजी समुदाय के बच्चों के बीच बायोफोर्टिफाइड न्यूट्री-कुकीज के माध्यम से कुपोषण के विरुद्ध प्रभावी कार्य किया गया है। विशेष रूप से यह एफपीसी पीवीटीजी महिलाओं द्वारा संचालित है, जो महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन और छुपे हुए भूख के विरुद्ध महिलाओं की सशक्त भूमिका का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## सदर अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सदर अस्पताल स्थित वेयर हाउज सभागार में बुधवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष सह समिति अध्यक्ष मोनिका किस्कू ने की। बैठक में मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रखरखाव योजना के अंतर्गत सदर अस्पताल साहिबगंज में आंतरिक मूल्यांकन समिति से प्राप्त अनुशंसा के अनुमोदन, सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष में ड्यूटीरत महिला चिकित्सक व महिला कर्मी के लिए शौचालय निर्माण, आपातकालीन चिकित्सा पदाधिकारी के रेस्ट रूम में शौचालय निर्माण, आरटी पीसीआर लैब की गली में शेड निर्माण, पंजीकरण काउंटर सह दवा वितरण केंद्र के विस्तारीकरण सह निर्माण कार्य, सदर अस्पताल के खुले नालों को कंक्रीट स्लैब से ढंकने, पेइंग वार्ड के संचालन के लिए दर का निर्धारण, गर्भवती महिला का जेएसएसके के तहत डायग्नोस्टिक शुल्क के रूप में एनएचएम से अस्पताल प्रबंधन समिति में राशि हस्तानांतरण, आईसीयू के लिए 10 सेमी फॉलर बेड खरीदने, आईसीयू, ट्रॉमा सेंटर व ट्राइएज के लिए 3 व 5 पारा मॉनिटर खरीदने, जंग लगे लोहे के बेड हटा कर पहिये वाले सेमीफॉलर बेड लगाने, मैनुअल एक्सरे हटा कर उक्त कमरे में वार्ड या आईसीयू बनाने, सिजेरियन के पोस्ट ऑपरेटिव मरीज के लिए 10 सेमी फॉलर बेड खरीदने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से जनहित में सभी प्रस्ताव पारित कर दिए गए। बैठक के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू ने कहा कि प्रबंधन समिति स्वास्थ्य सेवाओं को व्यवस्थित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला के मरीजों को सुचारू रूप से स्वास्थ्य सुविधा मिले। समिति ने बैठक के उपरांत अस्पताल का जायजा लेते हुए मरीजों से मिल रही सेवाओं की जानकारी ली। मौके पर सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, डीएस डॉ देवश कुमार, डॉ रंजन, चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा, अस्पताल मैनेजर अमन पांडेय व अन्य मौजूद थे।

## मॉडल कॉलेज राजमहल में यूजी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा को लेकर बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मॉडल कॉलेज राजमहल में यूजी तृतीय सेमेस्टर नैप 2020 की आगामी परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सह केन्द्रअधीक्षक डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने की। बैठक में प्राचार्य सह केन्द्रअधीक्षक ने 20 दिसंबर 2025 से आरंभ होने वाली तृतीय सेमेस्टर परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा का आयोजन सुचारू, निष्पक्ष एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में किया जाना चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित कार्यों को समय से पूर्ण करना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने विशेष रूप से परीक्षा सम्त में बदलाव, परीक्षार्थियों को विषय विकल्प विषय व समय सारणी की जानकारी तैयारी, परीक्षा से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं तथा अनुशासन बनाए रखने पर बल दिया। साथ ही सभी शिक्षक एवं कर्मचारीगण को आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। डॉ रणजीत सिंह ने परीक्षार्थियों को शक्त निर्देश दिया कि परीक्षा प्रवेश पत्र, कलम और एक व्यक्तिगत पहचान पत्र छोड़ कोई भी मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, अन्य पेपर साथ नहीं लाए, परीक्षा अधिनियम का शक्ति से पालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का सहयोग के लिए पत्राचार किया गया है साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी सहयोग पत्र लिखा गया है। परीक्षार्थी समय से अनुशासन शांत और एकाग्रता से प्रश्न समझ कर उत्तर करें।बैठक का उद्देश्य परीक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हुए विद्यार्थियों को एक शांत एवं अनुकूल परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराना रहा। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ विवेक कुमार महतो, डॉ रमजान अली, डॉ अमित कुमार शिक्षक और मोहन कुमार, सुमित कुमार, प्रकाश, बबलू, उषा, करमु, जयकर, अजय, सोनी आदि कर्मचारी उपस्थित रहें।

# किसानों को राइजोबियम कल्चर से चना बीज शोधन का दिया गया प्रशिक्षण एवं लाइव डिमॉन्सट्रेशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चना फसल की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से राइजोबियम कल्चर द्वारा बीज शोधन का प्रशिक्षण एवं लाइव डिमॉन्सट्रेशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, महेशपुर, पाकुड़ एवं आत्मा, पाकुड़ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र, महेशपुर, पाकुड़ की वैज्ञानिक डॉ. किरण मेरी कंडीर तथा आत्मा पाकुड़ के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मुहम्मद शमीम अंसारी द्वारा प्रदान किया गया।

रबी मौसम 2025-26 के दौरान एनएफएसएनएम योजना अंतर्गत आत्मा पाकुड़ द्वारा पंचायत जयकिष्टोपुर, प्रखंड एवं जिला पाकुड़ में 175 किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया गया है। चना फसल से अधिक उपज एवं बेहतर उत्पादकता प्राप्त करने हेतु राइजोबियम कल्चर से बीज शोधन को अत्यंत आवश्यक बताया गया। इसी क्रम में बुधवार को जयकिष्टोपुर पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चना बीज में राइजोबियम कल्चर से बीज शोधन की संपूर्ण प्रक्रिया का लाइव डिमॉन्सट्रेशन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वयं किसानों से बीज शोधन की प्रक्रिया कराई गई, जिससे किसान व्यवहारिक रूप से इस तकनीक को सीख सके। किसानों को बीज शोधन के दौरान आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। इसमें बीज शोधन के समय, शोधन के पश्चात बीज को सुखाने की प्रक्रिया तथा बुआई के दौरान बीज को सूर्य की सीधी रोशनी से बचाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान गुड़ की चासनी बनाने की विधि किसानों से स्वयं तैयार करवाई गई। चासनी के ठंडा होने के पश्चात उसमें राइजोबियम कल्चर मिलाकर बीज को अच्छी तरह मिश्रित किया गया तथा शोधन उपरांत बीज को साफ प्लास्टिक शीट पर छाया में फैलाकर सुखाया गया। किसानों को बताया गया कि 100 ग्राम राइजोबियम कल्चर का एक पैकेट लगभग डेढ़ बीघा बीज शोधन के लिए पर्याप्त होता है। साथ ही राइजोबियम कल्चर की उपलब्धता एवं प्राप्ति के स्त्रोतों की जानकारी भी दी गई। किसानों द्वारा अन्य फसलों जैसे गेहूं, लहसुन एवं प्याज में जीवाणु कल्चर से बीज शोधन के संबंध में पूछे गए प्रश्नों पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मुहम्मद शमीम अंसारी द्वारा एजोटोबेक्टर एवं पीएसबी कल्चर से बीज शोधन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### राजमहल-मानिकचक गंगा पुल निर्माण की मांग पत्र सांसद व विधायक ने केंद्रीय मंत्री को मांग पत्र सौंपा



**साहिबगंज :** जिला क्षेत्र अंतर्गत झारखंड से पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली झारखंड के महत्वपूर्ण एकमात्र गंगा नदी पर गंगा पुल निर्माण की मांग को लेकर राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा व राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने संयुक्त रूप से केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राजमहल के लंबित गंगा पुल निर्माण की मांग को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखें हैं। सांसद एवं विधायक ने केंद्रीय मंत्री को क्षेत्र के विकास एवं जनहित के लिए इस मांग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अगर गंगा पुल का निर्माण होता है तो गंगा नदी पर झारखंड से पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली एकमात्र पुल बनेगी जो दोनों ही राज्यों के लिए महत्वपूर्ण होगी। झारखंड राज्य में विशेष कर साहिबगंज जिला एवं संथाल परगना आर्थिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से समृद्ध होगा।

### बासकोला गांव से भालू का रेस्क्यू, अवैध रूप से रखा गया था बंधक



**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा वन क्षेत्र अंतर्गत बासकोला गांव से वन विभाग की टीम द्वारा एक स्लॉथ भालू का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित रूप से करवाई करते हुए मौके पर पहुंची और भालू को सुरक्षित रूप से संरक्षण में लिया।यह रेस्क्यू अभियान वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे, वन परिसर पदाधिकारी राणा रंजीत, उप वन परिसर पदाधिकारी सनी रजक एवं राजेश टुडू के नेतृत्व में संचालित किया गया। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि भालू को अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा गया था तथा उससे करतब कराए जा रहे थे, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत गंभीर दंडनीय अपराध है। वन विभाग की टीम के आने की सूचना मिलते ही भालू के साथ मौजूद मदारी मौके से फरार हो गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने बताया कि रेस्क्यू किए गए भालू की स्वास्थ्य जांच कराई जा रही है तथा उसे सुरक्षित पुनर्वास के लिए उपयुक्त केंद्र में भेजने की प्रक्रिया प्रगति पर है। साथ ही, फरार मदारी की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए छानबीन की जा रही है और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी वन्यजीवों के साथ अवैध गतिविधि, बंधक बनाना अथवा शिकार करने की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### सदर अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर की सुविधा हुई बहाल



**साहिबगंज :** पिछले दिनों राजमहल विधायक एमटी राजा के विधानसभा में सदर अस्पताल व अनुमंडलीय अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर सुविधा शुरू करने की मांग के बाद मंगलवार की देर शाम सदर अस्पताल में उक्त सुविधा शुरू कर दी गई। सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने व्यवस्था का अवलोकन करने के बाद बताया कि इमरजेंसी के समीप तत्काल ट्रॉमा सेंटर को शुरू कर दिया गया है। आगे इसे और अत्याधुनिक बनाया जाएगा। यहां डॉक्टर व एएनएम पोस्टेड हैं। यहां ठीक किये जा सकने वाले मरीजों को ठीक किया जाएगा। अगर रेफर्ड की जरूरत पड़ी तो ऐसे मरीज को स्टेबल कर बाहर रेफर्ड किया जाएगा। एक कार्डिएक एम्बुलेंस की भी व्यवस्था यहां रहेगी।

### पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से 50 छात्र-छात्राएं तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे साहिबगंज



**साहिबगंज :** पर्यटन एक्टिविस्ट राज बसु के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के मोडेला केयरटेकर सेंटर एंड स्कूल के 50 छात्र-छात्रा तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर साहिबगंज पहुंचे। राज बसु ने कहा कि यह भ्रमण राजमहल के विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा के पहल से संभव हो पाई है। डीसी साहिबगंज हेमंत सति के निर्देश पर जिला प्रशासन के माध्यम से सभी पर्यटन स्थल का रूट मैप तैयार कर भ्रमण कराया जा रहा है। छात्र-छात्राओं ने मोतीझरना, विश्व प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर कन्हाई नाट्यशाला, बारादरी, जामी मस्जिद, सिंघी दलान व गंगा बिहार का भ्रमण किया। ऐतिहासिक धरोहर का भ्रमण कर सभी काफी आकर्षित हुए। दूसरे दिन पक्षी अभ्यारण का भी भ्रमण वन विभाग के नेतृत्व में करेंगे। राज बसु ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की ओर सभी लोग भ्रमण करते हैं लेकिन यह पहली बार राजमहल विधायक के प्रयास से संभव हो पाया है कि नॉर्थ ईस्ट इलाके के छात्र-छात्रा शैक्षणिक भ्रमण के लिए झारखंड के एकमात्र गंगा नदी के तट पर अवस्थित साहिबगंज जिला पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि राजमहल विधायक ने कंचनजंघा टूरिस्ट फेस्टिवल में झारखंड एवं साहिबगंज जिला के पर्यटन का स्टाल लगवाया था, जिसके माध्यम से लोग यहां की पर्यटन को भी जानने के लिए काफी उत्सुक है और यह पहली टीम है इसके बाद निरंतर टीम भ्रमण करेगी। जल्द ही भूटान के पर्यटकों की भी टीम साहिबगंज जिला पहुंचेगी।

# सीएम नीतीश ने कार्यशाला का उद्घाटन किया

## स्पेस गैलरी का शिलान्यास हुआ, गयाजी बिपार्ड में मंथन 2025





गयाजी । सीएम नीतीश कुमार ने आज गयाजी में कार्यशाला का उद्घाटन किया हैं। साथ ही संवाद वाटिका, नक्षत्र वन, ब्रह्मयोनि सरोवर का पुनर्जीवन, उन्नत पुस्तकालय, मोटर ड्राइविंग स्कूल और नव-स्थापित स्पेस गैलरी का शिलान्यास किया हैं। बिहार के प्रशासनिक भविष्य की दिशा तय करने वाला दो-दिवसीय उच्चस्तरीय विमर्श मंथन2025 आज बिपार्ड में हो रहा है। बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) की ओर से आयोजित यह कार्यशाला कल तक चलेगी। मंच पर राज्य के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी है। इसके अलावा प्रदेश के सभी जिले के डीएम प्रमंडल के आयुक्त हैं। दो दिन तक चलने वाले वर्कशाप का विषय जिला-केंद्रित शासन को और मजबूत करना है। खास बात यह भी कि मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर विशेष ट्रैफिक प्लान भी तैयार किया गया है, जो आज प्रभावी रहेगा। उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया कार्यशाला का मकसद सिर्फ चर्चा नहीं है। नीति और जमीन क्रियान्वयन के बीच की खाई को खत्म करना है। जिलों में बेहतर फैसले हों। तेजी से उसे पूरा किया जाए। अफसरों की निर्णय क्षमता और प्रशासनिक दक्षता बढ़े। इसी लक्ष्य के साथ कार्यशाला में अनुभव साझा किए जा रहे हैं। मंथन 2025में उत्तरदायी शासन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, शहरी विकास की चुनौतियां, प्रभावी प्रशासन के लिए विधिक ढांचा और लोक-निजी भागीदारी जैसे अहम मुद्दों पर सत्र रखे गए हैं। विषय विशेषज्ञ और वरिष्ठ प्रशासक अपने अनुभव रखेंगे। जिलों की नवाचारी पहले भी सामने रखी जाएंगी, ताकि अच्छी सोच को एक मॉडल के रूप में अपनाया जा सके। अधिकारियों का मानना है कि मंथन2025 से जिलों में कामकाज का तरीका और सशक्त होगा। कानूनी समझ बढ़ेगी। फैसलों में आत्मविश्वास आएगा। प्रशासनिक नतीजों की गुणवत्ता बेहतर होगी। कार्यशाला का समापन 18 दिसंबर को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संबोधन से होगा। ट्रैफिक रूट डायवर्ट आज V.V.I.P के आगमन के अवसर पर प्रतिबंधित / परिवर्तीत मार्ग से संबंधित यातायात व्यवस्था का प्लान जो प्रभावी रहेगा। 1. गाड़ी प्रवेश/परिचालन वर्जित रास्ता ( V.V.I.P के आगमन / प्रस्थान तक) सिकरिया मोड़ से घुघरीटाड़ मोड़ एवं पांच नं० गेट से एयरपोर्ट होते हुए दोमुहान तक सभी प्रकार के गाड़ी का परिचालन बंद रहेगा। दोमुहान से महाबोधी मंदिर तक सभी प्रकार के गाड़ी का परिचालन वर्जित रहेगा। 2. आमजनों के लिए ऑप्शनल रास्ता - गया से बोधगया दोमुहान की ओर गया शहर से घुघड़ी टॉड़ बाईपास केन्दुई रिभर साईड रोड से होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। डोभी/बोधगया से गया की ओर-बोधगया से रिभर साईड रोड होकर कुन्दुई घुघड़ीटॉड़ या चेरकी रोड से होकर सिकड़िया मोड़ होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। सिकड़िया मोड़ से बोधगया, दोमुहान और डोभी की ओर सिकड़िया मोड़,मगध मेडिकल व चेरकी रोड होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे। नवादा की तरफ से आने वाली सभी गाड़िया- सिटी पब्लिक स्कूल मानपुर होते हुए गया शहर में प्रवेश करेगी। खास बात यह कि V.V.I.P के आगमन से एक घण्टे पूर्व से परिभ्रमण कार्यक्रम तक ट्रैफिक प्लान की गई व्यवस्था प्रभावी रहेगा।

## भोजपुर में गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग



**भोजपुर।** के पीरो थाना क्षेत्र अंतर्गत पीरो नगर के वार्ड संख्या-25 में मंगलवार को गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। इस हादसे में एक ही परिवार के चार बच्चों समेत कुल सात लोग गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों की काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सभी घायलों को आनन-फानन में पहले पीरो के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दो अन्य बच्चे भी झुलसे इस घटना में झुलसने वालों में श्रीराम रजवार (60), कांति देवी (65), बीरबल कुमार राम (45), आकाश कुमार (10), आयुष कुमार (7), सृष्टि कुमारी (4) और आर्यन कुमार (2) शामिल हैं। घायलों में सृष्टि, आयुष और आर्यन बीरबल राम के बच्चे बताए जा रहे हैं। इसके अलावा दो अन्य बच्चों के भी मामूली रूप से झुलसने की सूचना है।बीरबल राम के घर में रखा गैस सिलेंडर लीक हो रहा था। ठंड अधिक होने के कारण घर के लोग अलाव जलाकर आग ताप रहे थे। इसी दौरान गैस सिलेंडर से रिसाव के कारण अचानक आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरे घर में फैल गई। आग इतनी तेज थी कि घर में मौजूद लोग संभल नहीं पाए और सभी झुलस गए। खाना बनाने समय हादसा गुड़िया देवी ने बताया कि घर में उस समय पांच बच्चे और चार अन्य लोग मौजूद थे। कुछ लोग ठंड से बचने के लिए आग ताप रहे थे, जबकि वह खाना बना रही थीं। तभी अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग लगते ही घर में चीख-पुकार मच गई। काफी देर तक लोग मदद के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन आसपास के लोग देर से पहुंचे। तब तक बच्चे और अन्य परिजन बुरी तरह झुलस चुके थे। बाद में किसी तरह सभी को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।आरा सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि दो साल का आर्यन कुमार 65 प्रतिशत से अधिक झुलस चुका है। अन्य घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। तीन लोगों को ज्यादा जलने के कारण विशेष निगरानी में रखा गया है। सभी का इलाज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है और डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

## बिहार में 22 दिसंबर से कोल्ड वेव का खतरा



**पटना।** बिहार के कई जिले आज भी कोहरे के चपेट में हैं। पटना,बेतिया, गोपालगंज, सीतामढ़ी समेत 12 जिलों में सुबह-सुबह घना कोहरा छाया है। प्रदेश का न्यूनतम तापमान फिलहाल 9 डिग्री है।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार,19 दिसंबर के बाद ठंड का असर तेजी से बढ़ सकता है और लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ सकता है।मौसम विभाग ने साफ संकेत दिए हैं कि 22 दिसंबर के बाद बिहार में कोल्ड वेव जैसी स्थिति बन सकती है। इसका मतलब है कि कुछ जिलों में दिन का तापमान भी सामान्य से काफी नीचे चला जाएगा।बीते 24 घंटे में बेतिया में घना कोहरा छाया रहा। बांका में कोहरे के कारण 2 बाइक में सीधी टक्कर हो गई, जिसमें एक की मौत भी हो गई। 9.5 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर सबसे ठंडा जिला रहा। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि 17 दिसंबर को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। हालांकि इसका असर बिहार में 20 दिसंबर के बाद ही स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा।इस विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं बिहार की ओर बढ़ेंगी, जिससे अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।पहाड़ों पर बर्फबारी से बढ़ेगी ठंड आंकड़ों के मुताबिक, पिछले तीन वर्षों से बिहार में दिसंबर महीने के दूसरे या तीसरे सप्ताह में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसकी मुख्य वजह पश्चिमी हवाओं का मजबूत होना है। जैसे ही पहाड़ों पर बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होता है, बिहार समेत पूरे पूर्वी भारत में ठंड का असर तेज हो जाता है। इस बार भी मौसम का पैटर्न कुछ ऐसा ही बनता नजर आ रहा है।राजधानी की बात करें तो फिलहाल यहां सुबह और रात में हल्की से मध्यम ठंड बनी रहेगी। न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा नीचे रह सकता है, जबकि दिन में धूप निकलने से अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास रहेगा। हालांकि 19 दिसंबर के बाद पटना में भी ठंड बढ़ने के आसार हैं और सुबह-शाम ठिठुरन ज्यादा महसूस की जा सकती है। 22 दिसंबर के बाद कोल्ड वेव का खतरा मौसम विभाग ने साफ संकेत दिए हैं कि 22 दिसंबर के बाद बिहार में कोल्ड वेव जैसी स्थिति बन सकती है। इसका मतलब है कि कुछ जिलों में दिन का तापमान भी सामान्य से काफी नीचे चला जाएगा। कई इलाकों में कोल्ड डे के हालात बन सकते हैं, जहां दिन में भी ठंड से राहत नहीं मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाने पर जोर दिया गया है। फ्लाइट पर पड़ा असर ठंड के मौसम में दरभंगा एयरपोर्ट पर कुछ उड़ान लेट है। मुंबई से दरभंगा आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट अपने निर्धारित समय से 21 मिनट देरी से पहुंचेगी।

## वाहन की टक्कर से 3 वर्षीय बच्चे की मौत



**सुपौल।** में मंगलवार की देर शाम सड़क हादसे में 3 साल के बच्चे की मौत हो गई। घटना भपटियाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसी पूर्वी तटबंध पर कल्याणपुर के पास हुई। मृतक की पहचान कल्याणपुर वार्ड नंबरझ3 निवासी मो. सद्दाम के बेटा मो. नसरुद्दीन के रूप में हुई है। एक तेज रफ्तार कार भपटियाही की ओर जा रहा था। इसी दौरान कोसी पूर्वी तटबंध के पास सड़क पार कर रहे तीन वर्षीय मो. नसरुद्दीन को वाहन ने कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बालक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही अचेत हो गया। हादसे को देख आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल घायल बालक को उठाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सरायगढ़-भपटियाही पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. लक्ष्मी कांत राय ने प्राथमिक जांच के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों की चीख-पुकार गूंज उठी। बताया जाता है कि मृतक मो. नसरुद्दीन तीन भाई-बहनों में बीच का बच्चा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# पाकिस्तान के डॉन ने दी सीएम नीतीश को धमकी

## मुस्लिम महिला का हिजाब हटाने पर कहा- माफी मांगो वरना चीख पुकार मचवा दूंगा



**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार द्वारा मुस्लिम महिला के चेहरे से हिजाब हटाने पर पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी भड़क गया है। उसने वीडियो जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें, वरना बाद में ये मत कहना की चेतावनी नहीं दी गई थी। शहजाद भट्टी हाल ही में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को धमकी देकर सुर्खियों में आया था। भटटी से जान का खतरा बताते हुए लॉरेंस के तिहाड़ जेल में बंद भाई अनमोल बिश्नोई ने भी दिल्ली कोर्ट से बुलेटप्रूफ जैकेट और गाड़ी की डिमांड की थी। बता दें कि 15 दिसंबर को बिहार में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नियुक्ति पत्र बांट रहे थे। इस दौरान एक महिला हिजाब पहनकर आई तो नीतीश कुमार ने पूछा कि यह क्या है और उसे अपने हाथ से हटा दिया।दरअसल, सोमवार को सीएम नीतीश कुमार आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र बांट रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक महिला डॉक्टर नुसरत को पहले तो नियुक्ति पत्र दे दिया। इसके बाद उसे देखने लगे। महिला भी मुख्यमंत्री को देखकर मुस्कुराई। सीएम ने हिजाब की ओर इशारा करते हुए पूछा कि ये क्या है जी। महिला ने जवाब दिया, हिजाब है सर। सीएम ने कहा कि हटाइए इसे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने खुद अपने हाथ से महिला का हिजाब हटा दिया। इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी नीतीश कुमार को रोकने के प्रयास में उनकी आस्तीन खींचते हुए नजर आए। हिजाब हटाने से महिला थोड़ी देर के लिए असहज हो गई। आसपास मौजूद लोग हंसने लगे। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने महिला को नियुक्ति पत्र फिर थमाया और जाने का इशारा किया। महिला फिर वहां से चली गई।पहलगाम हमले के बाद लॉरेंस से दुश्मनी हुई भट्टी पहले लॉरेंस के साथ मिलकर काम करता था। उसने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के लिए भी हथियार उपलब्ध कराए थे। उसकी लॉरेंस से दोस्ती का पता तब चला, जब ईद पर उसकी लॉरेंस के साथ बधाई लेते वीडियो वायरल हुई थी। हालांकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद लॉरेंस ने आतंकी हाफिज सईद को धमकी दे दी। जिसके बाद भटटी भड़क गया और लॉरेंस को धमकाने लगा। यह दोस्ती और तब बिगड़ी, जब भट्टी ने लॉरेंस के गुर्गों को सीधे हैंडल करना शुरू कर दिया। उनसे पंजाब के थानों में ग्रेनेड के अटैक कराने शुरू कर दिए। अब दोनों एक-दूसरे को धमकी देते रहते हैं। कौन है शहजाद भट्टी?:शहजाद भट्टी खुद को पाकिस्तान का सिपाही बताता है। भारतीय खुफिया एजेंसियों के अनुसार, वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी क्रक के इशारे पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा है। जांच में सामने आया है कि 202223 के दौरान शहजाद ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से भारत मे अवैध हथियार,हैंड ग्रेनेड,ड्रग्स की तस्करी में सक्रिय था। फिलहाल उसके दुबई में छिपे होने की जानकारी सामने आती रही है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कनेक्शन:शहजाद भट्टी कभी भारत के कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी माना जाता था। दोनों के बीच मजबूत आपराधिक गठजोड़ था। शहजाद ने लॉरेंस गैंग के लिए नेटवर्क, फंडिंग और हथियार सप्लाई में अहम भूमिका निभाई। लेकिन पहलगाम हमले के बाद जब लॉरेंस बिश्नोई ने आतंकी हाफिज सईद को धमकी दी, तभी से शहजाद और लॉरेंस के रिश्ते बिगड़ गए। इसके बाद शहजाद ने लॉरेंस गैंग से दूरी बना ली और दोनों खुले दुश्मन बन गए। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में भूमिका का आरोप:2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद शहजाद भट्टी का नाम जांच में सामने आया। आरोप है कि मूसेवाला हत्याकांड में इस्तेमाल किए गए हथियारों की सप्लाई शहजाद के नेटवर्क के जरिए हुई थी। हालांकि इस मामले में एजेंसियां अभी भी जांच कर रही हैं, लेकिन शहजाद का नाम लगातार इस केस से जोड़ा जाता रहा है।

### कौन है शहजाद भट्टी, जिसने बिहार सीएम को धमकाया



भू-माफिया और अंडरवर्ल्ड से कनेक्शनः शहजाद भट्टी पाकिस्तान का कुख्यात डॉन है। इस वक्त वह दुबई में रहता है। भट्टी के पाकिस्तान के भूमाफिया और अंडर वर्ल्ड के बड़े गैंगस्टरों से संबंध हैं। इसके चलते पाकिस्तान ने शहजाद भट्टी पर पाबंदी भी लगा रखी थी। मई महीने में करीब 5 साल बाद भट्टी पाकिस्तान आया था।

**फारुख खोखर का राइट हैंड,**

कई देशों में नेटवर्कः भट्टी पाकिस्तान के कुख्यात माफिया फारुख खोखर का राइट हैंड है और उसी के लिए वह काम करता है। उसका नेटवर्क यूरोप, यूके (यूनाइटेड किंगडम), अमेरिका, कनाडा, पाकिस्तान और दुबई सहित अन्य देशों में भी चलता है।

**बम बनाने और हथियारों की तस्करी करता है:**

शहजाद भट्टी का बम और हथियार तस्करी को लेकर एक बड़ा नेटवर्क पूरी दुनिया में फैला हुआ है। फिर चाहे वह किसी भी तरह का हथियार हो। पैसे लेकर हथियार चाहे चीन, अमेरिका या फिर रूस से मंगवाने हों। सब तरफ से उसका नेटवर्क काम करता है।

**भारत के क्रिमिनल भी इससे हथियार लेते हैं:**

कई बार मॉडर्न हथियारों के साथ भट्टी अपने फोटो वीडियो भी अपलोड करता है। उसके हथियारों का बड़ा हिस्सा भारत में भी भेजा जाता है।

भारत के कई क्रिमिनल भट्टी के जरिए ही हथियार मंगवाते हैं, जो कि पाकिस्तान सीमा से भारत में लाए जाते हैं।

**शेर पालने का शौकीन:**

शहजाद भट्टी को शेर पालने का भी बहुत शौक है। चाहे वह पाकिस्तान में रह रहा हो, या दुबई और यूरोप में। सभी जगह उसने और उसके साथियों ने शेर पाल रखे हैं। भट्टी अपने पालतू शेरों के साथ वीडियो और फोटो भी शेयर करता है।

## संक्षिप्त डायरी

### बीटेक की स्टूडेंट ने सुसाइड किया,लिखा- सब खत्म हो गया



**पूर्णिया।** में बीटेक फर्स्ट ईयर की एक स्टूडेंट ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड से पहले उसने अपनी मां को 10 बार वीडियो कॉल किया। हर बार कॉल करके उसने कहा कि, मम्मी आई लव यू। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। मृत लड़की की पहचान सुजाता कुमारी(19) के रूप में हुई है। वो सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस की छात्रा थी। लड़की ने आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट में लिखा है कि, मम्मी मुझे माफ करना, मेरा जिन्दगी खतम हो गई।सुजाता दरभंगा की रहने वाली थी। वो 26 जुलाई 2025 से पीजी गर्ल्स हॉस्टल में रह रही थी। मंगलवार की सुबह लड़की के सुसाइड की सूचना पर जब पुलिस कमरे में गई तो सुजाता फंदे से लटकी हुई थी। खाना फर्श पर ढक कर रखा हुआ था। सुजाता का मोबाइल भी फर्श पर ही गिरा हुआ था। पुलिस ने उसके कमरे की तलाशी ली तो उसे एक नीली डायरी मिली। सुजाता ने मरने से पहले इस डायरी में ही सुसाइड नोट लिखा था। दरवाजा तोड़कर घुसे हॉस्टल के लोग सुबह सुजाता की मां उसे लगातार फोन कर रही थी, लेकिन वो फोन नहीं उठा रही थी। उसके बाद सुजाता की मां ने हॉस्टल के संचालक को फोन किया। संचालक कुछ लोगों के साथ सुजाता के कमरे के पास पहुंचे। काफी देर तक आवाज लगाने पर भी सुजाता ने कोई रिस्पॉस नहीं दिया। उसके बाद संचालक ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। अंदर जाने के बाद सभी दंग रह गए। सुजाता फंद पर लटकी थी। घबराकर सभी बाहर निकले और पुलिस और सुजाता के घर वालों को इसकी जानकारी दी।मृतका की मां ने बताया कि सोमवार रात में ही सुजाता ने उन्हें वीडियो कॉल किया था। इसमें उसने 10 बार अपने प्यार का इजहार किया था। सुबह उसकी मौत की सूचना आई। हालांकि कल रात बात करने के दौरान सुजाता ने शरीर में कमजोरी होने की बात कही थी। मां ने कहा सुजाता पढ़ने में काफी तेज थी। दरभंगा कॉलेज में पढ़ने के दौरान भी उसकी कोई शिकायत नहीं मिली थी। उसने फांसी क्यों लगाई, इसका कारण हम लोगों को भी पता नहीं है।पुलिस बोली- लड़की डिप्रेशन में होगी मरंगा थानाध्यक्ष रूपक रंजन सिंह ने कहा कि, शुरूआती जांच में लगता है कि, लड़की डिप्रेशन में थी। बाकी हमारी टीम हर पहलु पर जांच कर रही है। सुसाइड नोट मिला है।

### बच्चे की हत्या का पड़ोसी पर आरोप



**पूर्णिया।** के डगरूआ में 8 साल के बच्चे की झुलसने से हुई मौत मामले में नया मोड़ आया है। पूरे प्रकरण में मृत बच्चे के पिता का बयान सामने आया है। पिता के आरोपों के मुताबिक बच्चे की मौत चावल हांडी में गिरने से नहीं हुई, बल्कि हाई टेंप्रेचर पर बनाई जा रही चुलाई शराब वाली हांडी में धकेले जाने से गई। मामला डगरूआ थाना क्षेत्र के बरसोनी गांव से जुड़ा है। बच्चे की पहचान डगरूआ थाना क्षेत्र के वीरबान हरखेली पंचायत के बरसोनी गांव निवासी उपेंद्र महतो के बेटे प्रिंस राज के रूप में हुई। पूर्व मुखिया शत्रुघ्न महतो और पड़ोस में रहने वाली महिला ने भी ये कबूल किया है कि गांव में चुलाई शराब बनाई जा रही है।बदला लेने की दी थी धमकी बच्चे की पिता उपेंद्र महतो ने बताया कि घटना वाले दिन यानी सोमवार से ठीक दो दिन पहले उन्होंने गांव में चोरी छिपे धड़ल्ले से बन रही चुलाई शराब बनाई जा रही। इसका उन्होंने विरोध किया था। यही बात धंधेबाजों को खटक रही थी। उन्होंने देख लेने और बदला की धमकी दी थी। वे सोमवार को जरूरी काम से घर से बाहर निकले थे, जबकि बच्चे की मां अपने घर में जमीन पर बैठकर सब्जियां काट रही थीं। बच्चा रोजाना की तरह दोस्तों संग खेल रहा था। खेलने के क्रम में वो पड़ोसी के घर में चला गया।चुलाई शराब को लेकर उनका पड़ोसी से विवाद चल रहा था। इसी का बदला निकालते हुए उन्होंने बच्चे को घर में तैयार की जा रही हांडी में धकेल दिया। हाई टेंप्रेचर पर उबलते पानी में धकेले जाने से हांडी पलट गई। खौलते मैटेरियल से बच्चे के हाथ पेट समेत कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह झुलस गया था। गंभीर हालत में बच्चे को जीएमसीएच पूर्णिया लाया गया, जहां बच्चे का इलाज के क्रम में मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद से परिजनों में मातम पसरा है। हादसे के बाद से बच्चे की मां और पिता बेसुध हालत में हैं।घटना के संबंध में डॉक्टरों ने बताया कि खौलता पानी शरीर के कई हिस्सों पर गिरने से बच्चा बुरी तरह झुलस गया। जिससे इलाज के क्रम में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। डगरूआ थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि बच्चा खेलने के क्रम में खौलते चावल की हांडी में जा गिरा था, जिससे झुलसने से उसकी मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीतामढ़ी रेड लाइट एरिया से 4 नाबालिग मुक्त



**सीतामढ़ी।** के रेड लाइट एरिया में मानव तस्करी और नाबालिगों के शोषण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), नई दिल्ली के निर्देशों पर चलाए गए इस विशेष अभियान में चार नाबालिग बच्चियों को मुक्त कराया गया। मौके से दो महिला दलालों को भी गिरफ्तार किया गया है पुलिस अधीक्षक अमित रंजन के आदेश पर नगर थाना क्षेत्र के वोहा टोला रेड लाइट एरिया में यह कार्रवाई की गई। दिल्ली से आई रेस्क्यू फाउंडेशन की टीम और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई दलाल भागने में सफल रहे। करीब दो घंटे तक चले इस तलाशी अभियान में पुलिस ने कई कमरों की गहन जांच की।रेस्क्यू फाउंडेशन के जांच पदाधिकारी अक्षय पांडेय ने बताया कि उन्हें नाबालिग लड़कियों से जबरन देह व्यापार कराए जाने की सूचना मिली थी। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी गई, जिसके बाद तत्काल छापेमारी की रणनीति बनाई गई। कार्रवाई के दौरान आपत्तिजनक सामग्री और कंडोम के कई पैकेट भी बरामद हुए। यह संगठित अवैध गतिविधियों की ओर संकेत करता है।इस अभियान में महिला थाना की थानाध्यक्ष श्वेता स्वराज, एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंद झा, नगर थाना के एसआई सी.बी. शुक्ला और सदर की सीडीपीओ कामिनी कुमारी सहित पुलिस बल व महिला-बाल विकास विभाग के अधिकारी शामिल थे।

### जहां कभी तबाही मचाई थी चट्टानों ने वहीं आज उभरी आस्था, जानें 31 दिव्य आकृतियों का रहस्य



2013 में केदारनाथ घाटी पर आई भीषण त्रासदी ने पूरे देश को हिला दिया था। उस दौरान पहाड़ टूटे, विशाल चट्टानें बहकर मंदिर के पास आकर रुक गईं और हजारों लोगों की जान बचाने में ढाल बनीं। आज वही चट्टानें एक नए आस्था केंद्र के रूप में लोगों का ध्यान खींच रही हैं।

चट्टानों पर दिखीं 31 रहस्यमयी आकृतियां

स्थानीय लोगों, पुजारियों और कई विशेषज्ञों के अनुसार, इन चट्टानों की सतह पर करीब 31 अलग-अलग आकृतियां उभरकर दिखाई दे रही हैं। इनमें भगवान शिव से मिलती-जुलती आकृतियां, नंदी के जैसे आकार, साधु-संतों की आकृतियों जैसी रेखाएं भक्तों के रूप में दिखने वाली उभरी रूप-रेखाएं दूर से ये आकृतियां साधारण सा पत्थर ही लगती हैं, लेकिन पास जाकर देखने पर इनके आकार बेहद स्पष्ट दिखाई देते हैं। इस वजह से कई लोग इन्हें प्राकृतिक मूर्ति परिसर जैसा मानने लगे हैं।

क्या यह प्रकृति का चमत्कार या दिव्य संकेत?

अब तक वैज्ञानिक रूप से यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ऐसी विशाल और गहरी आकृतियां चट्टानों पर कैसे बनीं। कुछ विशेषज्ञ इन्हें प्राकृतिक भू-आकृतिक संरचना बताते हैं, जबकि कई श्रद्धालु इसे शिव की उपस्थिति और दिव्य संकेत मान रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है- '2013 की आपदा के बाद भी मंदिर सुरक्षित रहा... अब इन चट्टानों में शिव के रूप दिखना कोई साधारण बात नहीं है।'

तीर्थयात्रियों के लिए नया आकर्षण

इन चट्टानों को देखने के लिए अब केदारनाथ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। लोग इन्हें आस्था का प्रतीक, चमत्कार का संकेत, प्रकृति की अद्भुत कला और शिव की कृपा मानकर प्रति दिन बड़ी संख्या में दर्शन करने आ रहे हैं।

रहस्य और श्रद्धा बढ़ाती अनोखी कहानी

चाहे ये आकृतियां संयोग हों या प्रकृति के अद्भुत खेल– केदारनाथ की ये चट्टानें अब एक नई आध्यात्मिक कहानी बन चुकी हैं। 2013 की त्रासदी के दौरान मंदिर को बचाने वाली ये चट्टानें आज श्रद्धालुओं की आस्था का नया केंद्र बनकर उभर रही हैं। यह घटना बताती है कि प्रकृति और आस्था जब मिलती हैं, तो इतिहास खुद-ब-खुद नई कहानी रच देता है।





मेघालय, जिसे 'बादलों का घर' कहा जाता है, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और क्रिस्टल-क्लियर नदियों के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ शिलॉन्ग, डॉकी झील, दावकी, मौसिनराम और मावफलांग पवित्र वन जैसी मनोरम जगहें आपके मन को मोह लेंगी।

# बादलों का घर मेघालय : इन 5 जगहों की सैर आपको जीवन भर याद रहेगी, बनाएं ट्रिप का प्लान!

नॉर्थ-ईस्ट राज्य प्राकृति और सुंदर वादियों के लिए जाना जाता है। अगर आप मेघालय जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। मेघालय को बादलों का घर कहा जाता है। यहां की सुंदरता दुनियाभर में फेमस है। मेघायलय में पानी भी शीशे की तरह चमकता है और घने जंगल की सुंदरता देखकर आप कहीं न कहीं खो जाएंगे। जो एक बार मेघालय घूमने जाएगा वो वही का होकर रह गया है। मेघालय में आपको पहाड़, झरने, नदियां, झील, हरे जंगल सबकुछ देखने को मिलेगा। आइए आपको बताते हैं आप किन जगहों पर जरुर घूमने जाएं।

### शिलॉन्ग

मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग घूमने जरुर जाएं। यह शहर बेहद ही खूबसूरत और हरियाली से घिरा हुआ है। मेघालय पूर्वी हिमालय की पहाड़ियों में बसा हुआ है शिलॉन्ग। इसे मिनी स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। शिलॉन्ग में आप व्यू पॉइंट, लैत्कोर पीक, स्प्रेअद ईगल फॉल्स, लेडी ह्यदारी पार्क और एलिफेंट फॉल्स को जरुर देखें।



### डॉकी झील

डॉकी झील भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक छोटा-सा शहर बसा है। डॉकी झील को उमंगोट नदी भी बोला जाता है, जो कि भारत से बांग्लादेश तक बहती है। इसका पानी एकदम क्रिस्टल लियर है। इधर नाव पर सफर करने से ऐसा फील होता है कि जैसे नाव हवा में है।

### दावकी

अगर आप मेघालय जा रहे हैं, तो पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले में स्थित दावकी छोटा सा टाउन है, यहां पर घूमने के लिए कई सारी जगहें हैं। इधर आपको सुंदर झरने देखने को मिलेंगे। दावकी में जाफलोंग जोरी पॉइंट, बुरहिल झरने, मावल्यान्नॉग, रिवाई जैसी खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकती हैं।

### मौसिनराम

मेघालय के खासी हिल्स में मौसिनराम एक सुंदर बस्ती है, यह अपनी प्राकृतिक स्टैलेग्माइट शिवलिंग जैसी संरचनाओं के लिए जाना जाता है। यहां पर मावजिम्बुइन गुफा देखने को लायक मिलती है। इस गुफा में शिवलिंग भी रखी है, जो कि स्टैलेग्माइट के लिए जानी जाती है। यहां का वातावरण एकदम शांत और सुकून से भरा हुआ है। कलकल करता हुआ पानी की आवाज आपके मन को शांति प्रदान करेगा।

### मावफलांग पवित्र वन

मेघालय में मावफलांग वन एक प्रचीन जंगल है, जो काफी शुद्ध व पवित्र माना जाता है। इस जंगल से एक भी पत्ती बाहर लेकर जाना माना है और इस जंगल में आपको रुद्राक्ष के पेड़ मिलेंगे, हर मुख वाली रुद्राक्ष पेड़ में लगी होती है।

# खूबसूरती और रोमांच का अनोखा संगम, हिमाचल का 'कौमिक' गांव, जहां चांदनी रातें बिखेरती हैं जादू

**उत्तराखंड में ऐसी कई अद्भुत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर घूमने के लिए हर मौसम में विश्व के हर कोने से पर्यटक पहुंचते हैं। हिमाचल प्रदेश में स्थित कौमिक एक ऐसा गांव है, जिसकी खूबसूरती देखकर हर कोई अद्भुत ख्वाबों की दुनिया में चला जाएगा।**

हिमाचल प्रदेश पश्चिमी हिमाचल के हृदय में स्थित एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। इसको उत्तराखंड की तरह ही 'देव भूमि' के नाम से जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जो 'बर्फीले पहाड़ों के प्रांत' के नाम से फेमस है। उत्तराखंड में ऐसी कई अद्भुत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर घूमने के लिए हर मौसम में विश्व के हर कोने से पर्यटक पहुंचते हैं। हिमाचल प्रदेश में स्थित कौमिक एक ऐसा गांव है, जिसकी खूबसूरती देखकर हर कोई अद्भुत ख्वाबों की दुनिया में चला जाएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कौमिक की खासियत और इसके आसपास कुछ अद्भुत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### कौमिक गांव

कौमिक गांव को कई लोग कोमिक के नाम से भी जानते हैं। यह गांव खूबसूरत और मनमोहक गांव हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले में स्थित है।

कौमिक गांव हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला से करीब 444 किमी दूर है। इसके साथ ही कौमिक गांव मनाली से 202, कुल्लू से 224 और रिकांग पिओ से करीब 228 किमी दूर है।

### कौमिक गांव की खासियत

हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले की स्पीति में स्थित कौमिक गांव काफी ज्यादा खूबसूरत है। कौमिक गांव को भारत के अलावा दुनिया के सबसे गांव होने की ख्याति भी प्राप्ति होती है।

कौमिक गांव समुद्र तल से करीब 15 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद कौमिक गांव ढके-ढके ऊंचे पहाड़, क्रिस्टल से अधिक साफ झील-झरनों का पानी और नीले आसमान के लिए जाना जाता है। कौमिक गांव की चांदनी रात पर्यटकों को सबसे अधिक आकर्षित करती है। यहां का शांत और शुद्ध वातावरण भी पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। इसलिए इस गांव को हिमाचल प्रदेश का हसीन जन्नत माना जाता है।



### लुंडुप त्सेमो गोम्पा बौद्ध मठ

कौमिक गांव अपनी खूबसूरती के अलावा लुंडुप त्सेमो गोम्पा बौद्ध मठ के लिए भी आकर्षण का केंद्र माना जाता है। इस मठ के बारे में बताया जाता है कि इसका इतिहास करीब 500 साल से भी अधिक पुराना है।

पहाड़ी की चोटी पर मौजूद होने के कारण लुंडुप त्सेमो गोम्पा बौद्ध मठ को एक्सप्लोर करना बहुत लोगों का सपना होता है। मठ की ऊंचाई से कौमिक गांव के आसपास के लुभावने और हसीन दृश्यों को आंखों में कैद कर सकते हैं। आप चाहें तो यहां पर यादगार फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

### एडवेंचर प्रमियों के लिए स्वर्ग

यह गांव सिर्फ अपनी खूबसूरती के लिए नहीं बल्कि गोम्पा बौद्ध मठ और एडवेंचर प्रेमियों के लिए भी स्वर्ग माना जाता है। यह गांव विश्व भर में सबसे ऊंचे ट्रैकिंग और हाईकिंग के लिए फेमस है।

सर्दियों के मौसम के अलावा आप यहां पर गर्मियों में भी आ सकते हैं। यहां पर हजारों लोग ट्रैकिंग, बाइक राइड और कैंपिंग के लिए भी आते हैं। आप यहां पर रॉक क्लाइंब का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### ऐसे पहुंचे कौमिक गांव

बता दें कि इस गांव पहुंचना बेहद आसान है। इसके लिए आप दिल्ली, हरियाणा और पंजाब से बस लेकर स्पीति वैली पहुंच सकते हैं। दिल्ली कश्मीरी गेट से स्पीति वैली के लिए बस चलती हैं। स्पीति वैली पहुंचने के बाद आप बाइक रेंट पर लेकर कौमिक गांव पहुंच सकते हैं। इसके अलावा आप शिमला से भी बस लेकर कौमिक गांव पहुंच सकते हैं।



# ये कैसा झरना जो बहता है उल्टा! नीचे गिरने की बजाए ऊपर चढ़ता है पानी, देखकर हिल जाएगा दिमाग

भारत में प्रकृति के कई ऐसे चमत्कार हैं, जिन्हें देखकर आप हैरान रह जाएंगे। इन्हीं में से एक है महाराष्ट्र का नानेघाट वाटरफॉल, जो गुरुत्वाकर्षण के नियमों को चुनौती देता है। आमतौर पर झरने ऊपर से नीचे गिरते हैं, लेकिन यह झरना नीचे से ऊपर बहता दिखाई देता है। इस अनोखे नज़ारे को देखने के लिए हर साल भारी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं।

कहां स्थित है यह अनोखा झरना?

यह अनोखा झरना नानेघाट वाटरफॉल के नाम से मशहूर है और कोंकण समुद्र तट तथा जुन्नार नगर के बीच स्थित है। मुंबई से इसकी दूरी करीब 120 किमी और पुणे से लगभग 150 किमी है। नाना घाट और 'रिवर्स वाटरफॉल' के नाम से जाना जाने वाला यह स्थान अपने अनोखे प्राकृतिक दृश्य के कारण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है।

### क्यों बहता है यह झरना उल्टी दिशा में?

गुरुत्वाकर्षण के नियम के मुताबिक हर चीज ऊपर से नीचे की ओर आती है, लेकिन नानेघाट का यह झरना तेज हवाओं के कारण ठीक उल्टा व्यवहार करता है। यहां हवा इतनी तेज़ चलती है कि नीचे गिरता पानी हवा का दबाव पकड़कर ऊपर उड़ने लगता है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि इसी तेज हवा की दिशा और गति के कारण यह झरना उल्टी दिशा में बहता दिखाई देता है, जो इसे बेहद रहस्यमयी और अनोखा बनाता है।

### इसे देखने पर क्या महसूस होता है?

जो भी इस झरने को पहली बार देखता है, वह दंग रह जाता है। दूर से ऐसा लगता है मानो पानी ऊंची पहाड़ी की तरफ ऊपर चढ़ रहा हो। यह अद्भुत नज़ारा लोगों को कुछ पल के लिए स्तब्ध कर देता है, क्योंकि प्रकृति का ऐसा उल्टा करिश्मा आमतौर पर देखने को नहीं मिलता।

### कैसे पहुंचे नानेघाट रिवर्स वाटरफॉल?

अगर आप नानेघाट रिवर्स वाटरफॉल देखने का प्लान बना रहे हैं, तो यहां पहुंचना बिल्कुल आसान है। सबसे पहले आपको कल्याण बस स्टैंड जाना होगा, जहां से जुन्?नार और नानेघाट के लिए नियमित बसें मिल जाती हैं। चाहें तो आप सड़क मार्ग से भी अपनी कार या टैक्सी से आराम से नानेघाट पहुंच सकते हैं। यहां तक पहुंचने का रास्ता सुंदर घाटों और हरियाली से भरा है, जो यात्रा को और भी खास बनाता है।

### ट्रेकिंग के शौकीनों के लिए स्वर्ग

नानेघाट ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यह ट्रेल घाटघर के घने जंगल क्षेत्र का हिस्सा है और रोमांच से भरपूर प्राकृतिक रास्तों से होकर गुजरता है। कल्याण-अहमदनगर हाईवे से शुरू होने वाला यह ट्रेकिंग रूट साहसिक यात्रियों के बीच काफी लोकप्रिय है, क्योंकि यहां का शांत वातावरण, पहाड़ी दृश्य और ठंडी हवाएं पूरे सफर को यादगार बना देती हैं।

### घूमने का सबसे अच्छा समय

नानेघाट रिवर्स वाटरफॉल को देखने का सबसे अच्छा समय मानसून का मौसम माना जाता है। जुलाई से सितंबर के बीच यहां की खूबसूरती अपने चरम पर होती है। इस दौरान हवाएं बेहद तेज चलती हैं, जिसकी वजह से झरना सबसे मनमोहक तरीके से उल्टी दिशा में बहता दिखाई देता है। यही समय इस अनोखे प्राकृतिक चमत्कार को नज़दीक से देखने के लिए परफेक्ट माना जाता है।



# आईसीसी रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती ने रचा इतिहास, टी20आई क्रिकेट में यह रिकॉर्ड बनाने वाले बने पहले भारतीय गेंदबाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है और अपने करियर की नई उच्चतम रेटिंग हासिल कर ली है। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में लगातार तीसरी बार दो विकेट लेने के बाद भारतीय गेंदबाज ने 818 अंकों का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया है। दाएं हाथ के लेग स्पिनर ने श्रृंखला के पहले तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, जिनमें धर्मशाला में खेले गए तीसरे भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवरों में 2/11 के उनके प्रभावशाली आंकड़े शामिल हैं, जिन्होंने भारत की सात विकेट की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 818 रेटिंग अंकों के साथ, चक्रवर्ती अब दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी (699) से 119 अंकों की बड़ी बढ़त पर हैं।

34 वर्षीय चक्रवर्ती टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में सर्वकालिक शीर्ष 10 में भी शामिल हो गए हैं। यह खबर भारत के लिए समय पर आई है, क्योंकि वेस्ट इंडीज में पिछले साल जीती गई आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की उपाधि का बचाव करने में दो महीने से भी कम समय बचा है। चक्रवर्ती से उम्मीद की जा रही है कि वे लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की दौड़ में अहम भूमिका निभाएंगे। भारत के लिए एक और अच्छी खबर यह है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वां स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की रैंकिंग में भी कई सुधार देखने को मिले हैं। मार्को जानसेन 14 पायदान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर, लुंगी एनगिडी 11 पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ओटनेल बार्टमैन शीर्ष 100 से बाहर से छलांग लगाकर 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अब आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल हैं। तिलक वर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शानदार पारियों के बाद दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथा स्थान हासिल कर लिया है। उनके साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी आरामदायक बढ़त बनाए हुए हैं, वहीं दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्कराम और क्विंटन डी कॉक ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। मार्कराम आठ पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि डी कॉक हाल के कुछ उत्साहजनक प्रदर्शनों के बाद 14 पायदान ऊपर चढ़कर 43वें स्थान पर आ गए हैं।

# 'मुझे नई जिंदगी देने के लिए सीएसके का बहुत-बहुत धन्यवाद', आईपीएल ऑक्शन में चुने जाने के बाद पहली बार बोले सरफराज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज सरफराज खान ने कहा है कि पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की वजह से उन्हें 'नई जिंदगी' मिली है क्योंकि टीम ने उन्हें अबुधाबी में हुई खिलाड़ियों की नीलामी में 75 लाख रुपए के आधार मूल्य पर खरीदा है। मंगलवार को नीलामी से कुछ घंटे पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच में 22 गेंद में 73 रन बनाने वाले 28 साल के सरफराज के लिए पहले दौर में किसी ने बोली नहीं लगाई लेकिन बाद में सुपरकिंग्स ने उन्हें खरीद लिया।

मुंबई के बल्लेबाज सरफराज ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, 'मुझे नई जिंदगी देने के लिए छस्र्य का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि सीएसके 2026 का खिताब जीते।' मध्यक्रम के इस आक्रामक बल्लेबाज ने पिछली बार 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच खेला था। इसके बाद के दो सत्र में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला।

सरफराज का अंतरराष्ट्रीय करियर भी अभी मुश्किल में है क्योंकि घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें किसी भी प्रारूप में भारतीय टीम में जगह नहीं मिली। वह अतीत में आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के लिए भी खेल चुके हैं। सरफराज ने 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए आईपीएल में पदार्पण किया था।

यह दाएं हाथ का बल्लेबाज इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में रहा है जिसमें उन्होंने 82.25 की औसत और 204.34 के स्ट्राइक रेट से 329 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक भी शामिल है। सरफराज ने भारत के लिए छह टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 37.10 की औसत और 74.94 के स्ट्राइक रेट से 371 रन बनाए हैं जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 150 है।

# आईपीएल में सबसे महेंगे बिके कैमरून ग्रीन एशेज में शून्य पर आउट हुए



**एडीलेड (एजेंसी)।** आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे बिके ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाये। ग्रीन को इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने शिकार बनाया। तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी शुरु की पर उसके बल्लेबाज विफल रहे। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए ग्रीन केवल दो गेंद ही खेल पाये थे कि आर्चर की गेंद पर कैच हो गये। इस प्रकार ग्रीन का शून्य पर आउट होना प्रशंसकों के बीच चर्चा का मामला बन गया। आईपीएल नीलामी में मोटी रकम पाने के बाद प्रशंसकों को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी, इसी कारण उन्हें अधिक निराशा हुई।

ग्रीन को गत दिवस हुई नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। ग्रीन को लेकर केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में जमकर बोली लगी थी। सीएसके ने 25 करोड़ रुपये तक बोली लगाई थी पर अंत में केकेआर को सफलता मिली। केकेआर ने नीलामी के बाद एक वीडियो भी जारी किया। इसमें ग्रीन ने कहा, 'मैं इस साल आईपीएल में कोलकाता का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं, ईडन गार्डन्स में खेलने का मुझे बेसब्री से इंतजार है। वहां के माहौल में ढलने का और उम्मीद है कि यह साल हमारे लिए बेहतरीन रहेगा।'

ग्रीन के टीम में आने से केकेआर की टीम को एक बेहतरीन ऑलराउंडर मिला है। इसका कारण है कि ग्रीन गेंद और बल्ले दोनो से ही बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। इस ऑलराउंडर ने साल 2023 और 2024 के आईपीएल सत्र में मुंबई इंडियंस (एमआई) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलते हुए 29 मैचों में 41.58 की औसत से 707 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और दो अर्धशतक लगाये और उनका स्ट्राइक रेट 153 से ज्यादा रहा। वहीं 16 विकेट भी लिए।

# आईपीएल 2026: सीएसके फैंस के लिए झटका, धोनी के संन्यास पर पूर्व खिलाड़ी का बड़ा संकेत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व सीएसके बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि एमएस धोनी के आईपीएल करियर को लेकर अब स्थिति काफी हद तक साफ हो चुकी है। उनके अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स पिछले कुछ सीजन से ट्रांजिशन मोड में है और यह प्रक्रिया अचानक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे आगे बढ़ी है। उथप्पा ने कहा कि टीम का मौजूदा संतुलन और फैसले साफ संकेत देते हैं कि अब धोनी के लिए आगे बढ़ने का सही समय आ गया है।

### कप्तानी की जिम्मेदारी रुतुराज की ओर

उथप्पा ने यह भी बताया कि जब से कप्तानी दोबारा धोनी के हाथ में आई, तब से हर सीजन नेतृत्व की जिम्मेदारियां रुतुराज गायकवाड़ की ओर शिफ्ट होती दिखीं। टीम मैनेजमेंट ने रुतुराज को लंबे समय का कप्तान मानते हुए धीरे-धीरे फैसलों में शामिल करना शुरू किया। इससे साफ है कि सीएसके भविष्य को ध्यान में रखकर नेतृत्व परिवर्तन की तैयारी कर चुकी है।

### संजू सैमसन की एंट्री और उत्तराधिकार योजना

आईपीएल 2026 से पहले संजू सैमसन को ट्रेड कर सीएसके में लाना भी इसी सोच का हिस्सा माना जा रहा है। उथप्पा के मुताबिक, सैमसन न सिर्फ टॉप ऑर्डर को मजबूती देंगे, बल्कि धोनी के बाद विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने के लिए भी एक मजबूत विकल्प हैं। यह फैसला बताता है कि टीम धोनी के बाद की संरचना पर गंभीरता से काम कर रही है।

### युवाओं पर भरोसा, भविष्य की नींव

सीएसके ने आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन में युवाओं पर बड़ा दांव खेला। अनकैप्ड खिलाड़ियों प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा पर भारी रकम खर्च कर टीम ने साफ कर दिया कि वह आने वाले वर्षों के लिए मजबूत कोर तैयार करना चाहती है। इसके अलावा नूर अहमद और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे युवा खिलाड़ियों पर भरोसा भी इसी रणनीति का हिस्सा है।



### मेंटर के रूप में धोनी की संभावित भूमिका

उथप्पा का मानना है कि भले ही धोनी मैदान से दूरी बना लें, लेकिन उनका सीएसके से जुड़ाव खत्म नहीं होगा। उन्होंने संकेत दिए कि धोनी भविष्य में मेंटर-कम-प्लेयर या केवल मेंटर की भूमिका में टीम के साथ रह सकते हैं। इससे सीएसके को अनुभव और मार्गदर्शन मिलता रहेगा, जबकि टीम नई पीढ़ी के साथ आगे बढ़ती रहेगी।

# शुभमन गिल की सीधी गेंदों को ना खेल पाने की कमजोरी चिंता का सबब : संजय बांगड़

नई दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने बुधवार को कहा कि सीधी गेंदों को नहीं खेल पाने की शुभमन गिल की कमजोरी चिंता का सबब है। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के तीन मैचों में 32 रन ही बना सके हैं। जियोस्टार पर गेम प्लान कार्यक्रम में बांगड़ ने कहा कि आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर गिल सहज लग रहे हैं लेकिन सीधी गेंदों को नहीं खेल पा रहे हैं। बांगड़ ने कहा, 'शुरूआत में उसका फुटवर्क काफी सकारात्मक था लेकिन 28 से ज्यादा मैचों में अगर तीन या चार बाउंड्री निकाल दें तो सीधी गेंदों को वह नहीं खेल पा रहा है। सीधी गेंदों के सामने उसका स्ट्राइक रेट बहुत खराब है।' उन्होंने युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'वह काफी आक्रामक सोच के साथ खेलता है। उसमें गेंद को पीटने की क्षमता है, खासकर कवर्स के ऊपर से जो खास कौशल है।' बांगड़ ने हार्दिक पंड्या के हरफनमौला योगदान की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'पंड्या के हरफनमौला प्रदर्शन से टीम को संतुलन मिलता है।'



# अशोक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : अशोक शर्मा बने सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज



नई दिल्ली। राजस्थान की टीम के तेज गेंदबाज अशोक शर्मा ने मुम्बई के खिलाफ मैच में अथर्व अंकोलेकर का विकेट लेने के साथ ही एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ ही अशोक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एक सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। अशोक के अब 22 विकेट हो गये हैं और उन्होंने बड़ौदा के लुकमान मेरीवाला का 21 विकेटों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अशोक ने जैसे ही 22 वां विकेट लिया। वैसे ही उनके विकेटों की संख्या इस सत्र में सबसे अधिक 22 पहुंच गई। इससे ज्यादा विकेट किसी भी गेंदबाज ने इस टूर्नामेंट के करीब 20 साल के इतिहास में नहीं लिए थे। इससे पहले ये रिकार्ड 21 विकेट के साथह ही बड़ौदा के तेज गेंदबाज लुकमान मेरीवाला के नाम था। मेरीवाला ने साल 2013-14 की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में घातक गेंदबाजी की थी और कुल 21 विकेट निकाले थे। वहीं अब वह दूसरे स्थान पर फिसल गए हैं। 10 मैचों में अशोक ने 22 विकेट निकाले हैं। दो बार उन्होंने 4 विकेट भी लिए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर चल रहे अंशुल कंबोज ने 10 मैचों में 20 विकेट लिए हैं।

# पंजाब किंग्स ने इन चार खिलाड़ियों को टीम से जोड़ा, कप्तान श्रेयस अय्यर ने कह दी ये बड़ी बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की मिनी नीलामी में चार महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को खरीदकर आगामी सीजन के लिए अपनी 25 सदस्यीय टीम पूरी कर ली है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नीलामी में पीबीकेएस ने दो अनकैप्ड और दो कैप्ड खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शियस टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कूपर कॉनॉली को 3 करोड़ रुपये में खरीदकर अपने खाते की शुरुआत की। मध्य क्रम में लचीलापन प्रदान करने में सक्षम उभरते सितारे कॉनॉली एक विश्वसनीय धीमी गति की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी का विकल्प भी प्रदान करते हैं।



कॉनॉली को टीम में शामिल करने के पीछे की सोच के बारे में बात करते हुए, कप्तान श्रेयस अय्यर, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में उनका सामना किया है, ने कहा: 'सच कहूं तो, शुरुआत में वह हमारे दिमाग में नहीं थे, लेकिन जैसे-जैसे हमने विचार-विमर्श किया और विकल्पों को सीमित किया, हमें एहसास हुआ कि वह इस पोजीशन के लिए बिल्कुल सही हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'उनका स्वभाव शानदार है और उनमें मैच को फिनिश करने की क्षमता है। आईपीएल में ये खूबियां बहुत मायने रखती हैं। हालांकि, हमने सोचा नहीं था कि हम उन्हें 3 करोड़ में खरीद पाएंगे, हमने तो उनकी कीमत इससे कहीं ज्यादा होने का अनुमान लगाया था।'

इसके तुरंत बाद, नीलामी में टीम की सबसे ऊंची बोली लगी, जब बेन ड्वार्शियस को 4.40 करोड़ रुपये में खरीदा गया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और निचले क्रम के उपयोगी स्ट्राइकर ड्वार्शियस गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देते हैं और डेथ ओवरों में घातक पावर-हिटिंग का विकल्प प्रदान करते हैं। प्रवीण दुबे को उनकी बेस प्राइस 1 लाख रुपये में फिर से टीम में शामिल किया गया और वह किंग्स की टीम में लौट आए। दुबे युजवेंद्र चहल और हरप्रीत बराड़ की मौजूदा जोड़ी के पूरक के रूप में भारतीय स्पिन गेंदबाजी का महत्वपूर्ण बैकअप प्रदान करते हैं।

घरेलू टीम को और मजबूत करने के लिए, होनहार युवा प्रतिभा विशाल निषाद पीबीकेएस टीम में शामिल हो गए हैं और उन्हें 30 लाख रुपये की उनकी बेस प्राइस पर साइन किया गया है। किंग्स ने 11.5 करोड़ रुपये के बजट के साथ नीलामी में प्रवेश किया, जिसमें से उन्होंने 8 करोड़ रुपये खर्च कर दिए और दो विदेशी और दो भारतीय खिलाड़ियों को खरीद लिया।

# मसूद नहीं संभालेंगे कंसल्टेंट इंटरनेशनल और प्लेयर्स अफेयर्स पद

कराची। पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद ने क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के दिये कंसल्टेंट इंटरनेशनल और प्लेयर्स अफेयर्स के पद को ठुकरा दिया है। मसूद को पीसीसी ने इस पद का प्रस्ताव दिया था पर वह इसे संभालने के लिए तैयार नहीं हैं। मसूद के अनुसार इससे वह राष्ट्रीय टीम के प्रति अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा सकेंगे। पिछले माह पीसीबी ने मसूद को यह पद इस आश्वासन के साथ दिया था कि क्रिकेट से संन्यास के बाद उन्हें डायरेक्टर का स्थायी पद मिलेगा। यह पहली बार है जब किसी मौजूदा टेस्ट कप्तान को पीसीबी ने इस प्रकार का प्रस्तान दिया है। वहीं कहा गया कि मसूद अपनी उच्च शिक्षा और प्रबंधन के क्षेत्र में जानकारी के कारण दोनों जिम्मेदारियों को साथ में निभा सकेंगे। वहीं मसूद ने काफी विचार के बाद पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को बताया कि वह दोनों जिम्मेदारियों को ठीक से नहीं निभा सकेंगे। शान ने बताया कि साल 2026 और 2027 में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप को देखते हुए पाक का कार्यक्रम काफी व्यस्त है, और वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचाना चाहते हैं। मसूद ने नकवी से अनुरोध किया है कि उन्हें अपनी क्रिकेट जिम्मेदारियों पर ध्यान देने दिया जाए। साथ ही कहा कि वह क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पीसीबी के साथ काम करने के लिए तैयार रहेंगे। पीसीबी ने मसूद के इंकार के बाद वर्तमान स्टाफ को ही मामलों को संभालने को कहा है। ऐसे में तय है है कि एशिया कप के दौरान डायरेक्टर इंटरनेशनल क्रिकेट अफेयर्स के पद से निलंबित उस्मान वाहला को एक बार फिर बहाल किया जा सकता है।



# आईपीएल में अवसर नहीं मिलने पर अन्य जगह संभावनएं तलाशेंगे मैट शॉर्ट

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और ऑलराउंडर मैट शॉर्ट ने कहा है कि अगर उन्हें आईपीएल में अवसर मिलता है तो वह खेलने के लिए पूरी तरह सो तैयार हैं पर अगर उन्हें अवसर नहीं मिलता तो वह अन्य लीग्स में खेलने पर ध्यान देंगे। पंजाब किंग्स के लिए 2023 में खेलते हुए शॉर्ट ने अपनी क्षमता साबित नहीं कर पाए इसी कारण अगली नीलामी में किसी फेंचाइजी ने उन्हें नहीं चुना था। मैट शॉर्ट को 2023 में जॉनी बेयरस्टो की चोट के कारण रिप्लेसमेंट प्लेयर के रूप में पंजाब किंग्स में शामिल किया गया था। छह मैचों में खेलने के बावजूद उन्होंने कोई अर्धशतक नहीं बनाया और 19.50 की औसत के साथ कुल 117 रन ही जोड़ पाए। शॉर्ट ने माना कि लीग की प्रतिष्ठा के कारण तब वह दबाव ने उन्हें प्रभावित किया। शॉर्ट ने बताया, शायद मैं थोड़े जल्दी में आईपीएल में आया था। यह मेरा पहला विदेशी टूर्नामेंट था, सीधे आईपीएलमें खेलना बड़ा अनुभव था। वहीं कहा कि इस बार अवसर मिला तो वह खेलने के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। शॉर्ट ने अपने खेल के मानसिक पक्ष पर भी काम किया है। डेविड रीड की मदद से उन्होंने ध्यान केंद्रित करना का भी अभ्यास किया है। उनके पास बिग बैश और दुनिया भर की अन्य प्रतियोगिताओं का अनुभव है। इससे मुझे दबाव को संभालने और विभिन्न परिस्थितियों में खेलने का आत्मविश्वास मिला है। अब अगर चुना गया, तो मैं पूरी तरह तैयार रहूंगा। शॉर्ट ने कहा कि यदि उन्हें अवसर नहीं मिलता है तो वह आगे के अवसरों की तलाश में हैं। उन्होंने कहा कि अगर एक चीज़ नहीं होती, तो हम कुछ और खोज लेंगे। मैं ऑक्शन को देखूंगा और फिर परिणाम का इंतजार करूंगा।



# आईपीएल और पीएसएल कार्यक्रम टकराया

मुम्बई। साल 2026 में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पाकिस्तान क्रिकेट लीग (पीएसएल) से तारीखें टकरा रही हैं। इसका कारण है कि आईपीएल 26 मार्च से मई अंत तक खेला जाएगा। वहीं पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी 11वां सत्र अगले साल 26 मार्च से तीन मई तक रखा है। य पहली बार नहीं है जब पीसीबी ने इस प्रकार की तारीखें घोषित की है। पहले भी पीएसएल की तारीखें आईपीएल से टकराती रही हैं। ये लगातार दूसरी बार है जब यह आईपीएल के साथ ही पीएसएल भी खेला जाएगा। इससे उन खिलाड़ियों को नुकसान होगा जो आईपीएल में अवसर न मिलने पर पीएसएल में खेलते हैं। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मार्च में पीएसएल के नये सत्र की घोषणा की है। आईपीएल भी इसी समय खेला जाएगा। नकवी ने कहा कि इस दौरान पाकिस्तान टीम के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में बदलाव किया जायेगा। पाकिस्तान को मार्च अप्रैल में बांग्लादेश में दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इस साल भारत और श्रीलंका में फरवरी मार्च में टी20 विश्व कप भी होना है, जो कि मार्च के पहले सप्ताह तक चलने वाला है। ऐसे में पीसीबी को अपनी ही टीम के कार्यक्रम को अब पीएसएल 2026 की वजह से आगे करना है। मार्च और मई में पीएसएल का आयोजन होगा तो निश्चित तौर पर पाकिस्तान और बांग्लादेश सीरीज मई के अंत में शुरू होगी। हालांकि, बांग्लादेश का शेड्यूल कैसा है? ये भी सोचना होगा, क्योंकि तीनों फॉर्मेट की सीरीज को आगे खिसकना बहुत ज्यादा कठिन होगा। हो सकता है कि सीरीज को छोटा किया जाए, क्योंकि बांग्लादेश की टीम को न्यूजीलैंड भी जाना है। अब देखना ये है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस सीरीज को कैसे समायोजित करता है। हालांकि, एक बाद है कि क्रिकेट प्रशंसकों को लगातार मैच देखने को मिलेंगे।




# फ्रांस के डेम्बेले और स्पेन की बोनमाटी ने जीता फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

**दोहा (एजेंसी)।** स्पेन की आइताना बोनमाटी और फ्रांस के उस्मान डेम्बेले को क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। मंगलवार रात यहां आयोजित एक विशेष समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। 28 वर्षीय डेम्बेले पीएसजी की ऐतिहासिक पहली चैंपियंस लीग जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे।

फाइनल मुकाबले में पीएसजी ने इंटर मिलान को 5-0 से हराया। डेम्बेले ने पिछले सीजन सभी प्रतियोगिताओं में कुल 35 गोल किये जिनमें से 21 गोल लीग-वन में थे और वह टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर भी रहे। वहीं, बार्सिलोना की मिडफील्डर को क्लब और देश के लिए एक और शानदार साल के बाद द बेस्ट फीफा महिला खिलाड़ी चुना गया और वह लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला फुटबॉलर बन गईं।

बोनमाटी ने चैंपियंस लीग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी जीता। इसके अलावा उन्होंने लगातार तीसरी बार विमेंस बैलन डी'ओर पुरस्कार भी हासिल किया। बोनमती की अगुवाई में बार्सिलोना ने घरेलू स्तर पर ट्रेबल जीता, जबकि स्पेन के साथ उन्होंने चैंपियंस लीग फाइनल और यूरो 2025 फाइनल तक का सफर तय किया।

पुरस्कार के बाद बोनमाटी ने कहा, 'मैं अपना तीसरा फीफा द बेस्ट अवॉर्ड जीतने के लिए बहुत आभारी और गर्व महसूस कर रही हूं। मैं उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं जिन्होंने मेरे लिए वोट किया, खिलाड़ी, कोच और प्रशंसक। मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि जो खिलाड़ी मेरी तरह फुटबॉल खेलते हैं या जिन कोचों के खिलाफ मैं खेलती हूं, उन्होंने मुझे फीफा द बेस्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना। यह सबसे अच्छी बात है जो मैं कह सकती हूं।'

उस्मान डेम्बेले ने कहा, 'सबसे पहले, मैं अपने सभी टीम के साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं, यह साबित होता है कि कड़ी मेहनत रंग लाती है। यह मेरे लिए, व्यक्तिगत रूप से और एक टीम के रूप में, एक शानदार साल रहा है। मैं अपने परिवार को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा मुझे हमेशा मेरे जन्मदिन पर आपसे एक छोटा सा मैसेज मिलता है, जिससे मुझे हमेशा खुशी होती है। मुझे उम्मीद है कि अगले साल मैं फिर से यहां आऊंगा।'

इंग्लैंड को लगातार दूसरा यूइएफा विमेंस यूरो खिताब दिलाने के बाद सरीना विगमैन को 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच चुना गया। लुइस एनरिक को 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच चुना गया।



## तिरुपति में मुंडन सेवा के लिए कारोबारी ने 1 करोड़ 20 लाख के हाफ ब्लेड दान किए

हैदराबाद (एजेंसी)। दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के संरक्षक तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को एक खास दान प्राप्त हुआ। हैदराबाद के एक बिजनेसमैन बी श्रीधर ने मंदिर की मुंडन रस्मों के लिए 1 करोड़ 20 लाख रुपए के हाफ ब्लेड दान किए हैं। बिजनेसमैन श्रीधर ने कल्याणकट्टों (मुंडन केंद्रों) की सालाना जरूरत को पूरा करने के लिए काफी संख्या में हाफ ब्लेड दान कर दिए है। जिनकी कीमत 1.2 करोड़ रुपए के करीब है। मीडया रिपोर्ट में बताया, बिजनेसमैन बी श्रीधर ने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को 1.2 करोड़ रुपए के हाफ ब्लेड दान किए हैं। टीटीडी के चेयरमैन बीआर नायडू ने कहा कि मंदिर संस्था हर साल भक्तों के बाल मुंडवाने के लिए इस्तेमाल होने वाले ब्लेड पर करीब 1.1 करोड़ रुपए खर्च करती है, जो भगवान को अपने बाल चढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि कल्याणकट्टों में रोजाना करीब 40 हजार हाफ ब्लेड इस्तेमाल होते हैं और श्रीधर के दान से मंदिर की पूरे साल की जरूरत पूरी होगी। बता दें कि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है, जो विश्व का सबसे धनी हिंदू मंदिर है। इस मंदिर में प्रतिदिन हजारों भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर बाल दान करते हैं, जिसे मुंडन सेवा कहा जाता है।

## भाजपा सरकार गरीब को गणेश मानकर सेवक के रुप में काम कर रही -सीएम शर्मा

बीकानेर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब को गणेश मानकर सेवक के रूप में काम कर रही है। सीएम शर्मा बीकानेर के लूणकरणसर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमारा नैतिक दायित्व है कि हम सरकार का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखें। हमारी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में बजट दिया और हर विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ के माध्यम से विकास कार्यों का लेखा-जोखा जनता तक पहुंचा रही है।' उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार ने दो साल में राज्य में सुशासन, जनकल्याण और चहुंमुखी विकास के लिए इ इसतरह के अभूतपूर्व कदम उठाए हैं, जो ऐतिहासिक होने के साथ ही समृद्ध एवं विकसित राजस्थान की एक सशक्त बुनियाद भी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने किसान, युवा, महिला और गरीब के उत्थान के लिए कईकदम उठाए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने 612 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं 107 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने बीकानेर की जिला विकास पुस्तिका, ग्रामीण सेवा शिविर की सफलता की कहानी तथा 'शहरी सेवा शिविर-2025 पुस्तिका का विमोचन भी किया।



## श्रीजगन्नाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर उठे सवाल, सोशल मीडिया पर वायरल अंदर की तस्वीरें

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा के पुरी जिले स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था फिर सवाल उठ गए है। सोशल मीडिया पर फिर श्रीजगन्नाथ मंदिर के अंदर की तस्वीरें वायरल हो गई है। बताया जा रहा है कि एक इंटरनेट मीडिया आईडी से रत्नसिंहासन पर विराजमान महाप्रभु श्रीजगन्नाथ की तस्वीरें साझा की गई हैं। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि फोटों को अत्यंत नजदीक से लिया गया हैं। हैरानी की बात यह है कि कड़ी जांच व्यवस्था के बावजूद मोबाइल फोन मंदिर परिसर के भीतर कैसे पहुंचा, इस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। वायरल तस्वीरों के साथ संबंधित व्यक्ति ने पूरी मंदिर के बाहर अपनी तस्वीरें भी अपलोड की हैं। कुछ दिनों के अंतराल के बाद एक बार फिर श्री जगन्नाथ मंदिर के अंदर की तस्वीरें वायरल होने से मंदिर प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

यह मामला न केवल आस्था, बल्कि मंदिर की सुरक्षा में बड़ी चूक की ओर भी इशारा करता है। जिला प्रशासन से मांग की जा रही है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराए और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## शीतकालीन सत्र में बीजेपी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी कांग्रेस

चंढीगढ़(एजेंसी)। हरियाणा में गुरुवार से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने के आसार हैं। शीतकालीन सत्र में कांग्रेस द्वारा बीजेपी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। पूर्व सीएम एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में हुड्डा ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने हरियाणा में 'वोटों की चोरी' करके सरकार बनाई है। कांग्रेस नेता हुड्डा ने दावा किया कि सत्ता हासिल करने के लिए बीजेपी ने चुनाव से पहले अवैध प्रलोभन देने और एक ही व्यक्ति के लिए कई वोट बनाने जैसे हथकंडों का सहारा लिया। इसलिए सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा और उसके गलत कामों का सदन में पर्दाफाश किया जाएगा।

## गौरव गोगोई ने अटकलों को दिया विराम कहा- एआईयूडीएफ के साथ कांग्रेस नहीं करेगी गठबंधन

गोवाहाटी (एजेंसी)। असम कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने उन तमाम अटकलों को विराम दे दिया, जिसके तहत कहा जा रहा था कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और एआईयूडीएफ गठबंधन करेगी। इस पर गोगोई ने स्पष्ट इनकार करते हुए कहा कि कांग्रेस इस तरह का कोई गठबंधन नहीं करेगी उन्होंने एआईयूडीएफ को सांप्रदायिक संगठन बताया और कहा कि 2026 के विधानसभा चुनावों में विपक्षी पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। पहले ही, आठ विपक्षी दलों ने राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा को हराने के लिए अगले साल के विधानसभा चुनावों में एकजुट होकर चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है। गोगोई ने यहां पत्रकारों से कहा, ''किसी भी परिस्थिति में एआईयूडीएफ के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। गोगोई ने दावा किया, भाजपा पहले ही देख चुकी है कि मौजूदा नेतृत्व में उसके भविष्य की संभावनाएं बहुत अच्छी नहीं हैं। शीर्ष नेतृत्व को इस बात का एहसास है कि भाजपा के सच्चे कार्यकर्ता पार्टी से निराश हो रहे हैं।

# नेशनल हेराल्ड मामले में देश से माफी मांगे पीएम नरेंद्र मोदी: राजेश राम

**– ईडी की भूमिका संदिग्ध, हमारे नेताओं को भाजपा के इशारे पर बदनाम करने की रच रहा है साजिश– राजेश राम**

नई दिल्ली(एजेंसी)। पटना, (ईएमएस)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को राजनीतिक द्वेष के तहत फँसाने हेतु केंद्र सरकार के इशारे पर नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा की जा रही दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई को राउज एवेन्यू कोर्ट से संज्ञान लेने से इंकार करने को जीत बताते हुए भाजपा के नीतियों के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में विरोध मार्च पटना के आयकर गोलंबर से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय तक आयोजित हुआ। इस विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में हमारे नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इंकार कर दिया। अदालत ने दोनों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से दोनों के खिलाफ दायर की गई चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। जबकि ईडी ने दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नाहक परेशान करने के लिए




आरोपी बनाया। नेशनल हेराल्ड केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है। इस सत्ताधारी भाजपा सरकार द्वारा राजनीतिक बदले की भावना से इस केस को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हाल में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी को कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा। साथ ही बताया था कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के मामलों में दोष सिद्धि की दर 10 प्रतिशत से भी कम है। इसलिए यह केस केवल गांधी परिवार को बदनाम करने और देश में कांग्रेस की छवि को भाजपा के इशारे पर बिगाड़ने के लिए बार बार उठाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में संज्ञान नहीं लेने पर हम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं और ईडी की भूमिका को संदिग्ध मानते हैं। इसीलिए हम आज विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से हम मांग करते हैं कि वें राजनीतिक विद्वेष में ऐसे मामले दर्ज कराने से बाज आएं और देश से माफी मांगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंक कर कांग्रेस नेताओं ने उनके विरोध में गगनभेदी नारे भी लगाएं। आयकर गोलंबर से आगे पुलिस के द्वारा बलपूर्वक प्रदर्शन को रोक लिया गया। प्रदर्शन में पूर्व विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, पूर्व विधायक इजहारूल हुसैन, राजेश राठौड़, प्रतिमा कुमारी दास, अमित कुमार टुन्ना, डॉ संजय यादव, डॉ.स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, सौरभ सिन्हा , शशि रंजन, कुमार आशीष, शिशिर कौडिल्य, पंकज यादव, चन्द्र प्रकाश सिंह, शशिकांत तिवारी, कमल कमलेश, कमलदेव नारायण शुक्ला, सत्येन्द्र कुमार सिंह, गुंजन पटेल,केसर कुमार सिंह, संजय पाण्डेय, संतोष कुमार श्रीवास्तव, सुधीर शर्मा, मृणाल अनामय, मुकुल यादव, राजेन्द्र चौधरी, रंजीत कुमार, रीता सिंह, कुमारी माला, गुरूजीत सिंह, विमलेश तिवारी, नीरज कुमार, अरूण पाठक, विशाल यादव, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## वेरिफिकेशन के बाद पांच राज्यों में वोटर लिस्ट जारी, एक करोड से ज्यादा नाम कटे



नई दिल्ली। चुनाव आयोग के कराए गए एसआईआर या सामान्य शब्दों में कहें वोटर वेरिफिकेशन के बाद पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई है। इसमें कुल मतदाताओं की संख्या में 7.6फीसदी की कमी दर्ज की गई है। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 27 अक्टूबर को एसआईआर की घोषणा के समय जहां इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 13.35 करोड़ मतदाता थे, वहीं ड्राफ्ट सूची में यह संख्या घटकर 12.33 करोड़ रह गई यानी 1.02 करोड़ नाम हटाए गए हैं। बंगाल में 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाने के लिए चिह्नित किए गए हैं। वहीं राजस्थान में 41.85 लाख और पुडुचेरी में 85 हजार वोटर्स के नाम काटे गए हैं। इसके साथ ही घर-घर जाकर जानकारी जुटाने का काम पूरा हो गया है। अब आगे दावा, आपत्ति और सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होगी। एसआईआर का दूसरा चरण फरवरी 2026 तक चलेगा और अंतिम वोटर लिस्ट 14 फरवरी 2026 को जारी होगी। इसके साथ ही गोवा और लक्षद्वीप में भी वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशित की जाएगी।

## ममता का बचाव कर अभिषेक ने कहा... झुकता वहीं है जिसमें जान है, वरना अकड़ मुर्दों की पहचान



**कोलकाता (एजेंसी)।** मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कोलकाता दौरे के दौरान हुई अव्यवस्था और उस पर मची राजनीतिक हलचल ने राज्य का पारा चढ़ा रखा है। वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने उत्तर प्रदेश के कुंभ मेला और अन्य राज्यों की घटनाओं का उदाहरण देकर पश्चिम बंगाल सरकार का बचाव किया है।

सांसद अभिषेक बनर्जी ने भाजपा शासित राज्यों में हुई दुर्घटनाओं (जैसे कुंभ और दिल्ली रेलवे स्टेशन की भगदड़) का जिक्र कर कहा कि वहां किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली। उन्होंने ममता बनर्जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना के एक घंटे के भीतर माफी मांग ली। उन्होंने इसके लिए एक शेर का उपयोग किया कि झुकता वहीं है जिसमें जान है, वरना अकड़ मुर्दों की पहचान है। उनके अनुसार, जवाबदेही तय करना ही टीएमसी की जीत का कारण है। दरअसल मेसी का गोटा टूर 2025 कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अव्यवस्था का शिकार हो गया था। फुटबाल प्रशंसकों का आरोप है कि मैदान पर वीआईपी और राजनेताओं की अत्यधिक भीड़ के कारण आम दर्शक मेसी को देख नहीं पाए। टिकट खरीदने के बावजूद मेसी की झलक न मिलने पर प्रशंसकों ने स्टेडियम में तोड़फोड़ की। आयोजकों पर सुरक्षा और समन्वय की कमी के गंभीर आरोप लगे। विवाद बढ़ने के बाद राज्य सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। ममता सरकार में खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने नैतिक जिम्मेदारी लेकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। घटना की जांच के लिए चार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की एक विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाई गई है। डीजीपी राजीव कुमार को 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

# पाकिस्तान के कुख्यात डॉन भट्टी ने दी नीतीश को धमकी... हिजाब मामले में माफी मांगे ले

**पटना, (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के चेहरे से हिजाब खींचने के विवाद में अब पाकिस्तानी डॉन भी कूद गया है। पाकिस्तान के कुख्यात डॉन शहजाद भट्टी ने वीडियो जारी कर धमकी दी है कि सीएम नीतीश माफी मांग लें वरना फिर ये मत कहना है कि चेतावनी नहीं दी।

दरअसल पटना में नवनियुक्त एक आयुष चिकित्सक तब असहज हो गई, जब मुख्यमंत्री नीतीश ने नियुक्ति पत्र प्रदान करने के दौरान उनके चेहरे से हिजाब हटा दिया। घटना का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। यह घटना मुख्यमंत्री सचिवालय 'संवाद' में एक कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां एक हजार से अधिक आयुष



चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे थे।

नियुक्ति पत्र देने के दौरान जब नुसरत परवीन की बारी आई, जो चेहरे पर हिजाब डाले हुई थीं, तब 75 वर्षीय मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताकर कहा, ÷यह क्या है?÷ इसके बाद मुख्यमंत्री उनके चेहरे से हिजाब हटा दिया। घबराई हुई नवनियुक्त चिकित्सक को इसके बाद वहां मौजूद एक अधिकारी ने तुरंत एक ओर कर दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री के बगल में खड़े उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उन्हें रोकने के प्रयास में उनकी आस्तीन खींचते हुए नजर आए। इस पर पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने अपना वीडियो जारी कर कहा है कि सभी लोगों ने देखा होगा कि बिहार में क्या हुआ। एक बड़े पद पर बैठा व्यक्ति एक मुस्लिम महिला के साथ व्यवहार करता है। फिर बाद में मुझपर आरोप लगाए जाते हैं कि भट्टी ने यह कर दिया, वह कर दिया। उस व्यक्ति के पास अभी भी समय है कि वह उस बच्ची और उस महिला से माफी मांगे। अगर आज माफी नहीं मांगी गई, तब जिम्मेदार संस्थानों को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। बाद में यह मत कहना है कि चेतावनी नहीं दी गई थी। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शहजाद भट्टी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का रहने वाला है।

## उत्तर और पूर्वी भारत में घना कोहरा, उड़ानों में देरी की संभावना– मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर और पूर्वी भारत के कई हिस्से इस समय घने कोहरे की चपेट में हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि दृश्यता कम होने के कारण सड़क और हवाई यातायात पर असर पड़ सकता है। इंडिगो एयरलाइन ने मंगलवार रात को यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की। इंडिगो ने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उड़ान संचालन में बदलाव किया जा सकता है। एयरलाइन की टीमें एयरपोर्ट पर पूरी तरह तैयार हैं और वे फ्लाइट शेड्यूल को अपडेट करने तथा यात्रियों की मदद के लिए काम कर रही हैं। या ?त्रियों को सलाह दी जाती है ?कि घने कोहरे के कारण सड़क यातायात प्रभावित हो सकता है, इसलिए समय से पहले एयरपोर्ट पहुंचें, फ्लाइट की सही टाइमिंग और अपडेट के लिए इंडिगो की आधिकारिक वेबसाइट या ऐप चेक करें एवं किसी भी असुविधा या जानकारी के लिए एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ से संपर्क करें।

# भाबीजी घर पर हैं 2.0 में अपनी वापसी पर शिल्पा शिंदे ने कहा- आपकी असली भाबीजी इज बैक



**मुंबई (एजेंसी)।** एण्डटीवी दर्शकों के लिए यादों और उत्साह की नई लहर लेकर आ रहा है, क्योंकि शिल्पा शिंदे एक बार फिर अंगूरी भाबी के रूप में अपनी लोकप्रिय भूमिका के साथ वापसी कर रही हैं। भाबीजी घर पर हैं 2.0 का प्रसारण 22 दिसंबर से, सोमवार से शुक्रवार रात 10:30 बजे, एण्डटीवी और हिंदी 5 पर किया जाएगा। करीब एक दशक बाद शिल्पा शिंदे उस किरदार में लौट रही हैं, जिसने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई थी। हाल ही में रिलीज हुआ प्रोमो पहले ही दर्शकों के दिलों को छू चुका है। नए प्रोमो में ह्यभाबीजी घर पर हैं 2.0 की झलक देखने को मिलती है, जहां अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव), विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) और मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौड़) रहस्यमयी कस्बे घूंघटगंज की ओर बढ़ते नजर आते हैं- एक ऐसी जगह, जहां परंपरा और रहस्य का अनोखा मेल है। इसी सफर के दौरान दर्शकों को एक भावुक और खास सरप्राइज मिलता है, जब अंगूरी भाबी की एंट्री होती है। इसके साथ ही शिल्पा शिंदे की धमाकेदार वापसी होती है और शो के नए अध्याय की शुरूआत होती है, जिसमें कॉमेडी, हंगामा और अनपेक्षित मोड़ भरपूर होंगे। शिल्पा शिंदे को दोबारा अंगूरी भाबी के रूप में देखकर दर्शकों की पुरानी यादें ताजा हो गई हैं। प्रोमो को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया इस बात का सबूत है कि यह किरदार आज भी दर्शकों के दिलों में जिंदा है। प्रोमो को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया और करीब 10 साल बाद शो में लौटने को लेकर अपनी भावनाएं साझा करते हुए शिल्पा शिंदे कहती हैं, 10 साल बाद अंगूरी भाबी के रूप में वापस आना मेरे लिए बहुत बड़ा पल है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस किरदार में दोबारा लौटूंगी, लेकिन जिंदगी कभी-कभी हमें वहीं वापस ले आती है, जहां हम सच में जुड़ाव महसूस करते हैं। मुझे कभी नहीं लगा कि अंगूरी भाबी मुझसे अलग हुई हों। लोग आज भी मुझे सोशल मीडिया और असल जिंदगी में अंगूरी भाबी ही कहते हैं। कई बार लोग मुझसे पूछते थे-आप अंगूरी भाबी बनकर कब आओगी? आज मैं उनसे कहना चाहती हूं-आपकी असली अंगूरी भाबी इज बैक (हंसते हुए)। वह आगे कहती हैं, इस वापसी को और खास बनाता है पूरी टीम का प्यार।

# धर्मांतरण कानून पर रोक ! राज्यपाल ने लौटा दिया उम्रकैद की सजा वाला बिल

**देहरादून (एजेंसी)।** जबरन धर्मांतरण के मामलों में सजा का दायरा बढ़ाने से जुड़े उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक 2025 को फिलहाल मंजूरी नहीं मिल सकी है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने इस विधेयक को पुनर्विचार के संदेश के साथ राज्य सरकार को वापस भेज दिया है। बताया जा रहा है कि विधेयक के मसौदे में कुछ तकनीकी खामियों के कारण यह निर्णय लिया गया। विधायी विभाग को यह विधेयक मंगलवार को प्राप्त हुआ।

सरकार के सामने अब इस विधेयक को लागू करने के लिए सीमित विकल्प रह गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, या तो सरकार अध्यादेश के जरिए इसे प्रभावी बनाए, अथवा अगले विधानसभा सत्र में इसे संशोधनों के साथ दोबारा पारित कराए। धामी सरकार के लिए यह विधेयक काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके जरिए जबरन और



छल-बल से होने वाले धर्मांतरण पर सख्ती बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।राज्य में धर्म स्वतंत्रता कानून का इतिहास पहले से रहा है। वर्ष 2018 में पहली बार उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) कानून लागू किया गया था। इसके बाद वर्ष 2022 में इसमें संशोधन कर सजाओं को और कठोर बनाया गया। हाल के वर्षों में सामने आए मामलों को देखते हुए सरकार ने 13 अगस्त 2025 को कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर नए संशोधन विधेयक को मंजूरी दी। यह विधेयक 20 अगस्त को गैरसैंण में आयोजित विधानसभा सत्र में पारित भी हो गया था, जिसके बाद इसे राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा गया।

### सजा और प्रावधानों में बड़े बदलाव

नए विधेयक में छल, दबाव या प्रलोभन से धर्मांतरण कराने पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। अब ऐसे मामलों में कोई भी व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकेगा, जबकि पहले यह दायरा केवल खून के रिश्तों तक सीमित था। सामान्य धर्म परिवर्तन के मामलों में जेल की सजा को बढ़ाकर तीन से दस वर्ष कर दिया गया है, जो पहले दो से सात वर्ष थी। इसके अलावा जिलाधिकारी को गैंगस्टर एक्ट की तर्ज पर संपत्ति कुर्क करने का अधिकार देने का प्रस्ताव है। विवाह का झांसा देकर, हमला, षड्यंत्र, नाबालिगों की तस्करी, दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों के जरिए धर्मांतरण कराने पर न्यूनतम 20 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान रखा गया है। ऐसे मामलों में दोषियों पर दस लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकेगा।

# बॉन्डी बीच पर हमला करने वाला साजिद हैदराबाद का रहने वाला

**–तेलंगाना पुलिस ने किया खुलासा, रोजगार की तलाश में चला गया था आस्ट्रेलिया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय के हनुक्का कार्यक्रम में हुए आतंकी हमले ने दुनिया को हिलाकर रख दिया है। इस हमले में 15 लोगों की मौत और दर्जनों लोग घायल हो गए थे। भारत से लेकर ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस तक कई एजेंसियां इस आतंकी साजिश के तार खंगालने में जुटी हैं। शुरुआती रिपोर्ट्स में हमलावरों को पाकिस्तानी मूल का बताया था, लेकिन भारत के तेलंगाना पुलिस के मुताबिक साजिद अकरम मूल रूप से हैदराबाद का रहने वाला था और उसने वहीं से बीकॉम की पढ़ाई पूरी की थी।

वर्ष 1998 में रोजगार की तलाश में ऑस्ट्रेलिया चला गया था और बीते करीब 27 सालों से उसका भारत से कोई संबंध नहीं रहा। पुलिस के मुताबिक साजिद ने इस दौरान केवल छह बार भारत आया यहां तक कि पिता के निधन के समय भी वह भारत नहीं आया। तेलंगाना पुलिस ने साफ किया है कि इस हमले के पीछे भारत या तेलंगाना से जुड़ा कोई स्थानीय लिंक नहीं है और कट्टरपंथी विचारधारा के सूत्र विदेश में ही विकसित हुए हैं।

तेलंगाना पुलिस के मुताबिक साजिद अकरम के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था, लेकिन भारत से उसका रिश्ता सीमित था। पुलिस के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद वह केवल छह बार ही भारत आया और वह भी मुख्य रूप से संपत्ति से जुड़े कामों या बुजुर्ग माता-पिता से मिलने के लिए। ऑस्ट्रेलिया में बसने के बाद साजिद ने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की। उनके दो बच्चे हुए, जिसमें एक बेटा नावेद अकरम और एक बेटी है। दोनों बच्चे ऑस्ट्रेलिया में जन्मे और ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं।

बता दें 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का समारोह के दौरान हुए आतंकी हमले में साजिद और उसके बेटे नावेद अकरम ने गोलीबारी की। इस हमले में 15 लोगों की मौत हुई और 42 से ज्यादा लोग घायल हुए। पुलिस मुठभेड़ में साजिद मारा गया, जबकि नावेद गंभीर रूप से घायल अवस्था में पुलिस हिरासत में है। जांच में सामने आया है कि हमले से कुछ हफ्ते पहले साजिद और नावेद फिलीपींस गए थे। वे 1 नवंबर 2025 को सिडनी से फिलीपींस पहुंचे और 28 नवंबर को वापस लौटे। उन्होंने मिंडानाओ के दावाओ क्षेत्र की यात्रा की थी, जो पहले आईएस से जुड़े आतंकी नेटवर्क के लिए जाना जाता रहा है। बॉन्डी बीच हमला ऑस्ट्रेलिया में पिछले करीब 30 सालों का सबसे बड़ा और सबसे घातक हमला माना जा रहा है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**